


11:01:2024

web: www.rashtriyakhabar.com

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 15 अंक ›› 011 | epaper.rashtriyakhabar.com | पौष, कृष्णपक्ष अमावस्या, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

न देवा दंडमादाय रक्षंति पशुपालवत्।

यन्तु रक्षितुनिच्छन्ति बुद्धया संयोजयन्ति तम॥

भावार्थ : जैसे चरवाहा डंडा लेकर पशुओं की रक्षा के लिए उनके साथ चलता है, देवता वैसा नहीं करते। वे जिसकी रक्षा करना चाहते हैं उसे सद्बुद्धि देते हैं।

### रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 23.00 °c | 13.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17.20 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 06.32 बजे

## मंदिर के निमित्त सौंपा गया 2400 किलो का घण्टा

**अयोध्याः** एटा के जलेसरवासियों की तरफ से बुधवार को राम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट को 2400 किलो का घण्टा सौंपा गया। दावा किया जा रहा है कि एक ही ढलाई में बने इस घंटे की आवाज़ दस किलोमीटर तक जाएगी। इसके साथ ही इक्यावन किलो के सात और घंटे भी सौंपे गए। पांच सौ रामभक्तों के साथ अयोध्या आए आदित्य मित्तल, मनोज, रिशांक, प्रशांत मित्तल आदि पहुंचे। इन लोगों ने कारसेवकपुरम पहुंचकर मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय, विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक दिनेश चंद्र, राजेन्द्र सिंह पंकज आदि को सभी घंटे मंदिर के निमित्त सौंपे।

## टीएसपीएससी अध्यक्ष और सदस्यों के इस्तीफे स्वीकार

हैदराबादः तेलंगाना राज्य लोक सेवा आयोग (टीएसपीएससी) के अध्यक्ष बी जनार्दन रेड्डी और तीन सदस्यों, आर सत्यनारायण, प्रोफेसर बंदी लिंगा रेड्डी एवं करम रविंदर रेड्डी, के इस्तीफे स्वीकार करने के संबंध में हालिया गलत सूचना तथा चिंताओं पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन ने व्यापक स्पष्टीकरण जारी किया है। अटकलों के विपरीत सुश्री सुंदरराजन ने टीएसपीएससी के अध्यक्ष और तीन अन्य सदस्यों द्वारा प्रस्तुत इस्तीफे को तुरंत स्वीकार कर लिया। इस्तीफे प्राप्त होने पर व्यावसायिक नियमों के अनुसार राज्यपाल ने मामले की गहन जांच सुनिश्चित करने के बाद तथा मुख्यमंत्री के माध्यम से टिप्पणियों और महाधिवक्ता की राय के साथ फाइल को प्रसारित करने के लिए उन्हें राज्य सरकार के पास भेज दिया।

## सुप्रीम कोर्ट ने वेतन आयोग की सिफारिशें स्वीकार की

**नयी दिल्लीः** उच्चतम न्यायालय ने द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग की सिफारिशें स्वीकार करते हुए इसके कार्यान्वयन की निगरानी के लिए सभी उच्च न्यायालयों में एक समिति गठित करने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि यह गंभीर चिंता का विषय है कि अन्य सेवाओं के अधिकारियों ने एक जनवरी 2016 तक अपनी सेवा शर्तों में संशोधन का लाभ उठाया, लेकिन न्यायिक अधिकारियों से संबंधित ऐसे ही मुद्दे आठ साल बाद भी अंतिम निर्णय का इंतजार कर रहे हैं। पीठ ने कहा कि इस बात पर जोर देने की जरूरत है कि न्यायाधीशों को उनके कार्यकाल के दौरान और सेवानिवृत्ति के बाद भी सुविधाएं प्रदान करना न्यायपालिका की स्वतंत्रता से जुड़ा है।

## संगम तट पर साइबेरियन पक्षी

**प्रयागराजः** दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मेले के दौरान गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के त्रिवेणी तट पर संयम, श्रद्धा एवं कायाशोधन का कल्पवास करने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत करने के लिए साइबेरियन पक्षियों का जमावड़ा शुरू हो गया है। माघ मेला क्षेत्र में कल्पवासियों के हवन, पूजन, साधु-संतों के प्रवचन से जिस प्रकार पूरे मेला क्षेत्र में आध्यात्मिकता का वातावरण बना रहता है उसी प्रकार दूर देश से प्रयागराज पहुंचे साइबेरियन पक्षियों के संगम के जल में कलरव और अठखेलियों से तट गुलजार हो गया है। ऐसा लगता है कल्पवासियों की तरह साइबेरियन पक्षियों का भी एक मास का कल्पवास शुरू होगा। देश के कोने-कोने से संगम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही ये साइबेरियन पर्यटक भी हजारों मील से उड़कर यहां पहुंचे हैं। संगम के जल पर विदेशी मेहमानों के कलरव और अठखेलियों को देखकर पर्यटक एवं श्रद्धालु आनन्द की अनुभूति महसूस करते हैं।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**शुभारंभ** › वाइब्रेंट गुजरात के समारोह के उदघाटन में बोले प्रधानमंत्री

# अर्थव्यवस्था की मजबूती सुधारों का परिणाम : मोदी

- देश में विकास की अपार संभावनाएं
- देश शीर्षस्थ तीन अर्थव्यवस्था बनेगा
- तेरह करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले



राष्ट्रीय खबर

**गांधीनगरः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को विश्वास जताया कि भारत अगले कुछ वर्षों में दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में स्थान बना लेगा और भारतीय अर्थव्यवस्था की आज दिख रही मजबूती उनकी सरकार के 10 साल के बुनियादी आर्थिक सुधारों का परिणाम है। श्री मोदी 10 वें वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन का उद्घाटन कर रहे थे। उन्होंने सम्मेलन में दुनियाभर से जुटे राजनेताओं, नीति-नियामकों और उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक भरोसेमंद भागीदार है और दुनिया इसे स्थिरता के एक मजबूत स्तंभ के रूप में देख रही है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत का बैंकिंग क्षेत्र आज दुनिया के सबसे मजबूत बैंकिंग क्षेत्रों में से एक है। सरकार ने 40 हजार से अधिक औपचारिकताओं को खत्म कर भारत में कारोबार करना आसान बनाया है तथा माल और सेवा कर (जीएसटी) के लागू करने से करों का जाल खत्म हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि भारत में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के विविधीकरण का एक अच्छा वातावरण बना है। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था के तेजी से हो रहे विस्तार के बारे में कहा, दस साल पहले भारत 11वें स्थान पर था, आज दुनिया की हर प्रमुख रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि देश कुछ वर्षों में दुनिया की शीर्ष-3 अर्थव्यवस्थाओं में आ जाएगा। दुनिया के लोग जो विशेषण करते रहें, मेरी गारंटी है कि यह होकर रहेगा।

श्री मोदी ने कहा कि सरकार नए दौर के कौशल, भविष्य की प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा (एआई) और नव-प्रवर्तन को बढ़ावा दे रही है। देश ग्रीन हाइड्रोजन, नवीकरणीय ऊर्जा और सेमीकंडक्टर उद्योग को प्रोत्साहन करने के लिए पारिस्थितिकी तंत्रिका विकास कर रहा है। भारत में

›› पेज 2 भी देखें

### मोदी ने विकसित भारत की बुनियाद रख दी है: मुकेश अंबानी

गांधीनगर : देश के सबसे धनी उद्यमी एवं रिलायंस उद्योग समूह के प्रमुख मुकेश अंबानी ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को अमृतकाल (2047 तक) में विकसित देश बनाने की मजबूत आधारशिला रख दी है और कोई भी ताकत देश की अर्थव्यवस्था को उस समय तक 35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने से नहीं रोक सकती। श्री अंबानी वाइब्रेंट गुरजरात सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे, जिसमें श्री मोदी भी उपस्थित थे। श्री अंबानी ने इस अवसर पर गुजरात के साथ अपने संबंधों को गहराई से उभारा और कहा कि गुजरात भी खुद 2047 तक तीन लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था हो जाएगा, जो भारत की अर्थव्यवस्था के आकार से थोड़ा ही कम होगा। रिलायंस समूह के प्रमुख ने कहा, आने वाली पीढ़ी निश्चित रूप से राष्ट्रवादी और अंतरराष्ट्रीयतावादी-दोनों होने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की आभारी होगी। आपने विकसित भारत की ठोस बुनियाद रख दी है, दुनिया की कोई भी ताकत 2047 तक भारत को 35 ट्रिलियन डॉलर (35 लाख करोड़ डॉलर) की अर्थव्यवस्था बनने से नहीं रोक सकती। गुजरात को अपनी मातृभूमि और कर्मभूमि बताते हुए श्री अंबानी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में रिलायंस ने देश में करीब 12 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है और इसमें से एक तिहाई से अधिक का निवेश अकेले गुजरात में किया गया है। सात करोड़ गुजरातियों के सपने पूरे करने के लिए रिलायंस कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

नेताओं की गलतबयानी से मालदीव का कारोबार हुआ चौपट

## भारतीयों के बहिष्कार से उड़ान और होटल खाली



राष्ट्रीय खबर

**नई दिल्लीः** मालदीव को पर्यटन आय के अपने सबसे बड़े स्रोतों में से एक से बहिष्कार का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उसके तीन अधिकारियों ने भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का मजाक उड़ाया था, जिसके बाद भारतीय नागरिकों और मशहूर हस्तियों ने घरेलू समुद्र तटों के लिए धूप में निकलने से बचने के लिए आह्वान किया था। यह विवाद तब खड़ा हुआ जब मोदी ने सोशल प्लेटफॉर्म पर लक्ष्यद्वीप की तस्वीरें पोस्ट की। मोदी ने अपने पोस्ट में भारत के सुरम्य पड़ोसी मालदीव का उल्लेख नहीं किया, लेकिन कम-ज्ञात द्वीपसमूह के सुंदर दृश्यों की उनकी प्रशंसा को मालदीव के बजाय लोगों को छुट्टियों के लिए आकर्षित करने के एक आकर्षण के रूप में देखा जा सकता है। मालदीव के तीन मंत्रियों ने उनके पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए मोदी को जोकर, आतंकवादी और इजरायल की कठपुतली बताया। मालदीव के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि मालदीव सरकार ने तुरंत उनकी टिप्पणियों से दूरी बना ली और तीन अधिकारियों - युवा रोजगार, सूचना और कला मंत्रालय के उप मंत्रियों - को निलंबित कर दिया। एक बयान में, मालदीव सरकार ने कहा कि वह सोशल मीडिया पर की गई अपमानजनक टिप्पणियों से अवगत है, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि राय व्यक्तिगत हैं और सरकार के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करती हैं। लेकिन तब तक इस पर भारत में चर्चा प्रारंभ हो चुकी थी और सोशल मीडिया पर बॉयकॉट मालदीप ट्रेंड करने लगा। कई बड़ी कंपनियों ने तुरंत ही तमाम बुकिंग रद्द कर दी। इस वजह से मालदीव जाने वाले अनेक भारतीयों ने भी अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया। बता दें कि मालदीव देश दरअसल पर्यटन पर भी निर्भर है और पर्यटन से उसकी आय का सबसे बड़ा हिस्सा भारत से आता है। मालदीव की पर्यटन वेबसाइट के अनुसार, पिछले साल दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश के उष्णकटिबंधीय समुद्र तटों पर पर्यटकों का सबसे बड़ा समूह आया था।

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने किया अनुमति से इंकार

## राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा इंफाल से नहीं

- विधि व्यवस्था का मुद्दा उठाया गया
- कांग्रेस ने कहा यात्रा हर हाल में होगी
- इस बार की यात्रा सिर्फ पैदल नहीं होगी



राष्ट्रीय खबर

**नई दिल्लीः** राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा का प्रारंभ शायद मणिपुर से नहीं हो पायेगा। यह यात्रा पिछले साल के भारत जोड़ो यात्रा का अनुवर्ती है। जिसकी वजह से कांग्रेस ने तेलेंगना में चुनावी जीत दर्ज की है। भाजपा के नेतृत्व वाली मणिपुर सरकार ने पूर्व-लॉन्च सार्वजनिक रैली के लिए अनुमति से इनकार कर दिया। कांग्रेस की तरफ से इंफाल के पूर्वी जिला के ऐतिहासिक पोलो ग्राउंट से इस यात्रा को प्रारंभ करने की योजना बनायी गयी थी। अब पार्टी के सूत्रों के मुताबिक ऐसा प्रस्ताव दिया गया है कि सिर्फ चंद लोगों के साथ ही यहां से मार्च की अनुमति दी जा सकती है। सरकार ने इसके लिए राज्य के कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं होने की दलील दी है।

कांग्रेस, हालांकि, जब वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने प्रेस से बात की। उन्होंने कहायह कोई राजनीतिक यात्रा नहीं है। हम तो देश के लोगों के लिए न्याय की मांग पर यह यात्रा निकाल रहे हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस की राज्य इकाई ने पुलिस की मंजूरी का अनुरोध किया था, लेकिन यह कहते हुए कि झटके पार्टी को रोक नहीं पाएंगे और इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं किया जाएगा। यह एक राजनीतिक रैली नहीं है। हम तमाशा बनाने में रुचि नहीं रखते हैं, हम अभी भी इसे करेंगे, लेकिन एक नई जगह में। वैसे अब तक कांग्रेस की तरफ से यह एलान नहीं किया गया है कि वहां की अनुमति नहीं मिलने की स्थिति में यात्रा को कहां से प्रारंभ किया जाएगा।

इससे पहले मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के प्रशासन ने कानून और व्यवस्था की स्थिति के संदर्भ में संबंधित

›› पेज 2 भी देखें

### मोदी ने संसद को अभिनंदन, तालियों का मंच बना दिया है: खड़गे



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद को अभिनंदन और तालियों का मंच बना दिया है और यह स्वीकार्य नहीं है इसलिए जनता से जुड़े मुद्दों को उठाने के लिए कांग्रेस पार्टी को जनता के बीच जाना होगा। श्री खड़गे ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा और आगामी लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में आज यहां आयोजित पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक में यह बात कही। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में आम आदमी के मुद्दों पर ध्यान नहीं देने और निर्वाचित विपक्षी सदस्यों को अपनी आवाज उठाने से चुप कराने के लिए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, आप सभी इस तथ्य से अवगत हैं कि देश को बदलाव की जरूरत है तथा इसे संभव बनाने के लिए हमें जमीनी स्तर पर दिन-रात काम करना होगा और लोगों का विश्वास जीतना होगा। राहुल गांधी ने सामाजिक, वित्तीय न्याय, मूल्य वृद्धि, बेरोजगारी, जाति-आधारित जनगणना और देश के लोगों के सामने आने वाले अन्य मुद्दों को उठाने के लिए यात्रा को चुना है। उन्होंने जोर दिया कि आज स्थिति अलग है और विपक्ष इंडिया गठबंधन के रूप में एकजुट है। इस एकजुटता से भाजपा में भ्रम की स्थिति देखी जा सकती है तथा उसे अब विपक्षी गठबंधन की ताकत का एहसास हो गया है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पास देश को बताने के लिए कोई सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि उसने देश की पिछले 70 साल में अर्जित सारी संपत्ति अपने कुछ चुनिंदा दोस्तों को देकर बर्बाद कर दी है। उन्होंने कहा कि जहां तक सीट बंटवारे का सवाल है तो गठबंधन में इस विषय पर प्रगति हुई है। उन्होंने सभी पार्टी नेताओं से मतदाताओं से मिलने और उनसे बात करने का आग्रह किया।

हथियारबंद उग्रवादियों की तरफ से अब भी सेना पर फायरिंग

## मोरेह के पास गांव से दो सौ ग्रामीण हटाये गये

- ग्रामीणों का राज्य पुलिस पर आरोप
- आतंकवादी पुलिस की वर्दी में आते हैं
- गांवों पर बार बार हमला किया जा रहा है



राष्ट्रीय खबर

**नई दिल्लीः** मणिपुर के सीमावर्ती शहर मोरेह में लगातार दूसरे दिन सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच झड़प हुई। गोलीबारी से एक बार फिर तनाव बढ़ गया है और संघर्षग्रस्त राज्य के निवासियों में दहशत फैल गई है। म्यांमार सीमा पर स्थित मोरेह, सुरक्षा बलों पर आतंकवादियों द्वारा किए गए सिलसिलेवार हमलों के बाद हाई अलर्ट पर था, खासकर मणिपुर पुलिस कमांडो को निशाना बनाकर। रिपोर्ट के अनुसार, गोलीबारी शुरू में रविवार देर रात शुरू हुई, जो रात भर के लिए रुकी और सोमवार को सुबह 8:15 बजे से दोपहर 1:30 बजे के बीच फिर से शुरू हुई। हालिया भड़की हिंसा के कारण ग्रामीणों को अपने घर खाली करने पड़े हैं, रिपोर्टों के अनुसार कई स्थानों पर गोलीबारी हुई है। सोमवार की गोलीबारी न्यू मोरेह, लांगकिचोई और सियोन वेंग में तीन स्थानों पर हुई।

स्थानीय लोगों ने बताया कि आतंकवादी खुद को सुरक्षा बल बता रहे थे और उन्होंने कुकी गांवों पर गोलीबारी की। गोलीबारी शुरू होते ही करीब 200 ग्रामीण अपने घर छोड़कर चले गये। वे वर्तमान में शहर के दूसरे हिस्से में एक इमारत में रह रहे हैं। ग्रामीणों को बताया गया है कि गोलीबारी बंद हो गई है, लेकिन हम गोलीबारी में फंसना नहीं चाहते, इसलिए हम वापस नहीं लौट रहे हैं, मोरेह के हिल ट्राइबल काउंसिल (एचटीसी) की यूनिट 8 (न्यू मोरेह) के अध्यक्ष के मिनलुन टुथांग ने कहा।

रविवार शाम को मोरेह बाजार के पास सुरक्षाकर्मियों की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ हो गई, जिसमें कम से कम 10 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। जिले में कुकी

›› पेज 2 भी देखें

**अचंभित** › उत्तरी ग्रीनलैंड में मिले जीवाश्म देख वैज्ञानिक हैरान

# विशाल आकार के शिकारी कीड़े थे प्राचीन काल में

- पानी में रहता था यह विशाल प्राणी
- इसका नाम भी आतंकवादी रखा गया
- पानी में तैरने वाला प्राणी भी था यह



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** प्राचीन धरती में डायनासोर और उसकी अलग अलग प्रजातियों के बारे में हम पहले से जानते हैं। यह भी पता चल चुका है कि आसमान पर उड़ने वाले विशाल पक्षी थे तो पानी में दानवाकर मगरमच्छ भी थे। पहली बार किसी विशाल आकार के शिकारी कीड़े का पता चला है। जांच में पाया गया है कि यह जीवाश्म आधा अरब वर्ष पहले का है। पशु शिकारियों के एक नए समूह के जीवाश्म उत्तरी ग्रीनलैंड के अर्ली कैंब्रियन सीरियस पाससेट जीवाश्म इलाके में पाए गए हैं। ये बड़े कीड़े शायद सबसे शुरूआती मांसाहारी जानवरों में से कुछ हो सकते हैं, जिन्होंने

›› पेज 2 भी देखें

### एरो वर्म कैंब्रियन के सबसे पुराने पशु जीवाश्मों में से एक हैं

शोध से पता चलता है कि ये प्राचीन महासागर पारिस्थितिकी तंत्र एक खाद्य श्रृंखला के साथ काफी जटिल थे जो शिकारियों के कई स्तरों को अनुमति देते थे। तिमोरबेस्टिया अपने समय के दिग्गज थे और खाद्य श्रृंखला के शीर्ष के करीब रहे होंगे। यह इसे आधुनिक महासागरों के कुछ शीर्ष मांसाहारियों, जैसे कि कैंब्रियन काल में शार्क और सील के बराबर महत्व देता है। टिमोरेबेस्टिया के जीवाश्म पाचन तंत्र के अंदर, शोधकर्ताओं को आइसोक्सिस नामक एक सामान्य, तैराकी आर्थ्रोपीड के अवशेष मिले। ब्रिस्टल के पूर्व पीएचडी छात्र और वर्तमान अध्ययन का हिस्सा मोर्टेन लुंडे नीलसन ने कहा, हम देख सकते हैं कि ये आर्थ्रोपीड कई अन्य जानवरों के भोजन का स्रोत थे। वे सीरियस पाससेट में बहुत आम हैं और उनकी लंबी सुरक्षात्मक रीढ़ थीं, जो आगे और पीछे की ओर इशारा करती थीं। हालांकि, वे स्पष्ट रूप से उस भाग्य से बचने में पूरी तरह से सफल नहीं हुए, क्योंकि तिमोरेबेस्टिया ने उन्हें बड़ी मात्रा में खाया था। एरो वर्म कैंब्रियन के सबसे पुराने पशु जीवाश्मों में से एक हैं। जबकि आर्थ्रोपीड जीवाश्म रिकॉर्ड में लगभग 521 से 529 मिलियन वर्ष पहले दिखाई देते हैं, एरो वर्म कम से कम 538 मिलियन वर्ष पहले के समय में पाए जा सकते हैं। डॉ. विन्थर ने समझाया: तीर के कीड़े और अधिक आदिम तिमोरेबेस्टिया दोनों तैरने वाले शिकारी थे। इसलिए हम अनुमान लगा सकते हैं कि पूरी संभावना है कि वे शिकारी थे जो आर्थ्रोपीड्स के अस्तित्व में आने से पहले महासागरों पर हावी थे। शायद उनका राजवंश लगभग 10-15 था मिलियन वर्ष पहले उन्हें अन्य, और अधिक सफल, समूहों द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया था।

दौरा कर योगी ने कहा सफाई कुंभ मेले के जैसी रहे

## राम जन्मभूमि मंदिर में लगा पहला स्वर्ण द्वार

- सोशल मीडिया में इन तस्वीरों की धूम
- बड़े आकार के स्वर्ण द्वार और लगेंगे
- सफाई पर सीएम योगी का है ध्यान



राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्लीः** मंगलवार को अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर में पहला स्वर्ण द्वार स्थापित किया गया है। उसी की एक तस्वीर जारी की गई है और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यापक रूप से साझा की गई है। अगले तीन दिनों के भीतर राम मंदिर में गर्भगृह के बड़े आकार के द्वार सहित 13 सुनहरे दरवाजे स्थापित किए जाएंगे। तस्वीर में दिखाया गया है जो सामने आया है, उसमें

›› पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### आईआईएम के मेस का ठेका फ्रांस की कंपनी को

रांची: देश में अपनी प्रतिष्ठित रैंकिंग के लिए मशहूर भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची ने एक आश्चर्यजनक कदम उठाते हुए अपने मेस संचालन का ठेका सुडिस्को नाम की एक फ्रांसीसी कंपनी को दिया है। इस कदम से विवाद खड़ा हो गया है और निविदा प्रक्रिया के दौरान स्थानीय कंपनियों के मुकाबले विदेशी कंपनियों को प्राथमिकता देने पर सवाल खड़े हो गए हैं। आउटलुक आईसीएआरई के भारत के सर्वश्रेष्ठ बी-स्कूल-2024 में सातवें और एनआईआरएफ में 21वें स्थान पर रहे आईआईएम रांची ने हाल ही में मेस के संचालन के लिए निविदा में भाग लेने वाली कंपनियों के लिए शर्तों को कड़ा कर दिया है, जिसके लिए 2000 करोड़ रुपये के वार्षिक कारोबार की आवश्यकता होगी। कथित तौर पर इस शर्त के कारण भारतीय कंपनियों को बाहर कर दिया गया, क्योंकि कोई भी कंपनी निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा नहीं करती थी। इतने बड़े टर्नओवर वाली कुछ कंपनियों में से एक होने के कारण फ्रांसीसी कंपनी सुडिस्को ने अनुबंध हासिल कर लिया। आलोचकों का तर्क है कि यह 'लोकल फॉर वोकल' पहल का खंडन करता है, जिससे पता चलता है कि शर्तें जानबूझकर एक विदेशी कंपनी के पक्ष में निर्धारित की गई थीं।

**निर्देश** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में पुनरीक्षण बोर्ड की बैठक

# आजीवन कारावास की सजा काट रहे 56 कैदी रिहा होंगे

- रिहा होने वालों को योजनाओं से जोड़ें
- रिहाई के बाद भी उनकी जानकारी लें
- बुजुर्ग कैदियों को यथासंभव लाभ मिले



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** झारखंड के विभिन्न जेलों में आजीवन कारावास काट रहे 56 कैदी होंगे रिहा। इस बारे में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खास तौर पर कहा कि रिहा होनेवाले सभी कैदियों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाए। राज्य के विभिन्न जेलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 56 कैदी रिहा किए जायेंगे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 30वीं बैठक में 109 कैदियों की रिहाई के बिंदु पर समीक्षा के बाद यह सहमति बनी। समीक्षा के क्रम में अदालतों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और जिला प्रोबेशन पदाधिकारियों के मंतव्य पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि जो कैदी जेल से रिहा किए जाते हैं, उनकी लगातार ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग होनी चाहिए। इसके अलावा उनके पुनर्वास की दिशा में भी पहल की जाए। ताकि, वे मुख्य धारा में बनें रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्सर देखा गया है कि जेल से जो बुजुर्ग कैदी रिहा रहा किए जाते हैं, उन्हें उनका परिवार अपनाने के लिए आगे नहीं आता है।

ऐसे में इनको सरकार के यूनिवर्सल पेंशन स्कीम से जोड़ा जाए, ताकि उन्हें इस तरह के हालात में उन्हें इधर-उधर भटकना नहीं पड़े। उन्होंने जोर देकर यह भी कहा कि रिहा होने वाले कैदियों को सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाए, ताकि उन्हें जीविकोपार्जन की दिशा में सहूलियत मिल सके।

इस बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया गया कि झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 29वीं बैठक तक 1831 कैदियों की रिहाई हो चुकी है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि वर्ष 2019 से लेकर अब तक 457 कैदियों के घर का जिला प्रोबेशन पदाधिकारियों द्वारा सर्वे कराया जा चुका है।

इनमें से 378 कैदियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया है, जबकि अन्य कैदियों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है। इस बैठक में गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, विधि विभाग के प्रधान सचिव-सह-विधि परामर्शी नलिन कुमार, पुलिस महानिरीक्षक मनोज कौशिक, जेल महानिरीक्षक उमाशंकर सिंह, न्यायिक आयुक्त रांची अरुण कुमार राय, जेल एआईजी हामिद अख्तर और प्रोबेशनर ऑफिसर चंद्रमौली सिंह उपस्थित थे।

# कैंपेन पर भाजपा नेताओं में खलबली पार्टी विथ डिफरेंस के तमगे पर भी सवाल

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** अगले कुछ महीनों में लोकसभा चुनाव होने हैं। प्रदेश भाजपा की हसरत सभी 14 सीटों पर डंका बजाने की है। ऐसे में चुनाव लड़ने की लालसा पार्टी नेताओं में स्वाभाविक है। पर इसे जाहिर करना पार्टी की परंपरा में कतई जायज नहीं माना जाता। इसकी परवाह किये बिना प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा सोशल ह्यमीडिया के जरिये प्रदीप रांची कैंपेन शुरू कर चुके हैं। फेसबुक, ट्विटर और अन्य प्लेटफार्म पर भी यह दिखने लगा है। जाहिराना तौर पर इसका मतलब यह माना जा रहा है कि वे रांची लोकसभा सीट के लिए खुद को रेस में बताने में लगे हैं। पार्टी नेतृत्व को बताना चाह रहे हैं कि वे रांची सीट से ताल ठोंकने को मन बनाये बैठे हैं। हालांकि, उनके इस रवैये को लेकर पार्टी लीडरों के भीतर खलबली का दौर शुरू है। नेताओं, कार्यकताओं के नाक-भौंह टेढ़ा होने लगे हैं। पार्टी विथ डिफरेंस कही जानेवाली भाजपा के एक प्रदेश पदाधिकारी के इस आचरण पर सवालों का दौर भी शुरू होना तय है।

**भाया झारखंड संसद का सफर**

प्रदीप वर्मा मूलतः यूपी से हैं। अभी नामकुम, रांची में संचालित सरला बिरला स्कूल के प्रमुख भी हैं। संयोग से अभी झारखंड में सेवा दे रहे भाजपा के संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह भी यूपी से संबंध रखते हैं। इसी आधार पर पार्टी के लीडर दबी जुबान में कह रहे कि कर्मवीर सिंह के भरोसे ही प्रदीप वर्मा रांची सीट के लिए टिकट पाने की उम्मीद लिये बैठे हैं।

**संजय सेठ के कार्यों से पीएम प्रभावित**

वर्तमान में रांची के सांसद संजय सेठ हैं। नमो विचार मंच, नमो बुक बैंक, नमो खिलौना बैंक, सांसद खेल प्रतियोगिता सहित अन्य पहल के जरिये वे पीएम मोदी से सराहना हासिल कर चुके हैं। सांसदों की बैठक में भी वे उनकी पीठ थपथपा चुके हैं। अब ऐसे में रांची सीट पर एक बार फिर उनकी दावेदारी को कितनी आसानी से खारिज किया जा सकता है, यह समय बतायेगा। माना यही जाता है कि प्रदेश नेताओं और दूसरे माध्यमों से मिले फीडबैक के आधार पर ही भाजपा का शीर्ष नेतृत्व किसी सीट के लिए कैंडिडेट तय करता है। सोशल मीडिया पर कैंपेन या जोरदार उपस्थिति को ही वह आदर्श नहीं मानता। किसी प्रदेश में पार्टी टीम में कोई नेता भले व्यक्ति पूजा या गणेश परिक्रमा कर महत्वपूर्ण पद पर आ जाये पर विधानसभा, लोकसभा के लिए भी उसकी राह बन जायेगी, इसकी गारंटी नहीं।

अनुशासनहीनता और अमर्यादित भाजपा के एक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि सोशल मीडिया साइट्स पर प्रदेश के एक पार्टी पदाधिकारी जो कर रहे हैं, वह आशा के अनुरूप नहीं है।

# बरियातू मंदिर में तोड़फोड़ की कई लोगों ने की निंदा



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** श्रीराम जानकी मंदिर हाउसिंग कालानी बरियातू की मुर्तियों के तोड़े जाने के तीसरे दिन महावीर मण्डल रांची के अध्यक्ष कुणाल आजमानी, डा दिलीप सोनी, श्यामानंद पाण्डेय, अमर नाथ सरकार सहित कई गणमान्य लोगों ने क्षतिग्रस्त मूर्तियों का जायजा लिया और सहयोग करने की प्रतिबद्धता जताई। सभी नेताओं ने घटना को शर्मनाक बताया। इसके साथ ही कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल के विनय सिन्हा दीपू , रमाकांत आनन्द, बिरेंद्र सिंह, आलोक श्रीवास्तव, राजीव कु बक्सी, खुर्शीद हसन,अनवर खान, मुस्लिम मजलिसे ओलमा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुलाह अजहर कासमी, बरियातू रिम्स दुर्गा मंदिर पुजारी और श्रोत्रिय ब्राह्मण महासंघ नगर सचिव अरुण कुमार पाण्डेय, रॉक गार्डन काली मंदिर पूजारी अशोक पाण्डे, रमेश कु पाण्डेय, धर्म गुरु में दिव्य ज्ञान, पं मुकेश चन्द्र गुरु ने भी मंदिर में स्थापित मूर्तियों को तोड़े जाने की निंदा की है। इन सभी लोगों ने मंदिर और मूर्तियां में सहयोग करने की घोषणा की। मौके पर कांग्रेस नेता विनय सिन्हा दीपू ने कहा कि यह घटना निंदनीय है।

# गुंडा टैक्स रोकने के लिए विशेष दस्ते का गठन हुआ

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** राजधानी रांची में गुंडा टैक्स यानी रंगदारी को रोकने को लेकर एंटी एक्सटॉर्शन स्क्वाड का गठन किया गया है। वहीं, संगठित आपराधिक और उग्रवादी संगठनों के नाम पर गुंडई करने वालों को समय रहते उसे सही जगह पहुंचा देने को कहा गया है। एंटी एक्सटॉर्शन स्क्वाड में राजधानी के 9 थानेदारों को रखा गया है, वहीं इसकी मॉनिटेरिंग रांची के सिटी ऊरढ करेंगे। बीते कुछ माह से राजधानी में रंगदारी मांगने की वारदातों में इजाफा हुआ है। कई बार रांची में रहनेवाले लोगों से दुसरे जिलों में रंगदारी डिमांड की बातें रांची पुलिस को पता भी नहीं चल पाती और राजधानी में बड़ा कांड हो जाता है। हर जिले के रढ को आपसी तालमेल से काम करने को कहा गया है। इस बात का खुलासा करते हुये रांची प्रक्षेत्र के उक्कः अनूप बिरथरे ने मीडिया को बताया कि एंटी एक्सटॉर्शन स्क्वाड का काम भयादोहन और रंगदारी की वारदातों पर अंकुश लगाना होगा। टीम में डोरंडा के थानेदार आनंद किशोर प्रसाद, अरगोड़ा के थानेदार बृज कुमार, सुखदेवनगर के थानेदार विनोद कुमार, रातू के थानेदार सपन कुमार महथा, सब इंस्पेक्टर आभाष कुमार रखा गया है।

कांग्रेस के संपर्क में बीजेपी के तीन दिग्गज नेता और पूर्व सांसद

# जमीन तलाशने की हो रही कोशिश

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** 2024 लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है। वैसे-वैसे सियासी सरगर्मी तेज हो रही है। यूं तो लोकसभा चुनाव का शंखनाद बीजेपी की ओर से 7 जनवरी 2023 को ही हो गया था, जब देश के गृह मंत्री अमित शाह चाईबासा आये थे। दूसरी तरफ कांग्रेस के प्रिंस राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा झारखंड से होकर गुजरनेवाली है। इसे कांग्रेस की तरफ से झारखंड के लिए लोकसभा चुनाव का शंखनाद माना जा रहा है। यह यात्रा राज्य के 13 जिलों से होकर गुजरेगी। जिसकी कुल दूरी 804 किलोमीटर लंबी होगी। चुनाव में उतरने के लिए उम्मीदवारों ने दिल्ली में लॉबिंग शुरू कर दी है। जिनका टिकट कन्फर्म है, वो तो राहत की सांस ले रहे हैं। लेकिन वैसे दिग्गज नेता जो कई बार सांसद रह चुके हैं और अब चुनावी रेस से बाहर हैं, वो अपनी जमीन तलाशने की कोशिश कर रहे हैं। फिर से मैदान में उतरने की जुगाड़ में लगे हैं।

**पांच बार सांसद रह चुके हैं रविंद्र पांडेय**

बीजेपी के रवींद्र कुमार पांडेय पांच बार गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीत चुके हैं। उन्होंने 16वीं लोकसभा चुनाव में जेएमएम के जगरनाथ महतो को 40313 मतों से हराया था।

**अब कांग्रेस की बांह थाम सकते हैं रामटहल**

रामटहल चौधरी के राजनीतिक जीवन को शुरूआत 1967 मुखिया से हुई। जिसके बाद विधायक से लोकसभा सदस्य का सफर तय किया। अविभाजित बिहार के समय पहली बार जनसंघ के टिकट पर कांके विधानसभा से 1969 और 1972 में दो बार बिहार विधानसभा के लिए विधायक के रूप में चुने गये।

**राजनीति**

रांची सीट के लिए अभी से जारी है अंदर का महाभारत

# एक अनार सौ बीमार, भाजपा को लगा बुखार

- प्रदीप वर्मा संघ से जुड़े व्यक्ति हैं
- रमेश सिंह सामाजिक संगठनों के हैं
- भैरव सिंह को विहिप का समर्थन प्राप्त

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** फिलहाल विधानसभा चुनाव करीब नहीं होने के बाद भी रांची सीट पर दावेदारी का खेल तेज हो गया है। भारतीय जनता पार्टी के अंदर एक साथ कई दावेदार उभर रहे हैं। सभी ने अपने अपने स्तर पर तैयारियां भी प्रारंभ कर दी है और शहर के सामाजिक समारोहों के जरिए अपनी दमदार मौजूदगी दशार्ने में जुटे हैं। दूसरी तरफ वर्तमान विधायक सीपी सिंह ने अब तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं जबकि रांची सीट के लिए सभी दलों को मिलाकर वह सबसे धाकड़ नेता है, जिनकी पकड़ इतने वर्षों में साल दर साल मजबूत होती चली गयी है।

भारतीय जनता पार्टी में रांची सीट के लिए जिन दो नामों की चर्चा भाजपा के अंदर होती रहती है, उनमें प्रदीप वर्मा और रमेश सिंह प्रमुख हैं। प्रदीप वर्मा पार्टी संगठन के बड़े नेताओं के लिए परिचित नाम है और संघ के कई कार्यक्रमों का आयोजन उन्होंने किया है। इस वजह से पार्टी और संघ के शीर्ष नेताओं के बीच उनकी पहचान अच्छी है। इसी क्रम में उन्होंने पार्टी के अंदर भी अनेक लोगों को नाराज कर रखा है, जो अंदर ही अंदर उनके लिए खाई खोदने का काम करते रहते हैं। दूसरी तरफ बिल्डर रमेश सिंह ने हाल के वर्षों में तेजी से अपना नाम आगे बढ़ाया है। विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ जुड़कर तथा शहर के धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेकर वह अब स्थानीय स्तर पर एक परिचित सामाजिक व्यक्ति है। पार्टी के अंदर भी उनके परिचय का दायरा निरंतर बढ़ता गया है। इसलिए उनके समर्थक भी आगामी चुनाव में रमेश सिंह को एक सशक्त दावेदार मान रहे हैं। लेकिन पार्टी मुख्यालय में एक वर्ग उनके विरोध में लगातार खड़ा है, जो अन्य नेताओं को भड़काते रहते हैं। इन दोनों प्रमुख दावेदारों के बीच उग्र हिंदूवादी सोच रखने वाले अब भैरव सिंह को भी रांची सीट के लिए प्रमुख प्रत्याशी बताने में पीछे नहीं हटते। उनके लिए गुलशन आजमानी का रांची से विधायक बनने का रिकार्ड एक ऊर्जा का काम कर रहा है। दरअसल भैरव सिंह के नाम की चर्चा हरमू के किशोरगंज चौक पर मुख्यमंत्री के काफिले को रोकने के लिए होने लगी थी। इसके बाद एक खास वर्ग ने उसे हिंदू समुदाय ने नये सेनापति के तौर पर प्रस्तुत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। विहिप के चंद नेताओं ने भी इस सोच को आगे बढ़ाया है।



इसके अलावा भी रांची सीट पर दावेदारी ठोंकने वालों में पूर्व उप महापौर संजीव विजयवर्गीय जैसे कई अन्य नाम हैं, जो अंदरखाने से अपनी दावेदारी को आगे बढ़ाना चाहते हैं। दरअसल ऐसी सक्रियता इसलिए भी बढ़ी है क्योंकि भाजपा के अंदर से यह चर्चा तेज की जा रही है कि वर्तमान सरकार का कभी भी पतन हो सकता है।

## पेज एक का शेष

### अर्थव्यवस्था की मजबूती .. .. .. ..

हमने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के विविधीकरण के लिए बेहतर माहौल बना है। श्री मोदी ने ऑस्ट्रेलिया और यूएई जैसे बाजारों के साथ हाल में मुक्त व्यापार समझौते किए हैं, जिससे देश बाहरी कंपनियों के लिए और भी आकर्षक बन गया है। भारत इस समय बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व स्तर पर निवेश कर रहा है तथा पिछले दस वर्षों में पूंजीगत निवेश पांच गुना बढ़ा है।

उन्होंने कहा, हमारी सरकार के पांच वर्षों में साढ़े 13 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। भारत में मिडिल क्लास की एवरेज इनकम लगातार बढ़ रही है। भारत में कामकाज में महिलाओं की भागीदारी में भी रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। श्री मोदी ने वैश्विक निवेशकों से कहा, भारत के कोने-कोने में आपके लिए नई संभावनाएं हैं। वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन इसकी एक झांसी है और यह भविष्य की एक झांकी है। भारत में निवेश सृजनशील युवापीढ़ी में निवेश है। यह उपभोक्ताओं की एक नयी पीढ़ी को तराशने वाला निवेश है। महत्वाकांक्षाओं से भरपूर भारत की युवापीढ़ी के साथ आपकी भागीदारी ऐसे परिणाम दे सकती है जिसकी आपने कभी कल्पना भी नहीं की होगी।

उद्घाटन सत्र में मोजाम्बीक के राष्ट्रपति फिलिप नीयूसी, तिमोर के राष्ट्रपति रामोस-होर्टा, चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पैट्र फियाला, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और देश-विदेश के बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति तथा उद्यमी उपस्थित थे। वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन का सिलसिला 20 साल पहले श्री मोदी के मुख्यमंत्रित्व काल में शुरू हुआ था, जिससे निवेश का एक नया वातावरण पैदा हुआ। आज विभिन्न राज्यों में इस तरह के निवेश सम्मेलन आयोजित किए जाने लगे हैं।

### राहुल गांधी की भारत न्याय.. .. ..

एजेंसियों से मिले संवेदनशील रिपोर्ट का हवाला देते हुए अनुरोध को ठुकरा दिया। इम्फाल ईस्ट डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट की एक औपचारिक अधिसूचना ने भी एक राज्य समारोह में उसी दिन की ओर इशारा किया, जिसमें मुख्यमंत्री, वरिष्ठ कैबिनेट सदस्यों और उच्च-रैंकिंग वाले सरकारी अधिकारियों द्वारा भाग लिया जाना चाहिए, जो संभवतः संदर्भ में प्राथमिकता लेगा सुरक्षा संसाधनों को तैनात करना।

जिला मजिस्ट्रेट डॉ मयेंगबम वेटो सिंह ने कहा, इसलिए केवल प्रतिभागियों की सीमित संख्या के साथ यात्रा को दूर करने की अनुमति दें। प्रतिभागियों की संख्या और नाम पहले से ली जा सकते हैं, और सभी आवश्यक एहतियाती उपाय किए जा सकते हैं। भारत न्याय यात्रा को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे द्वारा रवाना किया जाना है। यात्रा को 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को उकसाने और एकजुट करने के लिए पार्टी के प्रयास के रूप में पिच किया गया है, जो मार्च/अप्रैल में होने की उम्मीद है।

भाजपा सरकार की चिंता इस बात से भी है कि यह यात्रा देश के बहुसंख्य लोकसभा सीटों के इलाकों से होकर गुजरने वाली है। इसलिए अब राहुल गांधी की यात्रा को हल्के में नहीं लिया जा रहा है और ना ही इसका मजाक उड़ाया जा रहा है।

### मोरेह के पास गांव से दो सौ .. .. ..

समुदाय के प्रमुख समूह कुकी इनपी तेंगनौपाल के प्रवक्ता ने मणिपुर पुलिस कमांडो पर पक्षपात करने और कुकी-जो आदिवासियों की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया। समूह ने राज्य पुलिस बलों के स्थान पर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को तैनात करने की मांग की। ग्रामीण स्वयंसेवक मोरेह में कमांडो चौकियों को निशाना बना रहे हैं क्योंकि मणिपुर पुलिस कमांडो पक्षपाती हैं और कुकी-जो आदिवासियों की हत्या में शामिल हैं। टेंगनौपाल ने कहा, कई मैतेई उग्रवादी समूह खुद को कमांडो या सुरक्षा बलों के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं और कुकी गांवों पर हमला कर रहे हैं।

विवरण से अवगत एक सुरक्षा बल अधिकारी ने नवीनतम भड़कने की पुष्टि की और दावा किया कि सोमवार शाम तक, कोई भी घायल नहीं था। बढ़ती स्थिति के जवाब में, कुकी महिलाओं ने सोमवार को मोरेह और कांगपोकपी में विरोध प्रदर्शन किया और कुकी क्षेत्रों से मणिपुर पुलिस कमांडो को हटाने की मांग की।

ग्राम रक्षा स्वयंसेवकों ने मणिपुर पुलिस को तुरंत मोरे छोड़ने की चेतावनी जारी की, कुकी इंपी टेंग्नौपाल और एचटीसी सहित विभिन्न समूहों ने इस मांग का समर्थन किया।

मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने हाल के हमलों में म्यांमार के भाड़े के सैनिकों की संभावित भागीदारी के बारे में चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, हमें म्यांमार की ओर से विदेशी भाड़े के सैनिकों की संलिप्तता पर संदेह है। 3 मई को हिंसा शुरू होने के बाद से उन्होंने इसी तरह के तर्क उठाए हैं, लेकिन आलोचकों ने तर्क दिया है कि यह हिंसा को नियंत्रित करने में विफल रहने में उनकी सरकार की जिम्मेदारी से बचने का एक प्रयास है।

### विशाल आकार के शिकारी .. .. ..

518 मिलियन साल पहले पानी में निवास किया था। इस बारे में वैज्ञानिकों को पहले कुछ पता नहीं था।

नए जीवाश्म जानवरों को तिमोरेबेस्टिया नाम दिया गया है, जिसका लैटिन में अर्थ है आतंकवादी जानवर। उनके शरीर के किनारों पर पंखों से सुसज्जित, लंबे एंटीना के साथ एक अलग सिर, उनके मुंह के अंदर विशाल जबड़े की संरचना और लंबाई में 30 सेमी से अधिक तक बढ़ते हुए, ये प्रारंभिक कैंब्रियन समय में सबसे बड़े तैराकी जानवरों में से कुछ थे।

अध्ययन के एक वरिष्ठ लेखक, यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टल के स्कूल ऑफ अर्थ साइंसेज एंड बायोलॉजिकल साइंसेज के डॉ जैकब विन्थर ने कहा, हम पहले से जानते हैं कि कैंब्रियन के दौरान आदिम आर्थ्रोपोड प्रमुख शिकारी थे, जैसे कि विचित्र दिखने वाले एनोमालोकारिडिड्स। हालाँकि, तिमोरेबेस्टिया दूर का, लेकिन करीबी, जीवित तीर कीड़े, या चेटोगनाथ का रिश्तेदार है। ये आज बहुत छोटे समुद्री शिकारी हैं जो छोटे जो प्लांकटन पर भोजन करते हैं।

ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के ल्यूक पैरी, जो अध्ययन का हिस्सा थे, ने कहा, तिमोरेबेस्टिया यह समझने के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण खोज है कि ये जबड़े वाले शिकारी कहां से आए। कोरियाई पोलर रिसर्च इंस्टीट्यूट के अन्य वरिष्ठ लेखक और क्षेत्र अभियान नेता ताए यून पार्क ने कहा, हमारी खोज यह पुष्टि करती है कि तीर कीड़े कैसे विकसित हुए।

जीवित तीर कृमियों के पेट पर एक विशिष्ट तंत्रिका केंद्र होता है, जिसे उदर नाड़ीग्रन्थि कहा जाता है। यह इन जानवरों के लिए पूरी तरह से अद्वितीय है। ऐसे अनूठे शिकारियों की खोज करके बहुत उत्साहित हैं। डॉ पार्क उनके मुताबिक, हमारे पास आने वाले वर्षों में साझा करने के लिए कई और रोमांचक निष्कर्ष हैं जो यह दिखाने में मदद करेंगे कि शुरूआती पशु पारिस्थितिकी तंत्र कैसा दिखता था और कैसे विकसित हुआ।

### राम जन्मभूमि मंदिर में लगा .. .. ..

सुनहरे दरवाजे के मध्य पैनल में स्वागत मुद्रा में दो हाथियों को देखा जा सकता है। ऊपरी भाग में एक महल जैसी आकृति दिखाई देती है जिसमें दो नौकर हाथ जोड़े खड़े हैं। वहीं, दरवाजे के नीचे बने चार चौकों में खूबसूरत कलाकृतियां खुदी हुई हैं।

इस बीच, मंदिर के निर्माण की देखरेख करने वाले पैनल, श्री राम जन्मभूमि तीरथ क्षेत्र ट्रस्ट ने सोमवार को रात की रोशनी में सजे मंदिर के निर्माण की कुछ तस्वीरें साझा कीं। 2024 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पहला अयोध्या दौरा विकास और स्वच्छता को समर्पित था। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि अयोध्या सबसे स्वच्छ और सुंदर दिखे. उन्होंने अधिकारियों से अयोध्या में स्वच्छता का कुंभ मॉडल लागू करने का आग्रह किया। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने योगी को ट्रस्ट द्वारा विकसित टेंट सिटी का भ्रमण कराया और उन्हें तीर्थ क्षेत्र पुरम की व्यवस्थाओं के बारे में बताया, क्योंकि नए टेंट सिटी का नाम यही रखा गया है।

## शहर >> अपडेट

### विधायक टीएमएच से 63 हजार का बिल कराया माफ

**चांडिल :** कुकडू प्रखंड के जानूम पंचायत अंतर्गत हेंसालोंग निवासी हरेंद्र महतो के बेटी ममता महतो का बुखार संबंधी समस्या होने पर परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए टीएमएच में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान ममता महतो का अस्पताल में बकाया बील काफी हो गया। उनके पिता हरेंद्र महतो ने अस्पताल के बिल चुकाने में असमर्थकता जताते हुए इसकी जानकारी झामुमो नेता सपन महतो को दिया उन्होंने जानकारी विधायक सविता महतो को दिया। विधायक सविता महतो ने मामले को गंभीरता से लेकर अस्पताल प्रवंधक से वार्ता कर उनके 63 हजार बिल माफ कराकर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दिलाई। विपदा के समय विधायक के इस नेक कार्य के लिए हरेंद्र महतो ने विधायक का आभार व्यक्त किया। उक्त बात कि जानकारी विधायक के आप्त सचिव काबलु महतो ने दिया।

### कैंडल मार्च कर स्वः लालजी यादव को किया याद

**बुढ़मू :** बुढ़मू थाना के पूर्व थाना प्रभारी शहीद स्वः लालजी यादव के पुण्य तिथि पर बुढ़मू में छात्र छात्राओं समेत ग्रामीणों ने उनके मृत आत्मा की शांति के लिए कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च के दौरान लोगों ने स्वः लालजी यादव अमर रहे के नारे लगाए। और उनके द्वारा किए गए कई कार्यों को लोगों ने याद किया। और कैंडल मार्च में लोगों ने स्व : लालजी यादव जैसा इमानदार अफसर बनकर देश सेवा करने की शपथ ली। कैंडल मार्च युवा समाजसेवी अभय प्रसाद के नेतृत्व में निकाला गया। कैंडल में बुढ़मू थाना प्रभारी कमलेश राय एवं झामुमों के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष हीरालाल यादव, बच्चन बैठा, अकाश कुमार साहू, बबली यादव, नंदलाला कुमार, आनंद राज, मुकेश कुमार, मुकेश गंझू, राजेश भगत, विष्णु साहू,, समेत दर्जनों छात्र छात्राए सहित कई ग्रामीण शामिल हुए।

**बैठक** सेवा कार्यों के लिए रोटरी एक बड़ा मंच उपलब्ध कराता है

# मानव सेवा हर रोटेरियन का दायित्व : शिव प्रकाश

- रोटेरियन दुनिया में एक नई आशा का संचार का माधयम
- छात्रों को नव कौशल हासिल कर उसे अपनी आजीविका का साधन बानाने का दिया मंत्र

राष्ट्रीय खबर



**चास :** रोटरी जिला 3250 के जिला पाल रो एसपी बगड़िया ने चास रोटरी क्लब का आधिकारिक दौरा किया। इस दौरान जिला पाल बगड़िया ने चास रोटरी क्लब द्वारा किए जा रहे हैं कार्यकलापों का जायजा लिया। सर्वप्रथम रोटरी क्लब चास द्वारा चिकसिया में निशुल्क रूप से संचालित कंप्यूटर सेंटर का दौरा कर छात्रों को नव कौशल हासिल कर उसे अपनी आजीविका का साधन बनाने का मंत्र दिया। तत्पश्चात रोटरी भवन, चीरा चास में आयोजित संगोष्ठी में शिव प्रकाश बगड़िया ने उपस्थित सभी रोटेरियन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक रोटेरियन को उनके दायित्वों का बोध होना चाहिए और वे रोटरी के माध्यम से समाज के वंचितों और निरा प्राय लोगों की सहायता करें। इसके पूर्व रोटरी क्लब चास कि अध्यक्ष पूजा बैद ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा की सेवा कार्यों के लिए रोटरी एक बड़ा मंच हमें उपलब्ध कराता है। पूजा ने कहा कि सेवा कार्यों के माध्यम से रोटेरियन की एक अलग पहचान है। डॉ परिंदा ने इस वर्ष की रोटरी थीम पर बोलते हुए कहा कि हम रोटेरियन दुनिया में एक नई आशा का संचार कर सकते हैं। परिंदा ने कहा की दुनिया रोटरी की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रही है। कार्यक्रम में सचिव डिंपल कौर ने अपना प्रतिवेदन दिया तथा पीपीटी के माध्यम से क्लब द्वारा विगत 7 महीनों के दौरान किए गए विभिन्न कार्यों, गतिविधियों एवं परियोजनाओं को दशार्या। जिला पाल बगड़िया ने चास रोटरी द्वारा किए गए कार्यों की श्रृंखला की सराहना की इस दौरान रोटरी जिला 3250 की प्रथम महिला रो. रंजना बगड़िया एवं सहायक जिला पाल संध्या राज भी उपस्थित रही और उन्होंने सभा को संबोधित किया। श्वेता रस्तोगी ने भी सभा को संबोधित किया। डॉ सुमन ने कार्यक्रम का संचालन किया। कैंडी टबोड़ा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में लकी ड्रा का आयोजन किया गया और विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। इसके पूर्व जिला पाल बगड़िया के आगमन पर चास रोटरी के सदस्यों ने बेहद गर्म जोशी से उनका स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेंद्र सिंह का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर धनबाद से आए हुए पूर्व जिला पाल संदीप नारंग, राजन गंडोत्रा, जिला सचिव अंजू गंडोत्रा, पूर्व जिला पाल महेश केजरीवाल, संजय बैद, बिनय सिंह, कुमार अमरदीप, मनोज सिंह, मुकेश अग्रवाल, सिद्धार्थ सिंह माना, मनोज चौधरी, ब्रुश टबोडा, मंजीत सिंह, दीपक अग्रवाल, प्रेम शंकर सिंह, आनंद अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, अमन मल्लिक, गौरव रस्तोगी, के अलावा बोकारो रोटरी क्लब के सदस्य गण, रोटरी मिडटाउन कपल के सदस्यगण और शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### दानोत्सव कार्यक्रम के दूसरे चरण में आसस विद्यालय का किया भ्रमण



**बोकारो :** श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल ने बुधवार को अपने दानोत्सव कार्यक्रम के दूसरे चरण में छात्र-छात्राओं के साथ सेक्टर 12 स्थित आसस विद्यालय का भ्रमण किया। इस दौरान आसस विद्यालय के छात्रों ने अय्यप्पा स्कूल से आए अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। बता दे कि दान उत्सव सभी को एक साथ आने और बुनियादी उपयोगिताओं को साझा करके वंचित समुदायों का समर्थन कर उन्हें बढ़ाने का सही अवसर प्रदान करता है। श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल के छात्रों और अभिभावकों ने खुले हृदय से दान कर कार्यक्रम को सार्थक और प्रभावशाली बना दिया। स्कूल के सार्थक पहल पर छात्रों ने जरूरतमंदों के लिए ऊनी कपड़े, किताबें, कॉपियां, पेंसिल, रबर, कटर, मिठाइयां, चॉकलेटस, केक, स्कूल बैग, जूते-चप्पल, लड़कों व लड़कियों के कपड़े, साड़ियां, कंबल, खिलौने, मोमबत्तियां आदि का दान किया। कार्यक्रम की सफलता में अयप्पा स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पी राजागोपाल, उपाध्यक्ष द्वय मोहनन आर नायर एवं शशिन्द्रन कराता, सचिव इ सुशीलन, कोषाध्यक्ष बाबूराज आर, बोर्ड निदेशक सुरेश कुमार केए और बी साजीन, निदेशक एवं प्राचार्या सभी शिक्षकों तथा अभिभावकों का अहम योगदान रहा।

### सेक्टर 4 सूर्य मंदिर में भजन संध्या आयोजित



**बोकारो :** अयोध्या तीर्थ धाम से आए पूजित अक्षत कलश के आगमन पर सेक्टर 4 एफ सूर्य मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। गायक अरुण पाठक ने राम लखन सन पाहुन जिनकर सीता सनक जकर बेटी..., आजु मिथिला नगरिया निहाल सखिया..., अपन मिथिला के गाथा हम सुनू एखने सुनाबै छी.., नगरी हो अयोध्या सी, रघुकुल सा घराना हो.., राम का गुणगान करिए..., मेरे घर राम आए हैं... आदि गीतों की सुमधुर प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वरिष्ठ गायक श्याम कुमार, रमेन्द्र नारायण दुबे सहित जय शंकर वैद्य, आलोक कुमार, रुचि कुमारी, पूनम सिंह, निरंजन सिंह, रविभूषण जी, तिवारी जी आदि ने भी भजन प्रस्तुत किए। तबले पर पं शिवपूजन मिश्र व हारमोनियम पर श्याम कुमार एवं आर एन दुबे ने संगति की। भास्कर सेवक समिति के सी बी मिश्र ने बताया कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर नवनिर्मित मंदिर में 22 जनवरी को होनेवाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा देश उत्साहित है। इसी उपलक्ष्य में अयोध्या तीर्थ धाम से आए पूजित अक्षत कलश के आगमन पर सेक्टर 4 एफ सूर्य मंदिर में विशेष पूजन, आरती, भजन संध्या में श्रद्धालुओं ने भक्ति व उत्साह के भाग लिया। श्रद्धालुओं के बीच अक्षत व प्रसाद का वितरण किया

## कांग्रेस नेता केदार पासवान का किया भव्य स्वागत



राष्ट्रीय खबर

**चास :** चास के महावीर चौक पर जिला कांग्रेस पार्टी के एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुभाष बाउरी के नेतृत्व में एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर केदार पासवान ने कहा कि 2024 के चुनाव में केंद्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी। भाजपा से लोगों का विश्वास उठते जा रहा है। केंद्र की मोदी सरकार में लोगों का जीना दुर्भर हो गया है। महंगाई आसमान छू रही है, बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल रहा है। कल कारखाने बिक रहे हैं। इसलिए आने वाली सरकार कांग्रेस पार्टी की सरकार होगी।इस दौरान मुख्य रूप से बादल दास, धनु बाउरी, बुद्धू बाउरी,भरत बाउरी, गोविंद बाउरी, विकास, लॉगिन, जुबिल, पिंटू, शंकर बाउरी, मुन्ना, धनंजय आदि मौजूद थे।

## विधायक ने किया पीसीसी सड़क का उद्घाटन

राष्ट्रीय खबर



**चांडिल :** चांडिल प्रखंड क्षेत्र में आसनबनी में विधायक योजना से स्वीकृत दो पीसीसी सड़क का उद्घाटन बुधवार को विधायक सविता महतो ने विधिवत शिलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक ने कहा दो योजनाओ का निर्माण 12 लाख 85 हजार 8 सौ रुपये कि लागत से कराया गया। जिसमें आसनबनी में गौर मंडल घर से रवि डीहा के घर तरफ 500 फीट पीसीसी 6 लाख 96 हाजार 5 सौ रुपये व शाही झरना में गोड़े मांझी के घर से दरवार मेला तक 4 सौ फीट पीसीसी 5 लाख 89 हजार 3 सौ रुपये कि लागत से कराया गया। विधायक ने कहा ग्रामीणों का मांग को देखते हुए उक्त सभी योजनाओं का निर्माण कराया गया है। योजना का निर्माण से ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो, अर्जुन सिंह मुंडा, हीरा लाल महतो, रुही दास मांझी, बिन्दा सिंह, गुरुतन उरांव, शंभू उरांव, लक्खी प्रिया मंडल, साधना मंडल, कांचन डीहा, अन्यान्न पाल, प्राथना मंडल, सोमपा मंडल, रुपाली मंडल, संजीत महतो समेत आदि काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता व ग्रामीण जनता उपस्थित थे

### मानव चिकित्सा शिविरआयोजित



**तमाड़ :** सशस्त्र सीमा बल 26 वीं वाहनी के कमांडेट एस डी शेरखाने के निर्देश पर सेवा सुरक्षा बंधुत्व के तहत मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। एसएसबी जी समवाय चिकित्सा कमांडेट ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में नावाडीह में जरूरतमंदों का मुफ्त इलाज कर दवाइयां दी गयी। इस दौरान चिकित्सा कमांडेंट ने लोगों को नशे से दूर रहने की सलाह दी ताकि सभी स्वस्थ रहे। इस अवसर पर सहायक कमांडेंट अजीत उपाध्याय तथा अन्य कर्मी शामिल थे।

## भगवान बिरसा मुण्डा की कर्मभूमि डोम्बारीबुरू में शहादत दिवस का आयोजन

राष्ट्रीय खबर



**खूंटी :** भगवान बिरसा मुण्डा की कर्मभूमि डोम्बारी बुरू में शहादत दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के लोग डोम्बारीबुरू में एकत्रित होकर 9 जनवरी 1900 को शहीद हुए शहीदों को याद किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद, खूंटी सह माननीय केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा, जनजातीय कार्य मामले, भारत सरकार, उपायुक्त, खूंटी श्री लोकेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक, खूंटी श्री अमन कुमार, उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक, आईटीडीए सहित अन्य अधिकारियों ने पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना के बाद भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शहादत दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए माननीय केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आजादी की लड़ाई में अपनी आहूति देने वाले अपने पूर्वजों का इतिहास याद रखना चाहिए। अंग्रेजों के उलगुलान का बिगुल फूंकने वाले धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा सहित अन्य शहीदों को लोग भूलने लगे थेअब हमें अपने हक व अधिकार के प्रति जागरुक होकर संवैधानिक तरीके से अपने समाज, गांव एव राज्य के लिए विकास की दिशा में प्रगति के रास्ते का चुनाव करना होगा। यही भगवान बिरसा के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के विकास के प्रति केंद्र सरकार कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की जा रही है। इसके तहत पेयजल, आवास, सड़क, मोबाईल मेडिकल यूनिट, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, वन धन केंद्र की स्थापना, आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास सहित महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा।उन्होंने डोम्बारी बुरू के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खूंटी आंदोलन की धरती है। उन्होंने लोगों से भगवान बिरसा मुण्डा, शहीद सरदार गया मुण्डा, मारंग गोमके जयपाल सिंह मुडा सहित अन्य महापुरुषों के आर्दशों का अनुकरण करते हुए अपने अधिकार के लिए जागरूक होकर संवैघानिक तरीके से आगे आने का आह्वान किया।

## नवनियुक्त केंद्रीय अध्यक्ष को किया सम्मानित



राष्ट्रीय खबर

**चास :** चास के महावीर चौक में अखिल भारतीय बाउरी समाज कल्याण समिति का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष मधुसूदन बाउरी के नेतृत्व में किया गया। समारोह में नवनियुक्त केंद्रीय अध्यक्ष गोर चंद बाउरी को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर नवनियुक्त केंद्रीय अध्यक्ष श्री बाउरी ने कहा कि समाज के लोगों को शिक्षित करना ही मेरा पहला प्राथमिकता है। जब समाज के लोग शिक्षित होंगे तभी वह आगे बढ़ेंगे। कार्यक्रम मुख्य रूप से केन्द्रीय सदस्य जगन्नाथ बाउरी, भूतपूर्व धनबाद जिलाध्यक्ष श्रीमंत बाउरी, प्रहलाद बाउरी, लाला बाउरी, रमेश बाउरी, चास नगर उप उपाध्यक्ष प्रशांत बाउरी, कोरा बाउरी, रामबाबू, निवारणं अमृत, माणिक, शिनु रोहन सहित सैकड़ों समाज के लोग मौजूद थे।

### एक दिवसीय शैक्षणिक अवकाश



**तमाड़ :**इंटर कॉलेज सलगांडीह तमाड़ की और से एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल वित्तरहित शिक्षा सयुंक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर अनुदान राशि बढ़ोत्तरी की मांगो को लेकर तमाड़ इंटर कॉलेज के शिक्षक शिक्षके त्तर कर्मचारी हड़ताल पर रहे इस मोके पर प्राचार्य कृष्णा सिंह मुंडा, प्रो गोविन्द चंद्र महतो, प्रो घनश्याम महतो, प्रो देवनन्दन सिंह मुंडा, प्रो इंदिरा कुमारी, प्रो सुमित्रा कुमारी, प्रो शमिला कुमारी, हरिनारायण महतो, हलधर महतो, केशव चंद्र महतो, विधान चंद्र गोराई, नगेदर महतो, प्रभात नायक, शैयनाथ मुंडा अशोक कुंडू, राजकुमार मांझी,सुरेश महतो आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### अर्धवार्षिक परीक्षाफल हुआ वितरण

**कुडू/ लोहरदगा :** राजकीय बुनियादी विद्यालय कुडू में बुधवार को अर्धवार्षिक (एफ 1) परीक्षाफल का वितरण हुआ। इस दौरान प्रधानाध्यापक धर्मदेव प्रसाद, शिक्षिका सिमा कच्छप, उर्मिला कुमारी, बिरसा उरांव, उषा कुमारी, वीरेंद्र प्रजापति ने छात्र - छात्राओं के अभिभावकों के साथ संगोष्ठी आयोजित कर परीक्षाफल सौंपा। धर्मदेव प्रसाद ने अभिभावकों के साथ विचारों का आदान प्रदान करते हुए कहा कि बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति व गुणात्मक शिक्षा के लिए बच्चों की नियमित उपस्थिति हो इसमे अभिभावकों का सहयोग जरूरी है। मौके पर संतोष मांझी मंगलू, बीरबल साहू, रुकसाना खातून, कमली उरांव सहित कई अभिभावक उपस्थित थे।

**संकल्प** गिरिडीह लोकसभा से जेबीकेएसएस उम्मीदवार को जिताने का लिया संकल्प

# जल,जंगल और जमीन की सुरक्षा और संरक्षण हमारी :जयराम

- महतो के विचारों को जन जन तक है पहुंचाना
- जारखंड की संस्कृति अमुल धरोहर

राष्ट्रीय खबर



**कसमार:**झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति जरीडीह प्रखंड चिलगडा पंचायत समिति के द्वारा बुधवार को जरक टुंगरी में वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता गोविंद महतो व संचालन रंजन प्रकाश ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती पंचायत कमेटी की विस्तार को लेकर चर्चा की गई। वहीं आने वाले गिरिडीह लोकसभा चुनाव में जेबीकेएसएस के उम्मीदवार को चिलगडा पंचायत में अधिक से अधिक वोट मिले इसको लेकर जेबीकेएसएस अध्यक्ष जयराम महतो के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कहा कि जेबीकेएसएस झारखंड की माया, माटी, संस्कृति, जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा और संरक्षण की बात करती है। मौके पर दीपक कुमार प्रजापति, धनंजय जायसवाल, बिगन नायक, करमचंद महतो, मुकेश प्रजापति, गोविंद महतो, दिलीप जायसवाल, विजय महली, नरेश कुमार महतो, आलोक कर्मकार, गूड्डू लाल महतो, अजय कुमार, चंदन कुमार, संजय सिंह, गोपाल कर्मकार, राम कुमार टूड्डू, सचिन सौरभ, राजकिशोर महतो, मिथलेश कुमार, हरेन कुमार महतो, नीरज कुमार समेत दर्जनों जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य उपस्थित थे।

### चूड़ा,तिलकुट,दही का हुआ भव्य आयोजन

**लोहरदगा :**झारखंड समिति के द्वारा चूड़ा,तिलकुट,दही का हुआ भव्य आयोजन,भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री सह रांची मेयर आशा लकड़ा हुई शामिल जय श्रीराम समिति के द्वारा पावरगंज स्थित दुगार्बाड़ी मंदिर प्रांगण में मुख्य संरक्षक रमेश उरांव की अध्यक्षता में दही चूड़ा तिलकुट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में समिति के महिला पुरुष शामिल हुए आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री रांची मेयर व समिति संरक्षक आशा लकड़ा उपस्थित होकर युवाओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन घर घर मे दीप जलाने और भगवा ध्वज लगाने की बात कही गई। हर घर मे दीपावली जैसा उत्सव मनाने की बात कही गई। कहा कि लगभग 500 सालो की कठोर तपस्या का आज परिणाम स्वरूप राम मंदिर निर्माण की परिकल्पना पूरी हो रही है। हमे त्रेतायुग की तरह इस युग मे भी राम के आगमन पर घर घर मे दीप जलाकर उनका स्वागत करना चाहिए।

शहर >> अपडेट

## पूर्ववर्ती छात्रों को दी विदाई

हरिहरगंज : शहर के सतगावां स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को सत्र 2023/24 के पूर्ववर्ती छात्रों को विद्यालय परिवार की ओर से समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद ने छात्रों से कहा कि विद्यालय से जो शिक्षा एवं संस्कार अर्जित किया है उसे अपने जीवन में सदैव बनाए रखेंगे। उन्होंने विद्यालय परिवार की ओर से सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान नवम के भैया बहनों ने दशम के भैया बहनों को लेखन सामग्री एवं सामूहिक भोज देकर सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की कामना की।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

## पिकनिक सह सामाजिक मिलन समारोह का आयोजन

**बेरमो :** समाज को नव वर्ष की शुभकामना देने, एकजुट करने और एक साथ बैठ भोजन कर सदभाव का माहौल बनाने की कोशिश के लिए फुसरो दामोदर नदी किनारे नयू स्टार क्लब फुसरो के सदस्यो के द्वारा पिकनिक सह सामाजिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कृष्ण कुमार, विजय सिंह और मनोज सिंह ने सामजिक एकता बल देते हुए कहा कि इस क्लब का इतिहास गौरवशाली रहा है। यह क्लब बेरमो को दिशा देने का काम करता रहा है। हमें एकजुट होना है। इस अवसर पर डॉक्टर प्रह्लाद बरनवाल ,विजय सिंह ,कृष्ण कुमार ,मनोज सिंह , मनोज शर्मा ,संजय सिंह ,दयानंद बरनवाल ,बैभव चौरसिया ,रवि छाबरा ,विजय कुमार ,नरेन्द्र सिंह, घनश्याम प्रसाद ,मनोज गुप्ता आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद थे।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

## पुजित अक्षत कलश को भ्रमण कराया

**बेरमो :** बोकारो जिला के बड़की सिधबारा पंचायत दुर्गा मंदिर में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से पुजीत अक्षत कलश को छोटकी सिधवारा बजरंग बली मन्दिर में भ्रमण मंगलवार को कराया गया। पंचायत भ्रमण शोभायात्रा के दौरान बजरंग बली मन्दिर परिवार द्वारा पंचायत वासियों के बीच अक्षत व श्री राम मंदिर अनुष्ठान आमंत्रण पत्र सौपा गया। मिली जानकारी के अनुसार बजरंग बली मन्दिर परिवार कलश द्वारा अयोध्या से पूजित अक्षत कलश का शोभा यात्रा कराया गया। पंचायत भ्रमण के क्रम में सैकड़ो महिला, पुरुष श्रद्धालु गण दुर्गा मंदिर अक्षत कलश लेकर सरकारी विद्यालय होते हुए, महतो टोला, तटरिया टोला, तुरी टोला, रविदास टोला, तारवा टोला, टोंगरी टोला, ठाकुर टोला भवन करते हुए पुनः छोटकी शिढाबारा हनुमान मन्दिर पहुंचा शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा तिरंगा तथा हनुमान पताका के साथ वंदे मातरम तथा जय श्री राम का नारा लगाया जा रहा था जिससे पूरा वातावरण गुंजायमान होता रहा साथ ही शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं द्वारा घर-घर जा जाकर आमंत्रित अक्षत और आमंत्रण पत्र दिया गया तथा कहा गया कि आगामी 22 जनवरी के अयोधया में श्री राम मंदिर पूजन के अवसर पर अपने पास के मंदिरों तथा देव स्थलों में जाकर अवश्य पूजा पाठ करें। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य रेखा देवी, वार्ड सदस्य पानो देवी, ग्रामीण अयोध्या प्रसाद महतो, जिबलाल महतो, चंद्रदेव महतो टेको महतो,अनिल महतो,आदि का सराहनीय योगदान रहा।

मांग

### रैली निकाल सीजीएम ऑफिस समक्ष किया प्रदर्शन

# गुवा सेल में संयुक्त यूनियनों का आज आठवें दिन आंदोलन जारी

▶▶ बेरोजगारों को सेल प्रबंधन नौकरी ना देकर दरकिनार कर दिया गया है

▶▶ मांगों को लेकर गुवा सेल प्रबंधन को मांग पत्र भी सौंपा गया है



राष्ट्रीय खबर

**गुवा:** गुवा सेल में 18 बाहरी लोगों को ज्वाइनिंग देने के विरोध को लेकर संयुक्त यूनियनों द्वारा लगातार आठवें दिन भी आंदोलन जारी रहा। इस दौरान संयुक्त यूनियनों ने गुवा रामनगर से रैली निकालते हुए गुवा सेल सीजीएम ऑफिस समक्ष आंदोलन करते हुए विभिन्न नारे लगाए गए। ज्ञात हो कि एक सप्ताह पूर्व सेल गुवा में दूसरे राज्य से 18 लोगों को सेल प्रबंधन द्वारा जॉइनिंग दी गई है। संयुक्त यूनियनों के अनुसार यहां के स्थानीय युवा बेरोजगारों को सेल प्रबंधन नौकरी ना देकर दरकिनार कर दिया गया है। संयुक्त यूनियनों में झारखंड मजदूर संघर्ष संघ के केंद्रीय अध्यक्ष रामा पांडे, बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन इंटक के क्षेत्रीय महामंत्री दुचा टोप्पो, सारंडा मजदूर यूनियन के महामंत्री राजकुमार झा, झारखंड मुक्ति मोर्चा यूनियन के अध्यक्ष पंचम जॉर्ज सोय, सीटू के अध्यक्ष मनोज मुखर्जी, सप्लाई मजदूर संघ के अध्यक्ष राजेश कोड़ा ने अपनी मांगों को लेकर गुवा सेल प्रबंधन को मांग पत्र भी सौंपा गया है। संयुक्त यूनियनों के इस आंदोलन को लेकर गुरुवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, विधायक सोनाराम सिंकु तथा सांसद गीता कोड़ा संयुक्त यूनियन के समर्थन में बैठक कर आगे की रणनीति बनाएगी।

धरना प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से रामा पांडे, अंतयार्मी महाकुड, किशोर सिंह, संजू गोच्छाईत, चंद्रिका खंडाईत, आरती होरो, राकेश यादव, रितेश पाणिग्राही, साधना सिंह, राजकुमार झा, कुल बहादुर, दुचा टोप्पो, दिलबाग सिंह,पंचम जॉर्ज सोय,नरेश दास,नाजीर खान, नोवामुंडी भाग एक जिला परिषद सदस्य सुश्री देवकी कुमारी, पश्चिमी पंचायत मुखिया पद्मिनी लागुरी, पंचायत समिति सदस्य भादो टोप्पो, मनोज मुखर्जी, जयसिंह नायक सहित काफी संख्या में मजदूर एवं विभिन्न गांव के ग्रामीण मौजूद थे।

## सांसद , विधायक ने डीसी ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**बेरमो :** बुधवार की सुबह 7:11 में सांसद सीपी चौधरी, विधायक ढुलू महतो ने चंद्रपुरा स्टेशन पर डीसी पैसेंजर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर धनबाद के लिए रवाना किया। दोनों प्रतिनिधि स्वयं ट्रेन के डब्बे में अपने कार्यकताओं के साथ बैठकर कतरास तक की सफर की। चंद्रपुरा स्टेशन में एक कार्यक्रम का आयोजन भी रेलवे द्वारा किया गया जिसमें सांसद विधायक ने कहा कि डीसी ट्रेन को लेकर शुरू से ही वे गंभीर रहे हैं और रेलवे ने जनता की परेशानी को देखते हुए इसे चालू करने का निर्णय लिया ।इस ट्रेन से सभी को काफी सहूलियत होगी। चंद्रपुरा स्टेशन का और विस्तार और सुविधाओं से भरपूर किया जाएगा। मौके पर अपर रेल मंडल प्रबंधक विनीत कुमार, सीनियर डीसीएम सहित कई अधिकारी एवं आजसू के कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

### मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित

**बेरमो :** बरनवाल नवयुवक संघ फुसरो, बेरमो की ओर से फुसरो के दामोदर नदी हथिया पत्थर के समीप मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहॉ कार्यक्रम का शुभारंभ बरनवाल समाज के आदि पुरुष महाराज अहिबरन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर संघ के कार्यकताओं ने अपने समाज के संगठन एक शक्ति को बढ़ाने को लेकर विचार विमर्श किया। साथ ही चुनावों में राजनीतिक दलों के द्वारा राजनीतिक हिस्सेदारी नहीं दिए जाने को लेकर भी आपस में चर्चा की। उपस्थित लोगों ने समाज के संगठन की बेहतरी के लिए अपने-अपने विचार प्रकट किए। तत्पश्चात उपस्थित सदस्यों एवं अन्य लोगों ने वन भोज में बने सुरुचि पूर्ण भोजन का आनंद लिया। मौके पर समाज के लोगो द्वारा अतिथियो को बुके देकर सम्मानित किया गया। साथ ही संघ में नये सदस्यता लिए समाज के लोगो को परिचय पत्र दिया गया।

# नेशनल स्पोर्ट्स में डीएवी के बच्चों का बेहतर प्रदर्शन



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** बुधवार नेशनल स्पोर्ट्स में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को महाप्रबंधक सीसीएल कथारा क्षेत्र के द्वारा विद्यालय प्रांगण में ट्रॉफी और मेडल देकर भव्य स्वागत किया। बता दें कि इस प्रतियोगिता में लगभग सभी जोन की तथा प्रदेशों की डीएवी स्कूल की टीमों में चैंपियन टीम को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए बुलाया गया था,जिसमें डीएवी विद्यालय कथारा चैंपियन ट्रॉफी और मेडल का खिताब जीता। इस अवसर पर महाप्रबंधक सीसीएल कथारा क्षेत्र दिनेश कुमार गुप्ता तथा श्रीमती सीमा गुप्ता ने उपस्थित होकर बच्चों का उत्सह वर्धन किया तथा कथारा का नाम पूरे राष्ट्रीय स्तर पर उज्जवल करने के लिए हार्दिक बधाइयाँ दी ।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य विपिन राय ने भी बच्चों के राष्ट्रीय विजेता बनने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बच्चों के हौसला अफजाई के लिए अनेक उत्साह वर्धक बयान दिए ।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्रा गार्गी जे नंदिनी ने की।

इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय के खेल शिक्षक श्री शिव प्रकाश सिंह राहुल कुमार सिंह तथा रणजीत सिंह एवं टीम मैनेजर राकेश रंजन खुशबू कुमारी ममता पात्रा भी उपस्थित रहे। जिनके नेतृत्व में विद्यालय कथारा की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया ।इस अवसर पर उपस्थित अन्य शिक्षकों में बबलू दसौंधी, श्रीमती आराधना सिंह श्रीमती, रेखा कुमारी ,टी एम पाठक आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संकलन विद्यालय के शिक्षक एन एल मिश्र के द्वारा किया गया।

# गड्ढे में गिरने से हुई 50 वर्षीय बाइक सवार ग्रामीण की मौत



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** बोकारो थर्मल कुरपनिया मुख्य साडक पिलपिलो मोड़ के समीप गड्ढे में गिर जाने से एक 50 वर्षीय ग्रामीण रामेश्वर मुंडा की मौत हो गई। मृतक ग्रामीण बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के जरवाबस्ती गांव का रहने वाला था। सोमवार की संध्या वह नवाडीह प्रखण्ड उपरघाट के कुंभियाबेड़ा गांव छठियारी (समारोह) में गया हुआ था और मंगलवार की अहले सुबह लगभग चार बजे वह अकेले बाइक से बोकारो थर्मल जरवाबस्ती अपने घर आ रहा था की पिलपिलो मोड़ के समीप बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे वन विभाग के द्वारा बनाए गए गहरे गड्ढे में गिर गया। जिससे उसके सर में गंभीर चोट आ गई और समय पर चिकित्सीय उपचार नहीं मिलने के कारण उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई।

घटना के काफी देर बाद सड़क के बगल से गुजर रहे राहगीरों ने देखा और घटना की सूचना स्थानीय बोकारो थर्मल एवं पेंक थाना की पुलिस को सुबह लगभग सात बजे दिए। वही सूचना मिलने के बाद मृतक का परिजन भी घटना स्थल पहुंचे। मृतक रामेश्वर मुंडा केंद्रीय मार्केट में एक दुकान में काम करता था। वही मृतक की पत्नी सारो देवी बोकारो थर्मल प्लांट के अंदर सुलभ शौचालय कंपनी के अधीन काम करने के साथ साथ मेहनतकश मजदूर संगठन समिति की नेत्री है। मृतक के चार पुत्र हैं वही सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पहुंची पेक थाना की पुलिस शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट ले गई ।घटना के बाद मृतक के परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है साथ ही पूरा गांव में शोक व्याप्त है ।हेलमेट पहनने से बच सकती थी जान- मृतक ग्रामीण रामेश्वर मुंडा ने हेलमेट नहीं पहना था। लोगो का कहना था की मृतक ग्रामीण अगर हेलमेट पहना होता तो उसकी जान बच सकती थी। क्योंकि सर में गम्भीर चोट लगने के कारण उसकी मौत हुई है।

# पालगंज में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**पीरटांड़ :** पीरटांड़ प्रखंड के पालगंज एवं खुखरा पंचायत भवन में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पालगंज पंचायत के बाद खुखरा पंचायत में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया ।विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में केंद्र सरकार द्वारा सन्चालित योजनाओं का स्टोल भी लगाया गया ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे,प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुरेस साव,सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्याम प्रसाद, भाजपा प्रखड अध्यक्ष अजय सिंह,मुखिया शशिबाला देवी आदि मौजूद थे ।जहां अतिथियों का पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया गया ।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों व पदाधिकारीयों ने बारी - बारी से प्रत्येक स्टॉल का निरीक्षण किया ।मौके पर पदाधिकारीयों ने केंद्र सरकार की योजनाओं द्वारा आम लोगों को मिले लाभ के बारे में जानकारी ली साथ ही अपनी समस्याओं को लिखित रूप में उनके समक्ष रखने की भी बात कही ।कहा कि भाजपा सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं को समाज के वंचितों-गरीबों तक 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के माध्यम से पहुंचा रहे हैं ।भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के विषय में लोगों को बताया जा रहा है ।कार्यक्रम में बबलू साव,प्राण भक्त,अरविंद बर्णवाल,पंचायत समिति सदस्य जोगेंद्र तिवारी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# टोडल्स डेन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मनाया पिकनिक



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:** ललपनिया गोमिया प्रखण्ड अंतर्गत गोमिया स्थित संचालित टोडल्स डेन पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने अपने स्कुली बच्चों के साथ पतरातु डैम में पिकनिक मनाया ।इसके साथ ही स्कूल के द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का कार्यक्रम भी किया। इस दौरान में पतरातु डैम का माहौल बहुत ही सुहाना था। पिकनिक में बच्चों ने तरह-तरह के खेल खेल का मजा भी लिया। इस दौरान बच्चों ने पतरातु डैम पर पिकनिक स्पॉट तथा शैक्षणिक भ्रमण शिक्षकों के साथ किया ।इस मौकेपर उप प्रधानाध्यापक विकाश कुमार बर्नवाल ने स्कूली बच्चों को पतरातु डैम की विशेषता बताई ।साथ ही उन्होंने बताया कि स्कूल की ओर से हर साल स्कूली बच्चों को पिकनिक पर ले जाया जाता है। पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद जरूरी है ।आगे बताया कि पिकनिक के दौरान बच्चो के मनोरंजन के लिए कई प्रकार की व्यवस्था भी की गई थी ।साथमें कई खेलो का भी आयोजन किया गया था। स्कूल के चेयरमैन राजेन्द्र चौधरी व निदेशक अंजू लता द्वारा बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ पिकनिक का महत्व बताया। मौके पर बच्चों के साथ उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी पिकनिक का आनंद लिया। इस दौरान स्कूल के सैकड़ों बच्चे बच्चियों के साथ शिक्षिका अनुराधा राणा, सुमन सिंह, सोनी रंजन, मह फूज आलम,सूरज प्रजापति,जयशंकर कुमार,कोमल प्रिया रजनी कुमारी आदि शामिल थी।

खेल

### साप्ताहिक बाजार कोटगढ़ के कुमरिता गांव में

# हब्बा-डब्बा का खेल जोरों पर, प्रशासन मौन

▶▶ इस खेल से घरेलू क्लेश बढ़ रही है

▶▶ समाज विरोधी घटनाओं व महिलाओं पर हिंसा बढ़ने लगी है



राष्ट्रीय खबर

**गुवा :** कोटगढ़ बाजार से महज 200 की दूरी पर जेटेया थाना क्षेत्र में कुमरिता गांव में अब्बा डब्बा का खेल जोरों पर है ।चाईबासा पुलिस अधीक्षक असुतोष शेखर के सख्त निर्देश के बाद भी जेटेया थाना क्षेत्र में हब्बा-डब्बा का खेल जोरों पर चल रहा है। इस पर ना पुलिस प्रशासन की नजर है ना ही कोई जनप्रतिनिधि आवास उठा रहे। बस भोले भाले ग्रामीण पैसे की लोभ कमाने की लालच में अपने मेहनत की कमाई लुटा रहे हैं। इससे घरेलू क्लेश बढ़ रही है। भोले भाले ग्रामीण अपने वेतन की जमा पूंजी इस हब्बा डब्बा खेल में लगाकर हार जा रहे हैं। समाज विरोधी घटनाओं व महिलाओं पर हिंसा बढ़ने लगी है। इस हब्बा डब्बा खेल का संचालक जगन्नाथपुर तथा नोवामुंडी के संचालक के द्वारा कराई जाती है। इस तरह से जेटेया थाना क्षेत्र में हब्बा-डब्बा की खेल पुरी तरह से फल फुल रही है। यहां प्रत्येक बुधवार को थाना क्षेत्र से दो सौ कदम दूर में लगने वाली सप्ताहिक बाजार में प्रत्येक सप्ताह जोरों से हब्बा-डब्बा का खेल खेला जाता आ रहा है।

इस प्रतिबंधित हब्बा डब्बा खेल को लेकर ना पुलिस और ना ही कोई प्रशासनिक अधिकारी इस पर अंकुश लगा रहे हैं। सबका अपना-अपना हिस्सा तय रहता है। उस रास्ते से गुजरते वक्त अपनी नजरें चुराकर किनारे होकर निकल जाते हैं। ऐसा नहीं है कि इसके बारे में किसी भी पुलिस प्रशासन या प्रशासनिक अधिकारी को जानकारी ना हो। बाजार में लगने वाली हब्बा डब्बा के खेल के बारे मे वरीय प्राधिकारी तक को फोन से जानकारी दी जाती है पर उनके द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि इस खेल से मोटी रकम से थाना को भी मोटी रकम पहुंचाई जाती है। इस कारण जुआ माफियाओं का मनोबल बढ़ा हुआ है। इसकी शिकायत जब प्रशासन से की जाती है तो हब्बा डब्बा खेल के संचालक शिकायतकर्ता को धमकाने लगता हैं। इस खेल के संचालन से आए दिन थाना क्षेत्र में समाज विरोधी घटनाएं ज्यादा घट रही है। अगर समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो इसका परिणाम गंभीर हो सकता है।

# जयनारायण महतो का ढोरी में जोरदार स्वागत



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के रिजनल सचिव जयनारायण महतो को जेबीसीसीआई निगरानी संयुक्त समिति सदस्य जयनारायण महतो को झाकोमयू ढ़ोरी और बीएंडके क्षेत्र के सदस्यों ने सीसीएल ढ़ोरी के चपरी गेस्ट हाउस मे समारोह आयोजित कर महतो को बुके देकर व माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कहा कि वे हमेशा मजदूरों के हित में कार्य करने को तत्पर रहते हैं। झाकोमयू हमेशा मजदूरों के हित में फैसला लेते आया है। मजदूरों को जब भी किसी प्रकार का समस्या हुआ है तो हमारी यूनियन जदूरों की लड़ाई लड़ी है और मजदूरों के हित में आवाज उठाई है। श्री महतो ने कोल इंडिया और सीसीएल के अध्यक्ष को पत्र लिख कर कोल इंडिया के विभिन्न अनुषगी इकाई में गैर खनन कार्य कर रहे निजी कंपनियों के श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी एवं अन्य सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि कोल इंडिया के विभिन्न अनुषगी इकाई सीसीएल, एमसीएल, एनसीएल, बीसीसीएल, इसीएल एव अन्य इकाई में सार्वजनिक क्षेत्र से अधिक निजी क्षेत्र के कंपनियों द्वारा खनन कार्य कर रहे हैं एवं श्रमिकों की संख्या लगभग 90000 के करीब है जिसका हालत ठीक नहीं है।

संपादकीय

# वोट की मजबूरी में न्याय का माखौल

जैसे ही सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो बलात्कार मामले में 11 दोषियों को रिहा करने के गुजरात सरकार के आदेश को रद्द कर दिया और उन्हें जेल अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया, 11 में से नौ दोषी कथित तौर पर रंधिकपुर के जुड़वां गांवों से लापता हो गए। यह दोनों गांव दाहोद जिले में सिंगवड में हैं। गुजरात में दो गांव अगल-बगल स्थित हैं। गोधरा दंगों से पहले बिलकिस और उनका परिवार भी रंधिकपुर में रहता था। पिछले दिन गोधरा में ट्रेन जलाने की घटना के तुरंत बाद, उन्होंने 28 फरवरी, 2002 को अपना घर छोड़ दिया। 3 मार्च 2002 को दाहोद के लिमखेड़ा तालुका में भीड़ ने उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया और उसकी तीन साल की बेटी सहित परिवार के 14 सदस्यों की हत्या कर दी। छह के शव कभी नहीं मिले। 21 जनवरी, 2008 को सीबीआई की विशेष अदालत ने 11 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। राज्य सरकार द्वारा उन्हें छूट देने के आदेश के बाद, उन सभी को



15 अगस्त, 2022 को रिहा कर दिया गया था। 2002 में गुजरात नरसंहार के दौरान जघन्य सामूहिक बलात्कार और एक परिवार के कई सदस्यों की हत्या के लिए दोषी ठहराए गए 11 लोगों को रिहा करने के आदेश को रद्द करने का भारत के सर्वोच्च न्यायालय का फैसला राज्य सरकार पर एक स्पष्ट अभियोग है। बिलकिस बानो मामले की जांच गुजरात पुलिस से केंद्रीय जांच ब्यूरो को स्थानांतरित करने और मुकदमा मुंबई स्थानांतरित करने के बाद मुंबई की एक सत्र अदालत ने इन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। एक अपमानजनक कहानी जो भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा उनकी समयपूर्व रिहाई की सुविधा देने और मुक्त किए गए लोगों को उनके समर्थकों द्वारा माला पहनाए जाने से शुरू हुई थी, अब अदालत द्वारा उन्हें दो सप्ताह के भीतर जेल लौटने के निर्देश के साथ समाप्त हो गई है। फैसला इस आधार पर दिया गया है कि गुजरात के पास महाराष्ट्र में सजा पाए दोषियों को सजा में छूट देने का फैसला करने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। एक स्पष्ट टिप्पणी में, न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा, गुजरात राज्य ने दोषियों में से एक की याचिका में मिलकर काम किया है और राज्य सरकार को सजा में छूट देने का निर्देश देने की मांग की है। उनके जीवन काल की शेष अवधि 1992 की निष्क्रिय पॉलिसी पर आधारित थी। इसने नोट किया है कि गुजरात सरकार - जिसने पिछली कार्यवाही के दौरान सही रुख अपनाया था कि केवल महाराष्ट्र सरकार, जहां मुकदमा और सजा हुई थी, छूट पर विचार करने के लिए उपयुक्त सरकार थी - दो-पीठ के फैसले की समीक्षा करने में विफल रही थी। मई 2022 में आदेश दिया गया, भले ही भौतिक तथ्यों को छिपाने के आधार पर यह गलत निर्णय लिया गया था। दोषियों के पक्ष में आदेश पारित करने के लिए अदालत के निर्देश का हवाला देते हुए पीठ ने कहा कि राज्य सरकार सत्ता हथियाने की दोषी है। यह फैसला ऐसे समय में कानून के शासन और न्यायपालिका में विश्वास की बहाली के लिए एक झटका है, जब संस्था की शक्ति को नियंत्रित करने की क्षमता के बारे में संदेह है। गुण-दोष के आधार पर, यह मूल सिद्धांतों का समय पर दोहराव है जो छूट देने की शक्ति का सक्रिय प्रयोग करता है कि यह निष्पक्ष और उचित होना चाहिए और प्रासंगिक मापदंडों के एक सेट पर आधारित होना चाहिए जैसे कि क्या अपराध में बड़े पैमाने पर समाज प्रभावित हुआ है, क्या दोषी ने समान अपराध करने की क्षमता बरकरार रखी है या सुधार करने में सक्षम है। आजीवन दोषियों की रिहाई, जिनसे आम तौर पर अपना पूरा जीवन जेल में बिताने की उम्मीद की जाती है, जब तक कि जेल की सजा के बाद छूट नहीं दी जाती है, जो कि 14 साल से कम नहीं होनी चाहिए, पर व्यक्तिगत रूप से विचार किया जाना चाहिए और बिना किसी सर्वव्यापी भाव का हिस्सा नहीं होना चाहिए। पीड़ितों, उत्तरजीवियों और समाज पर उनकी स्वतंत्रता के प्रभाव के संबंध में। छूट नीति में मानवीय विचारों और कानून के शासन या सामाजिक हितों का उल्लंघन किए बिना दोषियों के सुधार की गुंजाइश शामिल होनी चाहिए। इस मामले में, छूट की कोई भी शर्त पूरी नहीं की गई। इससे साफ हो जाता है कि न्याय व्यवस्था को अपनी मर्जी के मुताबिक हांकने की कोशिश गुजरात से लेकर नई दिल्ली तक हुई है। यह भी भारतीय संविधान के लिए बड़ी चुनौती है और देश को धीरे धीरे फिर से उस तरफ ले जा रहा है, जो कभी ब्रिटिश राज में हुआ करता था। लंबी लड़ाई के बाद मिली आजादी के बाद स्थापित लोकतंत्र को फिर से ध्वस्त करने की इस चाल को समझना देश के आम नागरिकों की जिम्मेदारी है। अगर नागरिक सजग हुए तो सब कुछ सुधर जाएगा।

# झारखंड में बाल विवाह : चुनौतियां और रणनीति

बाल विवाह को सामाजिक बुराई मान कर इसकी अनदेखी चलती रही है जबकि सच्चाई यह है कि यह बच्चों के साथ बलात्कार है और कानून की नजर में भी इसे बलात्कार ही माना जाता है। इसके बावजूद बच्चों का बचपन छीनने का यह सिलसिला सदियों से जारी है। नतीजे में बाल विवाह की शिकार दुनिया की हर तीसरी लड़की भारतीय है। है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 (एनएफएचएस 2019-21) के आंकड़े बताते हैं कि देश में 20 से 24 के आयु वर्ग की 23.3 प्रतिशत लड़कियों का विवाह 18 वर्ष की आयु से पहले ही हो गया था। विकास के सभी मानकों पर देश के सबसे पिछड़े राज्यों में शुमार झारखंड की करें तो यहां हालात और भी बदतर हैं। एनएफएचएस के आंकड़ों के अनुसार यहां 20 से 24 आयु वर्ग की 32.3 फीसद लड़कियों का विवाह 18 की उम्र से पहले हो गया था। एनएचएफएस-5 के आंकड़ों के अनुसार



भुवन ऋभु
स्तंभकार

बाल विवाह के मामलों में जामतारा देश में 14वें, देवघर 23वें और गोड्डा 25वें स्थान पर है। जामतारा में 20 से 24 वर्ष की 50.5 फीसद लड़कियों का विवाह 18 वर्ष के पूर्व हो गया था। ये आंकड़े भयावह लग सकते हैं लेकिन इसके पीछे तमाम आर्थिक-सामाजिक कारण हैं जिसमें प्रमुख हैं शिक्षा का अभाव, गरीबी और बच्चियों के लिए असुरक्षित माहौल जिसकी वजह से मां-बाप उनकी जल्दी शादी कर देते हैं। हाल के कुछ वर्षों में झारखंड में बाल विवाह के खात्मे के लिए सरकारी स्तर पर कुछ गंभीर प्रयास देखने को मिले हैं। झारखंड उन चंद राज्यों में है जिसने है नवंबर 2018 में बाल वाह के खिलाफ बाकायदा कार्ययोजना पेश की। इसमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच और खास तौर लड़कियों की शिक्षा पर जोर देने के अलावा कौशल विकास को मजबूती देने जिसमें खास तौर से लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने और बाल विवाह की रोकथाम के लिए इससे जूड़े कानूनों, नीतियों और योजनाओं पर अमल के लिए प्रवर्तन एजेंसियों के ज्ञान और क्षमता निर्माण और सभी प्रासंगिक विभागों की नीतियों में समन्वय पर जोर दिया गया।

इन समन्वित प्रयासों के नतीजे 16 अक्टूबर को साफ तौर पर दिखे जब राज्य सरकार की पहल पर सरकारी विभागों और गैरसरकारी संगठनों ने राज्य के सभी 24 जिलों के हजारों गांवों में महिलाओं की अगुआई में मशाल जुलूस निकाले और झारखंड को बाल विवाह मुक्त बनाने की शपथ ली। राज्य सरकार ने विभिन्न विभागों को पत्र लिख कर उनसे इस अभियान में हिस्सा लेने और राज्य को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए लोगों को शपथ दिलाने का निर्देश दिया था। लोगों ने भी निराश नहीं किया और इस जागरूकता अभियान इस अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सेदारी की। सभी स्कूलों और पंचायतों में लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई। इससे इस अभियान को तकरीबन हर गांव और हर घर तक पहुंचने में कामयाबी मिली। इसमें पंचायत विभाग, महिला एवं बाल कल्याण विकास विभाग और शिक्षा विभाग की केंद्रीय भूमिका रही लेकिन पहली बार इसमें पुलिस और विधिक सेवाओं के पदाधिकारियों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। थानों में लोगों के साथ पुलिसकर्मियों ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली। इससे कम से कम एक बदलाव तो जाहिर है कि पुलिस अब बाल विवाह से आंख मूंदने का काम नहीं करेगी। बाल विवाह के खिलाफ झारखंड सरकार के ये समन्वित प्रयास एक तरह से जमीनी स्तर पर 'पिकेट' रणनीति पर ही अमल है जिसकी इन पंक्तियों के लेखक ने अपनी पुस्तक 'व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन : टिपिंग प्वाइंट टू एंड चाइल्ड मैरेज' में विस्तार से चर्चा की है। 'पिकेट' रणनीति के तहत सरकारें, संस्थान, वैधानिक निकाय समन्वित रूप से कार्य करते हुए बच्चों की सुरक्षा व कल्याण के उपायों में निवेश, योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और तकनीक के इस्तेमाल से निगरानी और बचाव जैसे उपायों पर फोकस करती हैं। यह सरकार, समुदायों, गैर सरकारी संगठनों और बाल विवाह के लिहाज से संवेदनशील बच्चियों से नीतियों, निवेश, संम्मिलन, ज्ञान-निर्माण और एक पारिस्थितिकी जहां बाल विवाह फल-फूल नहीं पाए एवं निरोधक उपायों और निगरानी तकनीकों की मांग पर एक साथ काम करने का आह्वान करती है। इसमें मुख्य ध्यान बाल विवाह की रोकथाम के उपायों, बच्चों की सुरक्षा को लेकर लोगों की मानसिकता में बदलाव लाने और उन्हें यह समझाने पर होना चाहिए कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई ही नहीं बल्कि बच्चों के प्रति गंभीर अपराध है।

बाल विवाह को रोकने के लिए 18 वर्ष की आयु तक सभी बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा और इसे विवाह की उम्र से जोड़ने के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम में संशोधन की मांग वाजिब है। साथ ही, सशर्त नगदी हस्तांतरण जैसे प्रोत्साहन उपायों के अच्छे नतीजे देखने को मिले हैं। ऐसे में झारखंड सरकार की सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना बेहद अहम हो जाती है। खास तौर से बाल विवाह को रोकने के उद्देश्य से बनाई गई इस योजना के तहत कक्षा आठ से 19 साल की उम्र तक पढ़ाई करने वाली छात्राओं को कुल 40 हजार रुपए की अनुदान राशि दी जाएगी। इससे अभिभावकों को एक आकर्षक विकल्प मिल गया है जहां वे बच्ची के कम उम्र में ब्याह के बजाय उसे पढ़ाना बेहतर समझेंगे। सरकार ने ह्यमुखबिरह्व योजना भी शुरू की है जिसके तहत बाल विवाह की जानकारी देने वालों को एक हजार का नगद इनाम मिलता है।

यूनीसेफ का अनुमान है कि अगर पिछले दस साल से हुई प्रगति जारी रही तो 2050 तक जाकर भारत में बाल विवाह की दर घट कर छह प्रतिशत पर आ पाएगी। इसका मतलब है कि 2023 से लेकर 2050 के बीच सात पीढ़ियों तक बाल विवाह का दंश बच्चों से उनका बचपन छीनता रहेगा और हर साल 15 लाख लड़कियों को बाल विवाह के चंगुल में फंसने से नहीं बचाया जा सकता। अब इतना इंतजार नहीं किया जा सकता। हम इस मुद्दे की गंभीरता और तात्कालिकता को समझते हुए अपनी मौजूदा रणनीतियों में बदलाव करें। 'पिकेट' रणनीति पर अमल से हम इस समस्या से पार पा सकते हैं और 2030 तक झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश से बाल विवाह की बुराई को खत्म कर सकते हैं।

**(प्रख्यात बाल अधिकार कार्यकर्ता और सुप्रीम कोर्ट के वकील भुवन ऋभु हाल ही में आई चर्चित किताब 'व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन : टिपिंग प्वाइंट टू एंड चाइल्ड मैरेज' के लेखक हैं। इस किताब में बताई गई रणनीति के आधार पर देश में बाल विवाह के लिहाज से संवेदनशील तकरीबन 300 जिलों को केंद्रित कर 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने का अभियान चलाया जा रहा है।)**

# होली उत्सव और महामूर्ख की उपाधि

प्रेरक-प्रसंग

**गतांक से आगे .. .. ..**

इसी बीच जब तेनालीराम का भांग का नशा कुछ कम हुआ तो वह भी होली उत्सव में हिस्सा लेने पहुंच गया। तभी तेनालीराम की नजर एक पुरोहित पर पड़ी जो मिठाईयां खा कम और झोली में भर ज्यादा रहे थे। तेनालीराम कुछ देर तक उन्हें बड़ी ध्यान से देखता रहा। पुरोहित की झोली और दोनों जेबें जब मिठाइयों से भर गईं, तो तेनालीराम उनके करीब गया। तेनालीराम ने पानी से भरा एक लोटा लिया और पुरोहित की झोली व जेब में उड़ेल दिया।फिर क्या था, तेनालीराम के ऐसा करने की वजह से पुरोहित जी बहुत नाराज हो गए। वह तेनालीराम पर जोर-जोर से चिल्लाने लगे और चीखने लगे। पुरोहित के इस तरह



चीखने से सभी उनकी ओर देखने लगे और महाराज की नजर भी उन लोगों पर पड़ी। तब राजा कृष्णदेव उन लोगों के करीब गए और पुरोहित से उनके चिल्लाने की वजह पूछी। तब पुरोहित ने उन्हें बताया कि कैसे तेनालीराम ने उनकी जेब और झोली में पानी डाल दिया। इस पर महाराज तेनालीराम से बहुत नाराज हुए और तेनालीराम से ऐसा करने की वजह पूछी।तब तेनालीराम मुस्कुराते हुए बोला, ह्यमहाराज पुरोहित जी जेबों और झोले ने बहुत मिठाईयां खा ली थीं। मुझे लगा कहीं उन्हें बदहजमी न हो जाए, बस इसी वजह से मैंने पुरोहित जी की जेबों और झोले को थोड़ा पानी पिलाया था। तेनालीराम की बात सुनकर महाराज जोर-जोर से हंसने लगे और कुछ देर बाद बोले, ह्यतुम सबसे बड़े महामूर्ख हो, भला झोला और जेब भी कहीं मिठाईयां खाते हैं क्या? .. ..जारी।

नजरिया

# बिल्कीस काण्ड : सरकार के मुंह पर एक और 'सुप्रीम' तमाचा

विगत दस वर्षों में अनेक बार विभिन्न मामलों में केंद्र सरकार को आईना दिखाते रहने वाली देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने गत 8 जनवरी को गुजरात के 2002 के बिल्कीस बानो सामूहिक बलात्कार व हत्या काण्ड मामले पर अपना एक और ऐतिहासिक फैसला देकर सरकार को इतना असहज कर दिया है कि उसके रणनीतिकारों को मुंह छिपाने लायक भी नहीं छोड़ा। गौरतलब है कि फरवरी 2002 में हुये गोधरा ट्रेन हादसे के बाद गुजरात के बड़े इलाके में फैले मुस्लिम विरोधी दंगों के दौरान अहमदाबाद के पास स्थित एक गांव में दंगाइयों की एक भीड़ ने बिलकीस बानो व उसके परिवार पर जानलेवा हमला किया था। इसी हमले के दौरान बिलकीस बानो के साथ गैंगरेप किया गया जबकि वह उस समय पांच महीने की गर्भवती भी थी। बिलकीस बानो के साथ गैंगरेप करने के साथ ही उनकी तीन साल की बेटी सालेहा की उसी के सामने बड़ी ही नृशंसता से हत्या भी कर दी गई थी। इस दौरान भड़की व्यापक हिंसा में दंगाइयों द्वारा बिलकीस बानो की मां उसकी छोटी बहन और कई रिश्तेदार सहित 14 लोगों की हत्या कर दी गयी थी। इसके बाद



निर्मल रानी
स्तंभकार

**बिलकीस बानो के साथ गैंगरेप करने के साथ ही उनकी तीन साल की बेटी सालेहा की उसी के सामने बड़ी ही नृशंसता से हत्या भी कर दी गई थी। इस दौरान भड़की व्यापक हिंसा में दंगाइयों द्वारा बिलकीस बानो की मां उसकी छोटी बहन और कई रिश्तेदार सहित 14 लोगों की हत्या कर दी गयी थी।**

इस मुकद्दमे की सुनवाई गुजरात के बजाय महाराष्ट्र में की गयी। जिसमें 21 जनवरी, 2008 को मुंबई की सीबीआई की एक विशेष अदालत ने बिलकीस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार करने व उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या करने के आरोप में इस जघन्य काण्ड में शामिल 11 अभियुक्तों को सबूतों,साक्ष्यों व गवाहियों के आधार पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी थी। मुंबई उच्च न्यायालय ने भी बाद में सीबीआई की विशेष अदालत द्वारा अपराधियों को दी गयी आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा था। ये सभी अपराधी गोधरा जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे। 2002 में जिस समय बिल्कीस व उसके परिवार के सदस्यों के साथ यह हृदय विदारक घटना घटी उस समय बिलकीस की आयु लगभग 20 वर्ष की थी। परन्तु गुजरात सरकार ने बड़े ही आश्चर्य जनक ढंग से 2022 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर यानी 15 अगस्त 2022 को इन सभी 11 हत्यारों व बलात्कारियों की सजा में छूट देते हुए उन्हें रिहा किये जाने का आदेश दे दिया था। इन सभी 11 दोषियों को गुजरात सरकार की मुआफी योजना के तहत रिहाई दी गई थी। रिहाई के समय सरकार ने इनके नेक चरित्र का प्रमाण पत्र दिया,अदालत के बाहर भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेताओं द्वारा इन बलात्कारियों को 'संस्कारी ' व 'ब्राह्मण' बताकर इनके अपराधों को कम करने की कोशिश की गयी। इनके जेल से बाहर आने पर जेल के मुख्य द्वार से लेकर कई सार्वजनिक समारोहों में इन कलंकी हत्यारों व बलात्कारियों का फूल माला तिलक के साथ स्वागत किया गया। जिस समय देश में यह सब घटित हो रहा था उस समय भाजपा की तरफ से 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ' और 'नारी वंदन' जैसी लोकलुभावने 'जुमले ' इस्तेमाल करने वाली इसी सरकार की किसी भी महिला मंत्री या सांसद ने अपनी जुबान नहीं खोली। खोलती भी कैसे जब इन्हें मणिपुर में महिलाओं की नग्न परेड और सामूहिक बलात्कार ने विचलित नहीं किया,यह उसपर भी खामोश रहीं तो 2002 के गुजरात के जुल्म पर इन्हें क्या बोलना था ? बहरहाल,बिल्कीस बानो तत्कालीन सांसद महुआ मोइत्रा,सुभाषिनी अली व कई अन्य निडर एक्टिविस्ट के सहयोग से गुजरात सरकार के 15 अगस्त 2022 को इन अपराधियों को रिहा करने के फैसले के विरुद्ध उच्चतम न्यायलय गयीं। और आखिरकार पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में बिलकीस बानो के साथ बलात्कार करने व उसके परिवार वालों की हत्या करने के उन सभी 11 दोषियों की सजा में छूट देकर रिहाई करने के गुजरात सरकार के निर्णय को अपनी सख़्त टिप्पणियों व फैसले के साथ निरस्त कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में जो टिप्पणियां की हैं वह सीधे तौर पर केंद्र व राज्य सरकार दोनों को कटघरे में खड़ा करती हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद जहां आम लोगों में यह धारणा बलवती हुई है कि बहुमत व बहुसंख्यवाद की राजनीति के दौर में वर्तमान सत्ता कितनी भी अनियंत्रित क्यों न हो जाये परन्तु देश में अदालत और कानून का राज अभी भी कायम है। और अदालतें सत्ता को बेनकाब करने और उसे भी कटघरे में खड़ा करने की पूरी ताकत रखती हैं।

जानकारी

# सिंगापुर का इतिहास

मुख्य व्यावसायिक गतिविधि एंट्रीपोर्ट व्यापार के रूप में थी जो कराधान रहित और न्यूनतम प्रतिबंध के अंतर्गत काफी तेजी से निखरा। कई व्यापारी घरानों की स्थापना सिंगापुर में हुई जो मुख्यतः यूरोपीय व्यापार कंपनियों द्वारा की गयी थी लेकिन इसमें यहूदी, चीनी, अरब, अर्मेनियाई, अमेरिकी और भारतीय व्यापारी भी शामिल थे। कई चीनी बिचौलिये भी थे जिन्होंने यूरोपीय और एशियाई व्यापारियों के बीच अधिकांश व्यापार का संचालन किया। 1827 तक चीनी सिंगापुर में सबसे बड़े जातीय समूह बन गए थे। इनमें पेरानाकन शामिल थे जो पहले के चीनी निवासियों के वंशज थे और चीनी कूली जो अफीम युद्धों के कारण दक्षिणी चीन में आर्थिक संकट से बचकर सिंगापुर भाग आये थे। कई लोग गरीब अनुबंधित मजदूरों के रूप में सिंगापुर पहुंचे थे और वे मुख्य रूप से पुरुष थे। 1860 के



दशक तक मलायी दूसरे सबसे बड़े जातीय समूह बन गए थे और उन्होंने मछुआरों, कारीगरों या मजदूरों के रूप में ज्यादातर कम्पुंग में निरंतर रहकर काम करते थे। 1860 तक भारतीय दूसरे सबसे बड़े जातीय समूह बन गए। उनमें अकुशल मजदूर, व्यापारी और ऐसे अपराधी शामिल थे जिन्हें जंगलों की सफाई और सड़कें बिछाने जैसे सार्वजनिक निर्माण परियोजनाओं को पूरा करने के लिए भेजा गया था। इसमें भारतीय सिपाही दल भी शामिल थे जिन्हें अंग्रेजों द्वारा सिंगापुर में मोचाबंदी के रूप में तैनात किया गया था।

# Xiaomi e-paper book हुआ 7 इंच HD स्क्रीन के साथ पेश

साइबर दुनिया

नई दिल्ली : Xiao ने अपना नया ई-बुक रीडरX Xiaomi e-paper book 7-इंच HD स्क्रीन के साथ लॉन्च किया है। Xiaomi e-paper book में 7-इंच की HD स्क्रीन दी गई है। Xiaom इलेक्ट्रॉनिक पेपर बुक इंक स्क्रीन में क्वाड-कोर सीपीयू दिया गया है। यह कम पावर का इस्तेमाल करता है। इसमें 2GB की रनिंग मेमोरी और 64GB स्टोरेज दी गई है। ई-पेपर बुक एंड्रॉइड 11 पर काम करता है। इसमें इनबिल्ट इंक स्क्रीन एडेप्टिव ऐप्स शामिल हैं जो कि बेहतर यूजर अनुभव प्रदान करने में मदद करती हैं। कनेक्टिविटी ऑप्शंस में ड्यूल बैंड वाईफाई (2.4GHz/5GHz), ब्लूटूथ 5.2 और USB पोर्ट शामिल हैं। नई Xiaomi ई-पेपर बुक में 1200mA की बैटरी दी गई है, वहीं इसके मैग्नेटिक चार्जिंग केस में 1950mAh की बैटरी है। स्टैंडबाय मोड पर डिवाइस 7 हफ्ते की बैटरी लाइफ का दावा करता है जो कि उसकी बैटरी और मैग्नेटिक चार्जिंग केस दोनों पर बेस्ड है।



यह सामान्य इस्तेमाल पर 40 घंटे की बैटरी लाइफ प्रदान करता है।
डिजाइन की बात करें तो Xiaomi ई-बुक में साइड-ग्रिप फिजिकल बटन और एक एर्गोनॉमिक बैक पैनल दिया गया है। इस डिवाइस का वजन 166 ग्राम है जो कि काफी हल्के होने की वजह से लंबे समय तक इस्तेमाल किया जा सकता है। Xiaomi ई-पेपर बुक का स्क्रीन रेजॉल्यूशन 300pp है और इसमें Cart 1200 टेक्नोलॉजी जेनरेशन इंक का इस्तेमाल किया गया है। यह कार्टा टेक्नोलॉजी जनरेशन इंक की पिछली जनरेशन के मुकाबले में बेहतर रिस्पॉन्स स्पीड और कंट्रास्ट रेशियो प्रदान करता है। ई-बुक वार्म और कोल्ड ड्यूल कलर टेंप्रेचर ऑटोमैटिक डिमिंग, ऑटोमैटिक स्क्रीन रोटेशन और एक बैलेंस्ड रिफ्रेश मोड के 32 लेवल का सपोर्ट करती है। नए डिवाइस को फुल चार्ज पर 40 घंटे इस्तेमाल किया जा सकता है और स्टैंडबाय टाइम 7 हफ्ते है। यहां हम आपको Xiaomi e-paper boo' के फीचर्स और कीमत के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

टॉप ट्वीट

" प्रधानमंत्री ने संसद को अभिनंदन और तालियों का मंच बना दिया है और यह स्वीकार्य नहीं है. इसलिए जनता से जुड़े मुद्दों को उठाने के लिए हमें जनता के बीच जाना होगा।"

मल्लिकार्जुन खड़गे
कांग्रेस अध्यक्ष





"जल्द ही आपलोग मेरे एक नए अवतार से रूबरू होंगे और यह फिल्म सबका भरपूर मनोरंजन करेगी। "

निशा दुबे
अभिनेत्री-गायिका

संपादक के नाम पत्र

## वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड के उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायज को रिसीव करने एयरपोर्ट गए और तीन किमी का रोड शो कर राज्यो की कला और संस्कृति की झलक निहाल कर यूएई के रास्ट्रपति अभिभूत हो गए।नृत्य की कलाकारों ने प्रस्तुति दी गई।20 साल पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाइब्रेट गुजरात को शुरू किया।रोड शो के दौरान अहमदाबाद को प्लास्टिक मुक्त बनाने की कोशिश की गई।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माइक्रोन और सुजुकी मोटर्स के सीईओ के साथ बैठक की गई।वाइब्रेट समिट में हिस्सा लेने जापान की दो सौ कम्पनियो के प्रतिनिधिमंडल शामिल होंगे।ग्लोबल ट्रेड शो में करीब सौ देश हिस्सा ले रहे है।वाइब्रेंट गुजरात ऐतिहासिक बन गया है।बीस वर्ष पूर्ण होने पर स्मारक स्टाम्प का अनावरण किया गया।वाइब्रेट गुजरात दो दशक से निरंतर समृद्धि की और अग्रसर है।भारत को ग्रोथ इंजन की स्टेफनी की तरह सहयोग कर रहा है।दुनिया के देशों का गुजरात के साथ अच्छे रिस्ते बन गए है।विदेश गुजरात से जुड़ता गया।वाइब्रेंट गुजरात की नींव अब पक्की हो गई है।गुजरात की समृद्धि का पीठबल वाइब्रेट गुजरात समिट ही है।जो अनवरत बीस वर्षों मोदी के हाथों उद्घाटन किया जा रहा है।सौ देशों का भाग लेना एक तरफ से अचंभित करने वाला वाक्या है।भारत ही सही, लेकिन गुजरात की तरफ आकर्षित हो रहे है।10 से 12 जनवरी को दसवां वाइब्रेट गुजरात समिट का आयोजन किया गया है।उतरोतर गुजरात की प्रगति होने के कारण गुजरात का योगदान 8.3प्रतिशत है।

कांतिलाल मांडोत

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## प्रदेश >> अपडेट

### शिक्षिकाओं के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण

**चतरा :** राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोक्ता श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार आज चतरा समाहरणालय सभाकक्ष में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण सह परिसंम्पति वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मंत्री के समाहरणालय परिसर में आगमन पर उपायुक्त अबू इमरान ने पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### सिटी बजाओ स्कुल बुलाओं कार्यक्रम को लेकर बैठक

**चतरा :** उपायुक्त चतरा अबु इमरान के निदेर्शानुसार सिटी बजाओं स्कूल बुलाओं कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में उपस्थिति बढ़ाने के लिए यह एक अनूठी पहल है। इसके तहत सिटी बजा कर सभी बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने एवं विद्यालय से बाहर रह गए बच्चे एवं विद्यालय छोड़ चुके बच्चों को विद्यालय आने/जोड़ने से संबंधित कार्य किया जायेगा। सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखण्ड रांची के निदेर्शानुसार जिले के सभी विद्यालयों के शिक्षक, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों, अभिभावको, रसोईया, पंचायत समिति के सदस्यों यथा मुखिया, वार्ड सदस्य, बी.आर.पी., बी.पी.ओ. बी.ई.ई.ओ. के माध्यम से हैसटैग सिटी बजाओ अभियान का फोटो, वीडियो समय 8:30 से 9:30 बजे सुबह एक साथ अपलोड करने का निदेश प्राप्त है। साथ ही यह कार्यक्रम विद्यालयों में निरंतर जारी रखा जायेगा। इस अभियान को लेकर जिले के सभी सी.आर.पी.बी.आर.पी. बी पी ओ, बी.ई.ई.ओ. के साथ कन्या +2 उच्च विद्यालय चतरा में जिला स्तरीय बैठक जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी झारखण्ड शिक्षा परियोजना की अध्यक्षता में की गई। उक्त बैठक में ए.डी.पी.ओ. एवं जिला समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### भाजपा नेता ने जरुरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

**चतरा :** भाजपा नेता उदयभान नारायण सिंह एक दिवसीय दौरे पर चतरा पहुँचे। इस दौरान उन्होंने सदर प्रखंड के चौर और तुड़ाग गांव में जरुरतमंदों के बीच कंबल वितरण। उन्होंने कहा कि बढ़ते ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया गया। कहा कि वे लगातार जरूरतमंदों के बीच सेवा करते आ रहे हैं। आज भी जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया है। कहा कि चतरा से पुराना लगाव है। यही कारण है कि वे लगातार यहां पहुँचकर लोगों से मिलते जुलते हैं। हर परिस्थिति में लोगों की मदद करते हैं। एक सवाल के जवाब में उदयभान नारायण सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी अगर मौका देती है तो मजबूती से चुनाव लड़ा जाएगा। इस मौके पर सूरज गुप्ता,कुमार विवेक, सुनील सिन्हा, हेमंत कुमार, आदित्य सिंह उर्फ मोनू, अजय मिश्रा, राम स्वार्थ सिंह अन्य उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने मोबाईल डेमोंस्ट्रेशन वैन को रवाना किया

**चतरा :** आगामी लोक सभा आम चुनाव 2024 ई.वी.एम.-वी.वी.पैट जागरूकता कार्यक्रम चतरा जिला अन्तर्गत दोनों अनुमण्डल सतर पर प्रत्येक मतदान केन्द्र में जाकर मोबाईल डेमोंस्ट्रेशन वैन के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जायेगा इसे लेकर आज समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा अबु इमरान द्वारा हरी झंडी दिखा कर दोनो विधानसभा क्षेत्र सिमरिया एवं चतरा के लिए अलग अलग मोबाईल डेमोंस्ट्रेशन वैन को रवाना किया गया। यह मोबाईल डेमोंस्ट्रेशन वैन विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केन्द्र, शिक्षण संस्थान, हाट बाजार इत्यादि स्थलों पर जाकर ई.वी.एम.-वी.वी.पैट के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगी।

**निरीक्षण**

लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में देखते हुए

# आयुक्त ने किया संताल परगना प्रमंडल के विभिन्न बूथों का निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए प्रमंडलीय आयुक्त, संताल परगना प्रमंडल, दुमका लालचंद डाडेल के द्वारा दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं को उपलब्ध कराई जानी वाली सुविधाएं पेयजल, शौचालय रैम्प आदि का आकलन करने के लिए बुधवार को पाकुड़ जिला के तीनों विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्रमंडलीय आयुक्त ने लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बूथ नंबर 201,218,219 एवं 34 पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बूथ नंबर 256, 240, 241 एवं महेशपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बूथ नंबर 90,100, 103 का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं की जायजा ली। उन्होंने विद्यालय में कमरों, शौचालय की व्यवस्था, लाइट, सफाई, पेयजल, दिव्यांगों के लिए चढ़ने, और बैठने की व्यवस्था का सघन जायजा लिया।

इस दौरान प्रमंडलीय आयुक्त ने प्राइमरी स्कूल शहरघाटी, अमड़ापाड़ा के बच्चों से भी मिलें। उन्होंने वहां के बच्चों से बातचीत की एवं शिक्षा की गुणवत्ता देखी। सभी शिक्षकों को बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं, पठन-पाठन में लापरवाही नहीं करें। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तभी संभव है जब आप ईमानदारी से पढ़ाएंगे। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, उप निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार, संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय सौरभ कुमार तिवारी, सहायक तकनीकी पदाधिकारी विधान चक्रवती, आशुलिपिक भादू देहरी, बीएलओ सुपरवाइजर, बीएलओ एवं निर्वाचन विभाग के कर्मी समेत अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### उपायुक्त ने मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन को किया रवाना



**दुमका :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त दुमका आंजनेयुलु दोड्डे ने समाहरणालय परिसर से ईवीएम वीवीपैट मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन चुनाव की तिथि घोषणा होने तक तिथिवार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों में जाकर ईवीएम वीवीपैट के संबंध में सभी जरूरी जानकारी मतदाताओं को उपलब्ध कराएगा।उन्होंने कहा कि जिले के सभी मतदाता मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन के माध्यम से ईवीएम वीवीपैट के संबंध में जानकारी प्राप्त करें।साथ ही ईवीएम वीवीपैट के माध्यम से मतदान करने की प्रक्रिया को समझें।

### पुर्व सैनिकों ने नवपदस्थापित एसडीएम से की शिष्टाचार मुलाकात

**हुसैनाबाद,पलामू :** हुसैनाबाद इकाई के पुर्व सैनिकौं ने बुधवार को नवपदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी आइएएस आशीष गंगवार से मुलाकात किया। सभी सैनिकों ने नववर्ष कि हार्दिक शुभकामनाए देते हुए अपना परिचय दिया। संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेन्ट प्रेमतोष प्रसाद ने हुसैनाबाद स्थिति पुर्व सैनिक कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए कहा की इस संगठन के संरक्षक कर्नल संजय कुमार सिंह कि देन है जो हम सभी पुर्व सैनिक संगठित होकर सभी विभागों के पेंशनरों कि समस्या का समाधान कर पा रहे हैं। अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार ने भी सैनिकों को अपनी परिचय देते हुए कहा कि मैं भी पहले सैनिक रह चुका हूं।उन्होंने अपने सैन्य कार्यक्षेत्र कि भी जानकारी दी। उन्होंने सैनिकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की एवं सभी को अस्वस्थ करतें हुए कहा कि सैनिकौं की हमारे लायक कोई भी काम होगा मै निश्चित करूंगा। विशेष रूप से सैनिकों को जमीन संबंधी समस्या ज्यादा होती है वैसे सभी समस्यायों को अविलंब निदान होगा साथ ही उन्होंने कहा कि अगर जिला मुख्यालय तक भी कोई काम होगा वे निदान दिलाएंगे। मुलाकात के बाद पुर्व सैनिकौं ने हुसैनाबाद स्थिति कार्यालय में बैठक कि एवं सभी के सर्व सम्मति से समारोह 15 जनवरी के जगह 17 जनवरी को मनाने का निर्णय लिया गया।लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि सेना दिवस समारोह का मुख्य अतिथि हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी आईएएस आशीष गंगवार होंगे।बैठक में सभी अतिथियों को आमंत्रण देने का जिम्मेवारी पुर्व सैनिक कार्यकताओं को दिया गया जिसमें पड़ोसी राज्य बिहार व पलामू जिला के पुर्व सैनिक सामिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से कैप्टन दुखन सिंह, सुबेदार सत्येंद्र ठाकुर, राम टहल मेहता, गोरी शंकर ठाकुर, शुमेर सिंह, प्रसाद सिंह, असर्फी पाल, जदुन्दन ठाकुर, विजय सिंह, सुधीर सिंह, बिगन चौधरी के अलावा पुर्व सैनिक के परिवार शामिल थे।

## बेथल मिशन स्कूल में परीक्षा से संबंधित विषय पर चर्चा

राष्ट्रीय खबर

**गोड्डा:** सीबीएसई मान्यता प्राप्त सीनियर सेकेंडरी स्कूल बेथल मिशन में विद्यालय प्राचार्या श्रीमती अन्ना मार्क द्वारा कक्षा 12वीं के छात्रों के साथ 'कॉफी विद प्रिंसिपल' के तहत एक बैठक की गई जिसमें विद्यार्थियों को 2024 में 15 फरवरी से होने वाली 12वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण सुझाव एवं मार्गदर्शन दिया गया। ज्ञात हो कि इस वर्ष 10वीं एवं 12वीं की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से शुरू हो रहा है जिसको लेकर विद्यार्थियों में उत्सुकता के साथ-साथ तनाव भी देखा जाता है। इसी तनाव को दूर करने के लिए प्राचार्या मार्क ने 12वीं के विद्यार्थियों के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि आप अपनी एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों को महत्त्व दें।अपने पाठ्यक्रम को जानें।पढ़ने के लिए बेहतर मजबूत वातावरण खोजें।प्राथमिकता वाले चुनौतीपूर्ण या कठिन विषय को समझने में शिक्षकों का सहयोग लें।समय प्रबंधन करें जिसमें 8 घंटे की नींद, 8 घंटे की पढ़ाई, 8 घंटे की गतिविधियाँ जैसे ध्यान, व्यायाम और शौक शामिल हो।पिछले 10 वर्षों के प्रश्नपत्रों को हल करें और इसका बेहतर अभ्यास करें।गैजेटियर तकनीक के गुलाम न बनें।माता-पिता से झूठ ना बोलें बल्कि उनके साथ अपनी भावनाएँ साझा करें।अपने आपको धोखा न दें या अनुचित साधनों का सहारा न लें।

## मनरेगा योजना का उद्देश्य लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलना है : स्मिता टोप्पो



राष्ट्रीय खबर

**गोड्डा:** उप विकास आयुक्त श्रीमती स्मिता टोप्पो ने जिले के पथरगामा एवं बोआरीजोर प्रखंड में चल रहे मनरेगा योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में संबंधित कर्मियों व लाभुकों को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। दोनों प्रखंडों में वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान व प्रधानमंत्री आवास योजना का जांच किया। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना का उद्देश्य यही है कि लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल सके। साथ ही मनरेगा योजना से तालाब, डोभा, सिंचाई कुप, नाली गहरीकरण होने से जल स्तर ऊपर रहेगा। इससे किसानों को खेती में लाभ मिलेगा। वहीं पंचायतों में अधूरे पड़े आवास योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान अधूरे पड़े आवास योजना को जल्द पूर्ण करने की बात कही गई।इसके अलावा उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत किये गए कार्यों का निरीक्षण कर वास्तुस्थिति का जायजा लिया। उप विकास आयुक्त द्वारा बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत लोगों को जानकारी देते हुए कहा गया कि इन योजनाओं के माध्यम से हम अधिक से अधिक लोगों को रोजगार दे सकेंगे और जल एवं मृदा संरक्षण के कार्यों से गांव का पानी गांव में और खेत का पानी खेत में हीं रहेगा। इससे हम जिले के प्रत्येक गांव एवं टोला में वर्षा जल का संरक्षण कर भूजल को रिचार्ज करने में सफल हो सकेंगे।

## गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर बैठक आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** जिले में गणतंत्र दिवस समारोह मनाये जाने को लेकर बुधवार को प्रशासनिक/पुलिस पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गयी।बैठक में उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने कहा कि पलामू जिला मुख्यालय में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह स्थानीय पुलिस स्टेडियम मेदिनीनगर में आयोजित किया जाएगा।जहां मुख्य अतिथि सुबह 9:05 बजे झंडोतोलन करेंगे।परेड और झांकियों के प्रदर्शन को लेकर उन्होंने सभी आवश्यक तैयारियों को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये साथ ही झांकियों को आकर्षण रूप देने की बात कही।बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्य समारोह के बाद प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय में पूर्वाहन 10:00 बजे, पलामू समाहरणालय में पूर्वाहन 10:20 बजे,पलामू क्लब मेदिनीनगर में पूर्वाहन 10:45 बजे और रेड क्रॉस भवन मेदिनीनगर में पूर्वाहन 11:00 बजे झंडोत्तोलन होगा। इसके बाद सभी संबंधित कार्यालय प्रधान अपने-अपने कार्यालयों में झंडोत्तोलन करेंगे।विभिन्न क्षेत्रों जैसे खेल, सामाजिक,विकास सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जायेगा।गणतंत्र दिवस परेड में आई।आर।बी,जिला बल,गृह रक्षा वाहिनी,एनसीसी आदि के टुकड़ी भाग लेंगे। गणतंत्र दिवस के दिन पूरे जिले में मांस-मदिरा पर पूर्ण प्रतिबंध गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर निगम के द्वारा शहर की विशेष साफ-सफाई की जायेगी।

महापुरुषों की प्रतिमा की विशेष सफाई होगी। गणतंत्र दिवस के दिन पूरे जिले में मांस-मदिरा की बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी। बैठक में इनकी रही उपस्थिति बैठक में उप विकास आयुक्त रवि आनंद,पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन,सदर अनुमंडल पदाधिकारी,नजारत उप समाहर्ता,समान्य शाखा प्रभारी, समेत अन्य उपस्थित थे।

### दीनबंधु स्कूल में मनाया 39 वां स्थापना दिवस

**देवघर :** दीनबंधु उच्च विद्यालय की 39 वा स्थापना दिवस समारोह में सभी मंचासिन अतिथियों को माला पहनाकर सोल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया विधालय के प्राचार्य काजल कान्ति सिकदार द्वारा सम्मानित किया गया विद्यालय के संस्थापक की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात दीप जलाकर उद्घाटन किया गया। स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा नित्य डांस सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर देवघर मुख्य अतिथि हवाई अड्डा के निर्देशक प्रवीण कुमार, विधालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ एन सी गांधी, सचिव डॉ डी पी बल सम्मानित अतिथि प्रो रामनंदन सिंह, विशिष्ट अतिथि सुजय राय, प्रो गौरव गांगुली, सुबोध रजक, चारु चंद बनर्जी, रेखा दास, विधालय के शिक्षक जितेन्द्र कुमार चन्द्र, सुनील कुमार, उदय कुमार मंडल, मनिषा घोष, भारती कुमारी, मुनेश्वर प्रसाद यादव, सुदिप्ता चक्रवर्ती उपस्थित थे।

उपायुक्त ने अबुआ आवास योजना के लिए

## चयनित लाभुकों के आवास का किया निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर

**दुमका:** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने दुमका प्रखंड कार्यालय द्वारा अबुआ आवास योजना के लिए चयनित लाभुकों के आवास का निरीक्षण किया।उपायुक्त ने करहरबिल पंचायत पहुँचकर प्रखंड द्वारा चयनित विभिन्न अबुआ आवास योजना के योग्य लाभुक के आवास का निरीक्षण किया एवं लाभुकों से बात भी की।निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उपायुक्त को चयनित लाभुकों के बारे में जानकारी दी।ज्ञात हो कि 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के तीसरे चरण जिले के विभिन्न पंचायतों में आयोजित किया गया।

अबुआ आवास योजना का आवेदन उक्त कैम्प में सभी प्रखंडों से प्राप्त किया गया था।प्राप्त आवेदनों के लाभुकों का संबंधित प्रखंड द्वारा सत्यापन करते हुए योग्य लाभुकों की सूची तैयार की गयी है।इसी क्रम में उपायुक्त के निदेश पर प्रखंड के वरीय पदाधिकारियों द्वारा अबुआ आवास योजना हेतु प्रखंड द्वारा तैयार किये गए योग्य लाभुकों की सूची के आलोक में लाभुकों का सत्यापन किया।सभी वरीय पदाधिकारियों ने अबुआ आवास योजना के लिए चिन्हित योग्य लाभुकों के आवास की जांच की।

**महत्व**

पंडित ने तीसरी बार रक्तदान कर बचाई महिला की जान

# रक्तदान कर जिंदगी बचाने से और बड़ा क्या हो सकता है:उत्तम पंडित




राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** सत्य सनातन संस्था के सदस्य साहेबगंज जिला के पतना प्रखंड के बरतल्ला गांव के निवासी उत्तम पंडित ने , पाकुड़िया थाना के गणपुरा गांव के 24 वर्षीय गर्भवती महिला अल्पना कुमारी को रक्तदान किया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष ( कार्य.) सागर चौधरी ने कहा की गणपुरा निवासी जय हरी पाल की गर्भवती पत्नी जो सदर अस्पताल में भर्ती थी को रक्त चढ़ाने की आवश्यकता थी।पति ने संस्था से संपर्क किया संस्था ने रक्त की महत्व को देखते हुए, संस्था के सदस्य उत्तम से संपर्क किया। उत्तम बरहड़वा से पाकुड़ आकार पुराना अस्पताल स्थित रक्त अधिकोष में उपस्थित होकर रक्तदान किया। रक्त मिलने पर महिला के पति ने रक्तदाता और संस्था को धन्यवाद दिया । रक्तदाता उत्तम का यह तीसरा रक्तदान है, उन्होंने कहा की रक्तदान करके देखिए अच्छा लगता है। आपके रक्त से किसी का जीवन बच पाता है। इससे बढ़कर और क्या हो सकता है। मौके पर संस्था के सदस्य जितेंद्र सिन्हा, कमलेश पंडित, मुन्ना पंडित, के अलावे कर्मचारी, नवीन कुमार के साथ अन्य मौजूद थे।

### एलीट पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम संपन्न

**पाकुड़ :** स्थानीय प्लस टू एलीट पब्लिक स्कूल, पाकुड़ में सत्र 2023 - 24 का वार्षिक खेल - कूद कार्यक्रम आयोजित किया गया। खेलकूद कार्यक्रम में बच्चों में जोश, जुनून और उत्साह देखा गया। कार्यक्रम का नेतृत्व निर्देशक अरविंद साह तथा प्राचार्या अनुपमा साहा ने किया। ग्रेड नर्सरी, एल. के. जी. तथा यू.के. जी. के बच्चे बैलून रेस, बैग रेस, बैलेंस रेस, शू रेस, आदि में भाग लिए, ग्रेड एक से पाँच तक फ्रंट बैक रेस, स्पून एंड मार्बल रेस, फ्रॉग रेस, 100 मीटर रेस आदि तथा सीनियर बच्चों के लिए मेमोरी टेस्ट, मैथ्स रेस, स्लो साइकिलिंग, प्लेन रेस, थ्री लेग रेस, कॉक फाइट, आदि अपने बच्चों ने भाग लिया। सीनियर लड़कों का क्रिकेट तथा कबड्डी और लड़कियों का खो - खो तथा बैडमिंटन आयोजित हुआ था। मौके विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएँ आदि उपस्थित थे।

## जनता दरबार का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**हरिहरगंज/पलामू :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन के निर्देश पर हरिहरगंज प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर बुधवार को प्रथम जनता दरबार का आयोजन किया गया । इस दौरान प्रखंड के कई गांवों से आए ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याएं रखीं। जनता दरबार में छतरपुर एसडीओ हीरा कुमार ,भूमि सुधार उप समाहर्ता विजय केरकेट्टा ,बीडीओ राजेश एक्का,आकांक्षी प्रखंड के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रणव कुमार आदि अधिकारियों ने प्रखंड के अलग अलग क्षेत्रों से आए ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। साथ ही राशन कार्ड,सर्वजन पेंशन योजना और बिजली से संबंधित प्राप्त कई आवेदन को सूचीबद्ध कराया। इस दौरान उन्होंने आमलोगों को सरकार की कई जन कल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि उपायुक्त महोदय के निर्देश पर अब प्रत्येक बुधवार को जन समस्याओं का समाधान किया जाएगा। वहीं बुधवार का दिन आम नागरिकों के कार्यों का निपटारा का दिन होगा । यह बताया गया कि इस दिन जब भी कोई ग्रामीण समस्या लेकर आएंगे तो उसे प्राथमिकता देते हुए ससमय त्वरित निष्पादन किया जाएगा। साथ ही जनता दरबार में प्राप्त आवेदन पत्रों एवं उसके निराकरण से संबंधित प्रतिवेदन उपायुक्त को समर्पित किया जाएगा। मौके पर बीएओ सह नाजीर बृजेश कुमार, के अलावे ब्लॉक सह नगर पंचायत कार्यालय के प्रधान सहायक सरजू बैगा ,सहायक बसंत राम, उर्दू टंकक मो अलीम,प्रखंड सह अंचल और नगर पंचायत कार्यालय के कई सरकारी कर्मी उपस्थित थे। बता दें कि वर्ष 2024 जनवरी माह में यह पहला जनता दरबार होने तथा प्रचार प्रसार के अभाव में सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों को जानकारी नहीं मिलने से आम नागरिकों की भागीदारी कम रही।

## शहर >> अपडेट

### हादसे में एतवा उरांव की मौत

कुडू :थाना क्षेत्र के ननतिलो नावाटोली गांव निवासी एतवा उरांव 56 वर्ष पिता स्व सुका उरांव की मौत कुंवे में डूबने से हो गयी। घटना की सूचना मिलते घटनास्थल पर पहुंची कुडू थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक एतवा उरांव शनिवार से लापता था। परिजन अपने स्तर से उसकी खोजबीन कर रहे थे। तभी सोमवार की शाम करीब 6:30 बजे कुंवे के बाहर उसका जूता देख लोगों को शक हुआ। कुंवा में देखने पर उसका शव मिला।

## सिटी अपडेट्स >>

### ट्रक हादसे में युवक की घटना स्थल पर मौत



पेटरवार : पेटरवार राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 23 पेटरवार - बोकारो पथ पर थाना क्षेत्र के लुकैया गांव स्थित मस्जिद के पास मंगलवार की रात्रि करीब दो बजे ट्रक और बाइक सवार के बीच हुई टक्कर में बाइक सवार युवक की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर भाग रहे ट्रक को पेटरवार पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। ट्रक और बाइक के बीच जोरदार टक्कर होने के कारण ट्रक के आगे का भाग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पेटरवार पुलिस ने बुधवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट भेज दिया है।बताया जाता है कि पेटरवार थाना क्षेत्र के उतासारा पंचायत अंतर्गत बारसौंघा गांव निवासी नागेश्वर मांझी का पुत्र राम कुमार सोरेन (30 वर्ष) लुकैया मांझी टोला से सोहराय परब मनाकर मंगलवार की रात्रि करीब दो बजे बाइक में सवार होकर अपने घर बारसौंघा लौट रहा था कि रामगढ़ से चलकर बोकारो की ओर जा रही एक ट्रक संख्या (एन एल 02 एल - 8810) ने पीछे से बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी जिसके कारण बाइक सवार युवक के सर पर गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल हो गया था।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा 22 को

कुडू: अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी भव्य समारोह में लोहरदगा खोखरा से पैदल जत्था रवाना होते हुए गुरु में बजरंग दल के द्वारा उनका कुडू में स्वागत किया गया साथी जरूरतमंद सामग्री उन्हें दी गई मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामाजिक समरसता सदस्य राजू कुमार रजक कैलाश ताम्रकार कुलदीप उराँव,आनंद यादव बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अब्दुल्लाह खान बने मरकच्चो थाना प्रभारी

कोडरमा: एसपी अनुदीप सिंह के निर्देश पर बुधवार को मरकच्चो थाना में एसआइ अब्दुल्लाह खान ने थाना प्रभारी के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया। पुलिस मुख्यालय से आदेश जारी होने के बाद अब्दुल्लाह खान ने थाना प्रभारी के रूप में थाने में योगदान देकर अपना कार्यभार संभाल लिया है। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि समाज के आम से लेकर खास सभी तबके के लोगों को साथ लेकर शांति व्यवस्था बरकरार रखना मेरी पहली प्राथमिकता है। मौके पर एसआई उत्तम कुमार वैद्द, एसआई गोविन्द सिंह, एसआई एस.एस. शर्मा, सांसद प्रतिनिधि सकलदेव सिंह, प्रयाग यादव, पंसस उपेंद्र आदि मौजूद थे।

**बैठक** भाजपा किस्को मंडल की बैठक शिशु मंदिर प्रांगण में संपन्न

# आगामी चुनाव भारी बहुमत से जिताने का लें संकल्प:बालकृष्णा सिंह

- कार्यकर्ता भाजपा के नीति सिद्धांतों को गांव-गांव तक पहुचाए
- संगठन चलाने के लिए अर्थ की आवश्यकता

राष्ट्रीय खबर



**लोहरदगा:** भारतीय जनता पार्टी किस्को मंडल की बैठक बुधवार को मुकेश कुमार साहू की अध्यक्षता में किस्को शिशु मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री सह किस्को मंडल प्रभारी बालकृष्णा सिंह बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे। मौके पर श्री सिंह ने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के लिए समर्पित है। सभी कार्यकर्ता तन-मन से भाजपा के नीति सिद्धांतों को गांव-गांव तक पहुचाए। आगामी लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव हमें भारी बहुमत से जितना है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 2024 में फिर से सरकार बनाने का संकल्प लेना है। इसके लिए एक-एक कार्यकर्ता घर-घर जाकर अभी से केंद्र सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाएं। ताकि आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में लोग बढ़ चढ़कर मतदान करें। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के आवेदन फॉर्म को मंडल अध्यक्ष के पास कल तक जमा करें ताकि आगे का कार्य हो सके उन्होंने कहा कि कोई भी संगठन चलाने के लिए अर्थ की आवश्यकता होती है, इसके लिए माइक्रो डोनेशन के माध्यम से भाजपा का सहयोग करें। साथ कहा कि बूथ ग्रेडिंग एवं बुथ पालको की सूची बनाकर यथाशीघ्र जिला को जमा करें ताकि आगे की रणनीति बनाया जा सके। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार साहू ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए अक्षत वितरण कार्यक्रम में किस्को प्रखंड के गांव-गांव के घर-घर तक जाकर वितरण में सहयोग करेंगे कोई भी परिवार छूटे नहीं और सभी से आग्रह करें कि 21 जनवरी को अपने घर की साफ सफाई करें और 22 जनवरी को मंदिर में दीपक जलाएं। संध्या में सभी अपने घरों में दीपक जलाकर दीपावली मनाएं, मीठा भोजन बनाएं और सभी को खिलाएं गांव गांव में खुशी मनाएं कार्यक्रम में अखज प्रजापति, राजकुमार मुण्डा, प्रकाश नायक, बजरंग करवा, धनेश्वर पांडे, मौलाना जियाउल हक अशरफी, कोषाध्यक्ष मदन प्रसाद गुप्ता, मंडल सोशल मीडिया प्रभारी रौशन कुमार, रामचरण साहू, सुधीर उरांव, चिंतामणि सिंह, कैलाश सिंह, सुरेश बैठा, नागेश्वर सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## न्यूज फटाफट

### जांच कैंप का आयोजन

**कुडू:** झालसा, रांची एवं झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, रांची से प्राप्त पत्र के आलोक में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार अनुसार राज्य के सभी जेलों, नारी निकेतन, स्वधार गृह, बाल गृह में एसटीआई, एचआईबी, टीबी और हेपेटाइटिस के जांच के लिए कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में दिनांक 10 एवं 11 जनवरी को लोहरदगा मंडल कारा में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष श्री राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में जांच कैंप का आयोजन किया जा रहा है। लोहरदगा सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खालको एवं डालसा द्वारा संयुक्त रुप से मंडल कारा लोहरदगा में 10 एवं 11 जनवरी को जांच शिविर लगाया जा रहा है। जिसमे अर्चना प्रसाद आईसीटीसी काउन्सेलर सदर अस्पताल, मो आबिद प्रयोगशाला प्रावैधिज्ञ आईसीटीसी सदर अस्पताल, अखिलेश कुमार प्रजापति प्रशिक्षु प्रयोगशाला प्रावैधिज्ञ सदर अस्पताल, सबीर अंसारी टीबी निक्षय ऑपरेटर जिला यक्ष्मा केंद्र, जेवियर ( अहाना), पूनम वर्मा झारखंड सेवा मंडल, संदीप सानंद ( पीपीएम, वाईआरजी, केयर) ने बंदियों के विभिन्न जांच हेतु रक्त सैंपल लिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने इस अवसर पर बताया कि झालसा रांची एवं एड्स कंट्रोल सोसायटी, झारखंड के संयुक्त तत्वाधान में कैदियों एवं कारा में निरुद्ध बंदियों के स्वास्थ्य जांच की जा रही है । सदर अस्पताल लोहारदगा की टीम स्पॉट पर ही जांच मशीन लगाई है जिससे तुरंत जांच के परिणाम प्राप्त हो जा रहे हैं।उन्होंने बताया कि दो दिवसीय कैंप में कुल 300 बंदियों की जांच की जाएगी। डालसा सचिव ने आज कैंप का जायजा लेते हुए, कैदियों में विश्वास बहाली के लिए खुद भी रक्त सैंपल दिए। उनके साथ जेलर सुबोध कुमार एवं रोहित तमेरा उपस्थित थे।

### अयोध्या के लिए चलेगी आस्था स्पेशल ट्रेन

**झुमरीतिलैया:** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देशभर से श्रद्धालु अयोध्या पहुंचेंगे। इस मददेनजर देश के सभी जोनल रेलवे क्षेत्र से ट्रेनें चलाई जाएंगी। इसका नाम आस्था स्पेशल ट्रेन रखा गया है। वित्त निदेशालय की सहमति के बाद रेलवे बोर्ड ने देश के सभी जोनल रेलवे को इस स्पेशन ट्रेन को चलाने की जानकारी दी है। रेल मंत्रालय ने आस्था स्पेशल ट्रेन चलाने का जिम्मा आइआरसीटीसी को दिया। रेलवे बोर्ड के पैसेंजर मार्केटिंग निर्देशक विपुल सिंघल ने देश के सभी जोन के पीसीसीएम, पीसीओएम को पत्र भेजा है। पूर्व मध्य रेल हाजीपुर सहित देश के सभी रेलवे जोनल के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक व सभी क्षेत्रीय रेलवे जोनल को पत्र भेजा है। इसमें लिखा है कि आस्था स्पेशल ट्रेन जिस रेलवे जोनल से गुजरेंगी, उसकी देखरेख नजदीक के जोनल रेलवे के अधिकारी करेंगे। आस्था स्पेशल ट्रेनों के टिकट आईआरसीटीसी टूरिस्ट पोर्टल के माध्यम से जारी किए जाएंगे। पीआरएस डेटाबेस में ट्रेन की प्रोफाइल नहीं दिखेगी। टिकट सीधे आईआरसीटीसी द्वारा जारी किए जाएंगे। यात्रियों के विवरण के साथ उनके किसी रिश्तेदार के आपातकालीन संपर्क नंबर की भी जानकारी देनी है।

### अयोध्या से आया पूजित अक्षत, तस्वीर व प्रपत्र का वितरण



**जयनगर:** प्रखंड के ग्राम डंडाडीह के रविदास टोला में बजरंग दल सह संयोजक महादेव शर्मा, विहिप पंचायत अध्यक्ष शंकर दयाल पांडेय के नेतृत्व में अयोध्या से आया पूजित अक्षत, राम मंदिर के तस्वीर एंव प्रपत्र का वितरण किया। प्रखंड बजरंग दल सह संयोजक महादेव शर्मा ने कहा कि 22 जनवरी को श्री राम लला अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा किया जा रहा है इसलिए आप सभी सनातन धर्म प्रेमियों को निमंत्रण दिया जा रहा है। मौके पर पंचायत मंत्री रामफल चौधरी, पंचायत सत्संग प्रमुख पप्पु पांडेय, ग्राम अध्यक्ष दुखी चौधरी, लालदेव पासवान, लखन राणा, विजय दास, केशव दास, दीपु दास, रिंकु देवी, मंजु देवी, पार्वती देवी, अनिता देवी, अशोका देवी, प्रमिला देवी एंव अनेक भाई बहनों की उपस्थिति रही पूरा महौल जय श्री राम के नारों से गुंजता रहा।

### चौकीदार की सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



राष्ट्रीय खबर

**कुडू/लोहरदगा:** उडुमुडू पंचायत के इटरा बड़मारा गांव निवासी चौकीदार पति उरांव के सेवानिवृत्त होने पर थाना प्रभारी बिश्वजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में थाना परिसर में भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसका मंच संचालन संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष राजू राम ने किया। मौके पर थाना प्रभारी ने मंगलकामना करते हुए कहा कि अवकाश प्राप्त पति उरांव एक कर्तव्यनिष्ठ व मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। वे अपने क्षेत्र में काफी सजग रहा करते थे। इनकी कमी खलेगी। वहीं संघ के जिला अध्यक्ष ने शमशुल अंसारी ने कहा कि सेवा में आना-जाना एक प्रक्रिया है। इससे हर व्यक्ति को समय पर गुजरना है। साथ ही उन्होंने चौकीदारों की समस्याओं से अवगत कराते हुए थाना प्रभारी से वरीय पदाधिकारियों से पत्राचार करने का आग्रह किया। इनके अलावा एसआई शोभाकांत हरिजन, लवकुश सिंह, सामेल उरांव, सुरेश उरांव और कई चौकीदारों ने भी विदाई पर अपने विचार रखे और पति उरांव के साथ बिताए पलों को साझा किया। मौके पर प्रमुख मुनि देवी, सुनील कुमार, , कर्मा उरांव सहित अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

## सांसद चंद्र प्रकाश लाभुकों के बीच गैस सिलेंडर और चूल्हा का किया वितरण




राष्ट्रीय खबर

**पेटरवार :** पेटरवार प्रखंड के बुंडू पंचायत अंतर्गत पंचायत सचिवालय सह राजीव गांधी सेवा केंद्र में बुधवार को गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने हमारा संकल्प विकसित भारत को लेकर पंचायत के लोगों को शपथ दिलाई। शपथ दिलाते हुए सांसद ने कहा कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंगे, देश की संवृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे, भारत की एकता को सुद्दढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगे। इस कार्यक्रम के दौरान पंचायत के सात लाभुकों के बीच प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर और गैस चूल्हा प्रदान किया गया। सांसद ने कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए आप सभी को संकल्प लेना होगा तभी यह देश विकसित बन सकेगा। कहा कि प्रधानमंत्री ने आम लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रखी है जिसका लाभ लेना चाहिए। सांसद ने 22 जनवरी को घर-घर में दीप जलाने का आग्रह किया और महिलाओं के बीच मिट्टी का दिया का वितरण किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रहलाद महतो, मुखिया निहारिका सुकृति, बी डी ओ संतोष कुमार महतो, सी ओ अशोक राम, कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ अनिल कुमार, भाजपा नेता सुधीर कुमार सिन्हा, रवि शंकर जायसवाल, अनिल स्वर्णकार, मुमताज अंसारी, असित कुमार बनर्जी, वार्ड सदस्य सहित महिला पुरुष काफी संख्या में मौजूद रहे।

### सिटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम शुरू

**जयनगर:** प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय सांथ में बुधवार को सिटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने कहा कि 11 जनवरी से प्रखंड के सभी विद्यालयों में सुबह 8:30 से 9:30 बजे तक सिटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विद्यालय से बाहर रह रहे बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग द्वारा अनूठी पहल शुरू की है।

## भामाशाह साहू भवन ट्रस्ट का होगा विस्तार

राष्ट्रीय खबर




**झुमरीतिलैया:** ब्लॉक मैदान झुमरी तिलैया स्थित भामाशाह साहू भवन में भामाशाह साहू भवन ट्रस्ट की बैठक संपन्न हुई। भामाशाह साहू भवन ट्रस्ट के इस बैठक की अध्यक्षता वेदु साव ने की। बैठक में ट्रस्ट के क्रियाकलापों एवं उद्देश्य को वहां उपस्थित सभी सदस्यों के बीच विस्तार पूर्वक बताया गया साथ ही साथ ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं उनके कार्यों एवं जिम्मेदारियो के बारे में भी पूर्ण जानकारी दी गई। बैठक में सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि कोडरमा जिला के सभी प्रखंड एवं नगर के अध्यक्षों के सुझाव पर सभी प्रखंड एवं नगर से सात - आठ नए सदस्य जोड़े जाएंगे, जिनमें से कुछ सदस्यों को ट्रस्ट का पदाधिकारी भी बनाया जाएगा। साथ ही साथ मात्र 20 रुपये के सहयोग राशि से कोडरमा जिले के सभी तैलिक साहू समाज के लोगों को भामाशाह साहू भवन ट्रस्ट से जोड़ा जाएगा। नए सदस्यों को जोड़ने एवं आगे की गतिविधियों को तय करने के लिए अगली बैठक चंदवारा प्रखंड में रखी गई है। बैठक में ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कुमार साव, उपाध्यक्ष भीम साहू, राजेंद्र प्रसाद, सचिव अमरेश कुमार, उपसचिव वीरेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष बिनय प्रसाद, संरक्षक अर्जुन साहब, वेदु साव,चुरामन प्रसाद साहू, सदस्य राजेंद्र प्रसाद, किशून लाल साव, रंजन कुमार गुप्ता, दीप नारायण प्रसाद, कैप्टन आनंद, महेंद्र साव सभी प्रखंडों के अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष एवं सक्रिय सदस्य व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**उपलब्धि** नेशनल जुडो प्रतियोगिता में लहराया परचम 2 रजत एवं 1 कांस्य पदक किया अपने नाम

# खेल जगत में भी भविष्य की आस

राष्ट्रीय खबर




**कोडरमा:** ग्रिजली विद्यालय के छात्रों ने सीबीएसई के नेशनल जुडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर अपने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। नोएडा के मॉडर्न स्कूल में आयोजित सीबीएसई नेशनल जुडो चैंपियनशिप में ग्रिजली विद्यालय के छात्रों ने अपनी क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 2 रजत पदक और 1 कांस्य पदक अपने नाम किया। कोच तरनुम खान, देवेंद्र कुमार और टीम मैनेजर बॉबी आनंद के नेतृत्व में विद्यालय के छात्र सिद्धार्थ पांडेय, अभिषेक यादव, पंकज कुमार, ऋषि कुमार, ज्योति यदुवंशी ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था जिसमे छात्र अभिषेक यादव ने रजत पदक, पंकज कुमार ने रजत पदक एवं सिद्धार्थ पांडेय ने कांस्य पदक जीत कर अपने विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। अवसर पर विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता एवं उप प्राचार्या अंजना कुमारी ने नेशनल जुडो चैंपियनशिप के विजेता खिलाडियों अभिषेक यादव, पंकज कुमार एवं सिद्धार्थ पांडेय को मेडल देकर सम्मानित किया। विद्यालय के छात्रों की इस उपलब्धि पर तथा प्राप्त इस सम्मान से ग्रिजली विद्यालय के निदेशकद्वय मनीष कपसिमे, अविनाश सेठ, सीईओ प्रकाश गुप्ता, सीओओ तनिष्क सेठ, उप प्राचार्या अंजना कुमारी, प्रशासक अशरफ खान, संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेंद्र चौधरी, बीडी नस्कर, अनुराग कुमार सिंह, तुषार राय चौधरी, प्रीति जगनानी, स्टूडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुधांशु कुमार, सीसीए संयोजक पंकज उपाध्याय, स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर सुनील साव सहित पुरे विद्यालय परिवार ने छात्रों तथा उनके कोच तरनुम खान, देवेंद्र कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, लोहरदगा**

**आम सूचना**

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम अन्तर्गत अबुआ आवास योजना के आवेदकों से प्राप्त आवेदनों का पंजीकरण एवं सत्यापन के उपरांत ग्राम सभा से पारित सूची का प्रकाशन सभी ग्राम पंचायत के पंचायत भवनों में किया गया है। जिन आवेदकों को ग्राम सभा से पारित सूची के विरूद्ध आपत्ति दर्ज करना है, वैसे लाभुक दिनांक 18.01.2024 तक कार्यालय अवधि में पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 05.00 बजे तक संबंधित प्रखण्ड कार्यालय में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के नाम से हाथों–हाथ या ईमेल के माध्यम से आपत्ति आवेदन के रूप में दर्ज कर सकते है:–

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | ईमेल |
|---|---|---|
| 1 | भण्डरा | bdobhandra1@gmail.com |
| 2 | कैरो | bdokairo@gmail.com |
| 3 | किस्को | kiskobdo@gmail.com |
| 4 | कुडु | bdokuru@gmail.com |
| 5 | लोहरदगा | bdo_lohardaga2010@rediffmail.com |
| 6 | पेशरार | bdopeshrar@gmail.com |
| 7 | सेन्हा | bdosenha2@gmail.com |

उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त,
लोहरदगा

PR 315665 (Lohardaga) 23-24 (D)

e-Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION NO. – 02, RANCHI
(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

**SHORT TERM E- QUOTATION INVITATION NOTICE**

**Quotation Reference No : BCD/Bld. Div.No.- 02 - 02/2023-24**

Sealed Quotations are invited for the work **Installation of CCTV Security System for Monitoring of Indoor 2nd Floor, 3rd Floor and Outer Premises of New Jharkhand Vidhan Sabha, Ranchi.** for all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**
1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोट :–
(1) वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि : 11.01.2024 के अपराह्न 3:00 बजे।
(2) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 27.01.2024 के अपराह्न 3:00 बजे तक।
(3) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 28.01.2024 अपराह्न 3:30 बजे।
(4) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, रांची।
(5) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 7992430721
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer
Building Construction Department,
Building Division No.-02, Ranchi

PR 315615 (Building) 23-24 (D)

## न्यूज फटाफट

### आईसीसी ने केपटाउन की पिच को असंतोषजनक करार दिया



**केपटाउन :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए केपटाउन टेस्ट की पिच को 'असंतोषजनक' करार दिया है और पिच के डिमेरिट अंक भी कटे हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने फैसले को सही बताया है और कहा कि वे इसके खिलाफ कोई अपील नहीं करेंगे। आईसीसी के मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड ने दक्षिण अफ्रीका डीन एल्गर और भारत के कप्तान रोहित शर्मा से बातचीत करने के बाद पिच को 'असंतोषजनक' करार दिया। दोनों कप्तानों का मानना था कि पिच मानकों के अनुरूप नहीं थी। ब्रॉड ने कहा, ''इस पिच पर बल्लेबाजी करना कठिन था। पूरे मैच के दौरान गेंद जल्दी और तेजी से उछलकर खतरनाक रूप से बल्ले के पास आ रही थी, जिसके कारण शॉट खेलना मुश्किल हो रहा था। कुछ बल्लेबाजो के ग्लव्स पर गेंदें लगीं और असमतल उछाल से कई विकेट भी गिरे। उल्लेखनीय है कि आईसीसी किसी भी पिच को चार ग्रेड में मेरिट देती है– बहुत अच्छा, संतोषजनक, असंतोषजनक, खेलने लायक ही नहीं (अनफिट)। 'असंतोषजनक' ग्रेड के लिए किसी पिच को एक डिमेरिट अंक, वहीं अनफिट पिच को तीन डिमेरिट अंक मिलते हैं। किसी मैदान को पांच साल के भीतर छह डिमेरिट अंक मिलने पर उसे एक वर्ष के लिए प्रतिबंधित कर दिया जाता है, वहीं अगर 12 डिमेरिट अंक हुए तो यह प्रतिबंध दो साल का होता है।

### एंजेलो मैथ्यूज की श्रीलंका की टी-20 में तीन साल बाद हुई वापसी



**कोलंबो :** ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज को करीब तीन साल बाद श्रीलंका की टी-20 टीम में शामिल किया गया है। मैथ्यूज को जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली टी-20 टीम श्रृंखला के मद्देनजर टीम में जगह दी गई है। इस टीम में अनुभवी बल्लेबाज़ों कुसल परेरा और धनंजय डीसिल्वा को भी जगह मिली है। वहीं टीम में स्पिनर अकिला धनंजय, तेज़ गेंदबाज़ नुवान तुषारा और बल्लेबाजी ऑलराउंडर कामिंडु मेंडिस ने भी शामिल किया गया है। वनिंदु हसरंगा को टीम के कप्तान होंगे। टीम में पूर्व कप्तान दसून शानका ने भी जगह बनाई है। इस श्रृंखला के मैच 14, 16 और 18 जनवरी को केट्टरमा में खेले जायेंगे। पथुम निसंका पिछले सप्ताह डेंगू होने की आशंका के मद्देनजर अस्पताल में भर्ती हुए थे। उन्हें टीम में तो शामिल किया गया है, लेकिन फिटनेस के आधार पर ही वह अंतिम एकादश में शामिल किया जायेगा। तीन मैचों की यह सीरीज आगामी टी-20 विश्व कप की तैयारियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

हॉकी

22 जनवरी से शुरू होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट के लिए

# हॉकी इंडिया ने 26 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की

- भारतीय टीम का नेतृत्व हरमनप्रीत सिंह करेंगे
- हार्दिक सिंह उपकप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगे



एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** हॉकी इंडिया ने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका में 22 जनवरी शुरू होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट के लिए 26 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम की घोषणा कर दी है। टूर्नामेंट में फ्रांस, नीदरलैंड, भारत और मेजबान दक्षिण अफ्रीका भाग लेंगे। भारतीय टीम का नेतृत्व हरमनप्रीत सिंह करेंगे और एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर विजेता हार्दिक सिंह उपकप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगे। जूनियर भारतीय टीम के साथ शानदार प्रदर्शन के बाद युवा अरजीत सिंह हुंदल और बॉबी सिंह धामी को टीम में शामिल किया गया है। गोलकीपर पीआर श्रीजेश, कृष्ण पाठक और पवन के साथ-साथ डिफेंडर जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, सुमित, संजय और रबीचंद्र सिंह मोइरांगथेम को टीम में शामिल किया गया है। टीम में चुने गए मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, विष्णुकांत सिंह, हार्दिक सिंह और मनप्रीत सिंह हैं। फॉरवर्ड लाइन में मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, आकाशदीप सिंह, अरजीत सिंह हुंदल, बॉबी सिंह धामी हैं। दक्षिण अफ्रीका दौरे के बारे मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, ''हम ओलंपिक वर्ष में दक्षिण अफ्रीका दौरे के साथ सत्र शुरू करने के लिए काफी उत्साहित हैं, जहां हम गुणवत्तापूर्ण टीमों के साथ खेलेंगे। हमने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखने लिए एक बड़ी टीम चुनी है।'' उन्होंने कहा कि इससे मुझे एफआईएच हॉकी प्रो लीग से पहले कुछ खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा मोड में देखने का मौका भी मिलेगा। दौरे पर रवाना होने से पहले हमने एसएआई, बेंगलुरु में एक छोटा शिविर लगाया है। हमने सीनियर टीम में दो युवा खिलाड़ियों को भी शामिल किया है और यह देखना दिलचस्प होगा कि हम जिस स्तर पर खेलते हैं उसके अनुसार वे खुद को ढालते पाते हैं।''

दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है:- गोलकीपर: श्रीजेश परट्टू रवीन्द्रन, कृष्ण बहादुर पाठक, पवन। डिफेंडर: जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, सुमित, संजय और रबीचंद्र सिंह मोइरांगथेम। मिडफील्डर: विवेक सागर प्रसाद, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, विष्णुकांत सिंह, हार्दिक सिंह और मनप्रीत सिंह। फॉरवर्ड: मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, आकाशदीप सिंह, अरजीत सिंह हुंदल, बॉबी सिंह धामी।

## श्रेयस अय्यर मुम्बई की रणजी टीम में खेलेंगे



एजेंसियां

**मुम्बई :** मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर 12 जनवरी से आंध्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के मुकाबले में मुंबई टीम के लिये खेलेंगे। अय्यर के पास घरेलू मुकाबले में अपनी फार्म वापस पाने का अवसर है। अय्यर के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा कठिन रहा, जहां उन्होंने 31, 6, 0 और नाबाद चार रन बनाए। उनकी खराब फार्म के कारण उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के लिए भारत की टी-20 टीम में नहीं चुना गया। अपनी फार्म में सुधार कर अय्यर इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में 25 जनवरी से शुरू होने वाले घरेलू टेस्ट के लिए दावेदारी कर सकते है। अय्यर ने इससे पहले आखिरी बार 2018 में मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी मैच खेला था। सरफराज और दूबे की अनुपस्थित में अय्यर का शामिल होना मुंबई टीम के लिए उत्साहवर्धक है, क्योंकि सरफराज 12-13 जनवरी को अहमदाबाद में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो दिवसीय दौरे के खेल के लिए भारत ए टीम का हिस्सा हैं, जबकि दुबे ने अफगानिस्तान श्रृंखला के लिए भारत की टी-20 टीम में वापसी की है। तेज गेंदबाज सिल्वेस्टर डिसूजा और सलामी बल्लेबाज अमोघ भटकल को मुंबई टीम में शामिल किया गया है। मुंबई टीम: अजिंक्य रहाणे (कप्तान), श्रेयस अय्यर, जय बिस्टा, भूपेन लालवानी, अमोघ भटकल, सुवेद पारकर, प्रसाद पवार (विकेटकीपर), हार्दिक तामोरे (विकेटकीपर), शम्स मुलानी, तनुष कोटियन, अथर्व अंकोलेकर, मोहित अवस्थी, धवल कुलकर्णी , रॉयस्टन डायस और सिल्वेस्टर डिसूजा।

## एडम्स होंगे न्यूजीलैंड के टी-20 सीरीज के गेंदबाजी कोच



एजेंसियां

**ऑकलैंड :** न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने पाकिस्तान के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए पूर्व ऑलराउंडर आंद्रे एडम्स को राष्ट्रीय पुरुष टीम का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। एडम्स, 2023 एकदिवसीय विश्वकप के बाद न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच की भूमिका छोड़ने वाले शेन जर्गेन्सन की जगह लेंगे। न्यूजीलैंड पुरुष टीम के साथ एडम्स पहले दिन बुधवार को ऑकलैंड में टीम के मुख्य कोच गैरी स्टीड के समूह के साथ गेंदबाजी कोच की भूमिका में नजर आयेंगे। इस समूह में बल्लेबाजी कोच के रूप में न्यूजीलैंड के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज ल्यूक रोंची भी शामिल हैं। एडम्स ने अपने पांच साल के करियर में न्यूजीलैंड के लिए एक टेस्ट, 42एकदिवसीय और चार टी-20 मैच खेले। एडम्स ने ऑस्ट्रेलिया की घरेलू टीम न्यू साउथ वेल्स के गेंदबाजी कोच की भूमिका निभाई। उन्होंने बीबीएल में सिडनी सिक्सर्स और ऑकलैंड टीम के साथ भी काम किया। एडम्स पिछले वर्ष सितंबर-अक्टूबर में दक्षिण अफ्रीका के सीमित ओवरों के दौरे पर न्यूजीलैंड महिला टीम के तेज गेंदबाजी कोच थे। पाकिस्तान के खिलाफ न्यूजीलैंड की पांच मैचों की टी-20 सीरीज 12 जनवरी से ऑकलैंड में शुरू हो रही है।

## खेल जगत अपडेट्स

### मान ने 'खेडां वतन पंजाब दीयां' के दूसरे भाग की औपचारिक समाप्ति का किया एलान



**चंडीगढ़ :** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को राज्य के सबसे बड़े खेल मुकाबले 'खेडां वतन पंजाब दीयां ' के दूसरे भाग की औपचारिक समाप्ति का एलान किया। श्री मान ने इस मौके पर कहा कि राज्य भर में हुये इन खेलों में 4.5 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि खेल के दौरान राज्य भर के स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक के विजेता 11 हज़ार खिलाड़ियों के लिए 8. 30 करोड़ रुपये की इनामी राशि जारी की जो कि खिलाड़ियों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी जायेगी। उन्होंने इन खिलाड़ियों को उनकी सफलता के लिये बधाई देते हुये उम्मीद जतायी कि यह खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में राज्य के लिये यश अर्जित करना जारी रखेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल आठ उम्र वर्गों के 35 मुकाबले करवाये गये और पहली दफा इन खेलों में रगबी, साइकिलिंग, घुड़सवारी, वुशू और वॉलीबाल शूटिंग को भी शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि इस बार अंडर-14, 17, 21, 21 से 30, 31 से 40, 41 से 55, 56 से 65 साल और 65 साल से अधिक उम्र वर्ग के मुकाबले करवाये गये। उन्होंने कहा कि स्वर्ण पदक विजेता को 10 हज़ार, रजत के लिये सात हज़ार और कांस्य पदक विजेता के लिये पाँच हज़ार की इनामी राशि समेत कुल 8. 30 करोड़ रुपये के नकद इनाम खिलाड़ियों को दिये गये। इससे पहले गुरु नानक स्टेडियम में शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाया गया। देर शाम आयोजित कार्यक्रम फ्लड लाइट में किया गया।

## विशाल भारद्वाज की थ्रिलर फिल्म में काम करेंगे शाहरूख खान



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान, विशाल भारद्वाज की थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। शाहरूख खान ने करीब पांच साल बाद फिल्म पठान के जरिये सिल्वर स्क्रीन पर धमाकेदार वापसी की। इसके बाद शाहरूख खान ने जवान और डंकी जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया। चर्चा है कि शाहरूख अपनी अगली फिल्म विशाल भारद्वाज के साथ कर सकते हैं। कहा जा रहा है कि शाहरूख खान ,विशाल भारद्वाज के इस प्रस्ताव से काफी प्रभावित हैं। इस फिल्म में उन्हें कुछ नया करने का मौका दिख रहा है। कहा जा रहा है कि फिल्म को लेकर शाहरूख खान और विशाल भारद्वाज दोनों के बीच बातचीत अंतिम चरणों में है।

## 12 जनवरी को रिलीज होगी कल्लू की फिल्म कस्मे वादे




एजेंसियां

**मुंबई :** भोजपुरी फिल्मों के जानेमाने अभिनेता अरविन्द अकेला कल्लू की फिल्म कस्मे वादे 12 जनवरी को रिलीज होगी। फिल्म कस्मे वादे के निर्देशक अरविन्द चौबे है। श्री दुर्गा इंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी फिल्म कस्मेवादे के निर्माता जीतेन्द्र तिवारी, जबकि लेखक सलिल सुधाकर हैं। संगीतकार ओम झा, अभिनाश झा घुँघरू, आर्या शर्मा, गीतकार अरविन्द तिवारी,राकेश निराला, सत्य सावरकर, भागीरठ पाठक, प्रोडक्शन हेड जय एस तिवारी है। फिल्म कस्मेवादे में अरविन्द अकेला कल्लू, रक्षा गुप्ता, डिम्पल सिंह, जेपी सिंह विनीत विशाल, जय सिंह और अन्य कलकार है।

## काल भैरवा ने द लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3 में हनुमान चालीसा गाया




एजेंसियां

**मुंबई :** जाने-माने गायक-कम्पोजर काल भैरवा ने वेबसीरीज द लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3 में हनुमान चालीसा गाया है। द लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3 को डिज्नी+ हॉटस्टार के लिये ग्राफिक इंडिया और शरद देवराजन, जीवन जे. कांग और चारुवी अग्रवाल ने बनाया है और इसकी स्ट्रीमिंग 12 जनवरी, 2024 से शुरू होगी। काल भैरवा ने द लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3 के लिये हनुमान चालीसा को अपनी आवाज दी है। काल भैरवा के अलावा पीवीएनएस रोहित, मनोज शर्मा, अरुण कौंडिन्या, हिमाथ मोहम्मद, लोकेश्वर, रवि प्रकाश और साई साकेत ने भी इस गाने को अपनी आवाज दी है। शरद केलकर ने रावण के किरदार को आवाज दी है। गौरव बैनर्जी, हेड- कंटेन्ट, डिज्नी+ हॉटस्टार एण्ड एचएसएम एंटरटेनमेंट नेटवर्क, डिज़्नी स्टार ने कहा, हम म्यूजिक इंडस्ट्री की सबसे मशहूर प्रतिभाओं में से एक काल भैरवा के साथ काम करके बेहद उत्साहित हैं। हम दर्शकों के लिये वह चालीसा लेकर आ रहे हैं, जिसे हर कोई सुनकर बड़ा हुआ है। हमें उम्मीद है कि द लेजेंड ऑफ हनुमान के तीसरे सीजन के लिये हनुमान चालीसा अंश का यह वर्जन और दिल को छू लेने वाली उसकी मेलोडी भगवान हनुमान के प्रति दर्शकों की आस्था को मजबूत करेगी।'' काल भैरवा ने कहा, ''डिज़्नी+ हॉटस्टार पर 'लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3' के लिये हनुमान चालीसा को गाना और कम्पोज करना एक अलग ही दुनिया में जाने जैसा लगा। वह सपने के जैसा था और हर छंद के साथ भावनाएं जुड़ी थीं। शक्ति से भरे शब्द गूंजने पर समय मानो थम सा गया। इसमें एक अलग तरह का जादू है और नये साल 2024 की शुरूआत के लिये यह बिलकुल सही था। यह सिर्फ सिंगिंग नहीं थी, बल्कि ऐसा लग रहा था जैसे आप किसी महत्वपूर्ण शुरूआत को एक अलग आयाम दे रहे हों। ग्राफिक इंडिया के को-फाउंडर एवं सीईओ और द लेजेंड ऑफ हनुमान (सीजन 1, 2 और 3) के क्रिएटर तथा एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर शरद देवराजन ने कहा, काल भैरवा द्वारा हनुमान चालीसा अंश को गाया जाना इस सीजन के लिये परफेक्ट था।

## मनोज तिवारी का गाना 'राम के थे राम के हैं राम के रहेंगे' रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद , अभिनेता-गायक मनोज तिवारी का गाना 'राम के थे राम के हैं राम के रहेंगे' रिलीज हो गया है। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को अब महज कुछ दिन बचे हैं, उससे पहले मनोज तिवारी का भगवान राम को समर्पित एक गाना 'राम के थे राम के हैं राम के रहेंगे' रिलीज हुआ है। यह गाना भगवान राम के प्रति उनकी आस्था को दर्शाता है और वे इस पर खूब गौरवान्वित भी हैं। इस गाने को मनोज तिवारी ने शीतल पांडे और अमित ढुल के साथ मिलकर गाया है और इसके म्यूजिक वीडियो में भी तीनों की उपस्थिति नज़र आ रही है। 'राम के थे राम के हैं राम के रहेंगे' ढुल एंटरटेनमेंट की प्रस्तुति है, जो ढुल एंटरटेनमेंट के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। इस गाने को लेकर मनोज तिवारी ने कहा कि यह सच है कि हम सभी राम के थे, राम के हैं और राम के रहेंगे। हमें इस पर गर्व है. हम इस बात से भी गौरवान्वित हैं कि सनातन धर्म और रामचरितमानस की परम्परा से आते हैं। यह हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक समृद्ध विरासत है, जिसको अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करवाकर आकर देने का काम देश के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंद मोदी जी ने किया है।

## ईद पर धमाका करेगी 'बड़े मियां छोटे मियां'फिल्म



एजेंसियां

**मुम्बई :** अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की जोड़ी पर्दे पर आग लगाने के लिए तैयार है। 'बड़े मियां छोटे मियां' में दोनों का एक्शन अवतार लोगों को नजर आएगा। फिल्म जल्द ही रिलीज होने वाली है। फिल्म के लीड एक्टर्स ने खुद रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। बॉलीवुड में इन दिनों एक्शन फिल्मों का जोर है। धांसू एक्शन और किलर डायलॉग वाली फिल्में लोगों का दिल जीत रही हैं। अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' भी एक्शन का डबल डोज लेकर आने वाली है। फिल्म को लेकर काफी बातें हो रही हैं। फिल्म की रिलीज डेट का अब ऐलान हो गया है। फिल्म के लीड एक्टर्स ने फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। ऐसे में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की जोड़ी पर्दे पर धमाल मचाती नजर आएगी। अक्षय कुमार के हालिया पोस्ट में वो और टाइगर श्रॉफ एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। दोनों ने ओलिव कलर के कोमोफ्लॉज आउटफिट कैरी किए हैं। दोनों के बैकग्राउंड में एक हेलीकॉप्टर खड़ा नजर आ रहा है, जो किसी वॉर जोन का फील दे रहा है। अक्षय कुमार ने टाइगर श्रॉफ के साथ एक कोलेबोरेशन पोस्ट साझा किया है।

## निशा दुबे की भोजपुरी फिल्म यारियां की शूटिंग पूरी



एजेंसियां

**मुंबई :** अभिनेत्री-गायिका निशा दुबे की आने वाली भोजपुरी फिल्म यारियां की शूटिंग पूरी हो गयी है। फिल्म यारियां में निशा दुबे के साथ आदित्य ओझा ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म यारिया की शूटिंग पूरी हो गयी है। फिल्म यारियां को लेकर निशा दुबे ने कहा,जल्द ही आपलोग मेरे एक नए अवतार से रूबरू होंगे और यह फिल्म सबका भरपूर मनोरंजन करेगी। राम एंटरटेनमेंट बैनर के तले बनी फिल्म यारियां के निर्माता राम वी प्रजापति हैं, वहीं इस फिल्म का निर्देशन चंदन सिंह ने किया है। फिल्म यारियां में निशा दुबे और आदित्य ओझा के साथ राम प्रजापति, प्रतीक्षा उपाध्याय, मनोज द्विवेदी, रमेश द्विवेदी, गुलशन पांडेय, शकीला मजीद, साहेब लालधारी नजर आयेंगे।

## प्रदेश >> अपडेट

**फाजिल्का जिले में छह किलोग्राम हेरोइन बरामद**

**फाजिल्का** :पंजाब के फाजिल्का जिले में मंगलवार की रात की गयी कार्रवाई में सीमा सुरक्षा बल ने छह किलोग्राम हेरोइन बरामद की। सीमा सुरक्षा बल सूत्रों के अनुसार मजार जामशेर पाटन धानी गाँव के निकट एक ड्रोन देखा गया, जिसके बाद बीएसएफ जवानों ने उस पर गोली चलायर। बाद में तलाशी में गाँव के निकट एक खेत से तीन पैकेट मिले, जिसमें तीन किलोग्राम हेरोइन थी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

**डाबर कंपनी ने अलवर के विद्यालय को लिया गोद**

**अलवर** : देश की सबसे बड़ी आयुर्वेद कंपनी, डाबर इंडिया लिमिटेड ने बुधवार को अलवर के बेलाका गांव में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय को गोद लेने के साथ ही राज्य में अपने सामुदायिक विकास अभियान के विस्तार की घोषणा की। कंपनी के अलवर यूनिट हेड डी.के. सिंह ने बताया कि इस स्कूल में समग्र बुनियादी ढांचे में सुधार करने का वादा किया गया है तथा इस विद्यालय के 315 से अधिक विद्यार्थियों को इस योजना से लाभ होगा। इसके पीछे डाबर का उद्देश्य ग्रामीण राजस्थान में बच्चों के लिये समग्र सीखने के माहौल में सुधार करना है।

**"विशाल नंदी-बैलगाड़ी सांस्कृतिक यात्रा" का किया शुभारंभ**

**भीलवाड़ा** : राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने भीलवाड़ा में ''विशाल नंदी-बैलगाड़ी सांस्कृतिक यात्र-ा'' का संत-महात्माओं के सानिध्य में बुधवार को शुभारंभ किया। इस अवसर पर डा पूनियां ने इस यात्रा को भारतीय संस्कृति की पारंपरिक ताकत का एक अनूठा उदाहरण बताते हुए गोवंश, प्रकृति एवं संस्कृति का संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश देने वाले इस नवाचार के सहभागी बने विश्व हिंदू परिषद एवं अपना संस्थान हरित संगम 2024 सहित सभी संस्थाओं का धन्यवाद किया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

**अवैध रुप से उत्खनन करते पकड़ायी एलएनटी मशीन जब्त**

सागर :मध्यप्रदेश के सागर जिले के सेमरा अंगद ग्राम के लगभग एक एकड़ जमीन पर एलएनटी मशीन द्वारा अवैध रूप से मुरम का खनन किया जा रहा था, जिसमें मशीन को जब्त कर ढाना चौकी को सुपुर्द कर दिया गया। अनुविभागीय अधिकारी विजय डहेरिया ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद तहसीलदार सुनील वाल्मीकि, पटवारी विजय वैद्य, श्रीराम कुमार पांडे, अनुराग पांडे, शैलेंद्र कुमार गौड़ एवं थाना प्रभारी राजेश शर्मा के दल द्वारा छापामार कार्रवाई की गई, जिसमें रोड का निर्माण कर रही फर्म के रविशंकर जायसााल की एलएनटी मशीन उत्खनन करती पाया गयी। मशीन एवं एक डंपर को गिट्टी सहित तत्काल जप्त किया।

**पटवारी और उसका सहयोगी आठ हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार**

**सवनी** :मध्यप्रदेश के सिवनी जिला मुख्यालय में आज लोकायुक्त पुलिस ने एक पटवारी और उसके सहयोगी को आठ हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। लोकायुक्त पुलिस जबलपुर के अनुसार आवेदक कृष्ण कुमार निवासी ग्राम समनापुर कान्हीवाड़ा तहसील सिवनी से साढ़े तीन एकड़ जमीन के बंटवारा करने की एवज में आरोपी पटवारी शुभम राय ने 10 हजार रूपये की मांग की थी तथा बाद में आठ हजार रूपये में कार्य किए जाने की आज पटवारी के बताए अनुसार सहयोगी ग्राम समनापुर के ही निवासी महेश कुमार को आवेदक द्वारा 8 हजार रूपये की राशि दी गयी। इस दौरान पूर्व निर्धारित योजना अनुसार लोकायुक्त ने तहसील कार्यालय सिवनी में ही दोनो आरोपी को आठ हजार की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया।

**हमला** कड़ाके की ठंढ के बीच भी रूसी सेना का चौतरफा हमला जारी

# यूक्रेन के पूर्व और दक्षिण में मुश्किल हालात

- रूसी सेना एफपीवी ड्रोन दाग रही है
- हर मोर्चे पर यूक्रेन पर हमला हुआ है
- अलग अलग मिसाइल दागे जा रहे हैं



राष्ट्रीय खबर

**कियेब**: यूक्रेन के पूर्व और दक्षिण में परिचालन की स्थिति कठिन बनी हुई है: रूसी सेना सक्रिय रूप से सामरिक विमान और एफपीवी ड्रोन का उपयोग कर रही है, बख्तरबंद वाहनों के समर्थन से हमले की कार्रवाई कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दिनों अग्रिम पंक्ति पर 64 युद्ध झड़पें हुई हैं। कुल मिलाकर, रूसियों ने एक मिसाइल हमला और 29 हवाई हमले किए, यूक्रेनी सैनिकों और आबादी वाले क्षेत्रों की स्थिति पर 17 बार मल्टीपल-लॉन्च रॉकेट सिस्टम से गोलीबारी की। दुर्भाग्य से, रूसी हमलों के परिणामस्वरूप नागरिक हताहत और घायल हुए हैं। निजी आवासीय और अपार्टमेंट इमारतों के साथ-साथ अन्य नागरिक बुनियादी ढांचे को नष्ट और क्षतिग्रस्त कर दिया गया। वॉलिन और पोलिसिया मोर्चों पर परिचालन स्थिति अपरिवर्तित रही। आक्रामक समूहों के गठन का कोई संकेत नहीं मिला। बेलारूसी सशस्त्र बलों की नामित इकाइयाँ यूक्रेन की सीमा से लगे क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं। सिवेर्शचिना और स्लोबोझानशिना मोर्चों पर, रूसी सीमावर्ती क्षेत्रों में अपनी सैन्य उपस्थिति बनाए रख रहे हैं, कमजोर क्षेत्रों में यूक्रेनी सैनिकों के स्थानांतरण को रोकने के लिए तीव्र तोड़फोड़ की गतिविधियां कर रहे हैं और बेलगोरोड ओब्लास्ट में राज्य की सीमा के साथ खदान क्षेत्रों का घनत्व बढ़ा रहे हैं। रूसियों ने खार्किव ओब्लास्ट में वेसेले के पास हवाई हमला भी किया। लगभग 25 बस्तियाँ रूसी तोपखाने और मोर्टार आग की चपेट में आ गईं। कुपियांस्क मोर्चे पर, रक्षा बलों ने खार्किव ओब्लास्ट में सिंकिव्का के पास चार रूसी हमलों को विफल कर दिया, जहां रूसी अपनी सामरिक स्थिति में सुधार करने में विफल रहे। रूसियों ने पेट्रोपावलिव्का, इवानिव्का, तबाइवका, पिशचेन और बेरेस्टोव (खार्किव ओब्लास्ट) के पास भी हवाई हमले किए। लगभग दस बस्तियाँ तोपखाने और मोर्टार की आग की चपेट में आ गईं। लाइमैन मोर्चे पर, यूक्रेनी रक्षकों ने टर्नी और वेसेले (डोनेट्स्क ओब्लास्ट) के पास चार रूसी हमलों को विफल कर दिया। रूसियों ने डोनेट्स्क ओब्लास्ट में नोव के पास हवाई हमला भी किया। दस से अधिक बस्तियाँ रूसी तोपखाने और मोर्टार हमलों से पीड़ित हुईं। बखमुत मोर्चे पर, यूक्रेनी रक्षा बलों ने क्लिशचिव्का और एंड्रीव्का (डोनेट्स्क ओब्लास्ट) के पास तीन रूसी हमलों को विफल कर दिया। दस से अधिक बस्तियाँ तोपखाने और मोर्टार की आग की चपेट में आ गईं।

अवदीवका मोर्चे पर, यूक्रेनी रक्षकों ने नोवोबखमुतिवका, अवदीवका, सिवेर्न के पास दस रूसी हमलों को विफल कर दिया और पेरवोमाइस्के और नेवेल्स्के (डोनेट्स्क ओब्लास्ट) के पास 11 और हमले किए, जहां विमानन द्वारा समर्थित रूसी अपनी सामरिक स्थिति में सुधार नहीं कर सके। रूसियों ने डोनेट्स्क ओब्लास्ट में ओलेक्सांद्रोपिल के पास भी हवाई हमला किया। लगभग 15 बस्तियाँ रूसी तोपखाने और मोर्टार आग की चपेट में आ गईं। मारिंका मोर्चे पर, यूक्रेनी रक्षा बलों ने हेरहिव्का, पोबीडा और नोवोमीखाइलिव्का (डोनेट्स्क ओब्लास्ट) के पास रूसियों को रोकना जारी रखा है, जहां रूसियों ने, विमानन के समर्थन से, 14 बार हमारे सैनिकों की सुरक्षा को तोड़ने की असफल कोशिश की। हेओरहिव्का, पोबीडा, नोवोमीखाइलिव्का और पारस्कोविव्का (डोनेट्स्क ओब्लास्ट) तोपखाने और मोर्टार की आग की चपेट में आ गए। शेखटार्स्क मोर्चे पर, यूक्रेनी रक्षा बलों ने डोनेट्स्क ओब्लास्ट में स्टारोमायोर्स्के के पास एक रूसी हमले को विफल कर दिया। दस से अधिक बस्तियाँ तोपखाने और मोर्टार की आग की चपेट में आ गईं।

जापोरीज़िया मोर्चे पर, रूसियों ने कोई आक्रामक (हमला) कार्रवाई नहीं की। 15 से अधिक बस्तियाँ तोपखाने और मोर्टार की आग की चपेट में आ गईं। खेरसॉन मोर्चे पर, वेसेले, कोजत्स्के, इवानिव्का, निप्रोव्स्के, स्टानिस्लाव और खेरसॉन ओब्लास्ट के ओब्लास्ट केंद्र, साथ ही मायकोलाइव ओब्लास्ट में सोलोनचाकी और यासेल्का, रूसी तोपखाने की आग की चपेट में आ गए। जनरल स्टाफ के अनुसार, महत्वपूर्ण नुकसान के बावजूद, रूसियों ने यूक्रेनी इकाइयों को उनके पदों से हटाने के अपने प्रयासों को नहीं छोड़ा।

## आम चुनाव से पहले तेलंगाना को बदलने में केसीआर का अहम योगदान:केसीआर

राष्ट्रीय खबर

**हैदराबाद** : भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामाराव (केटीआर) ने पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) के नेतृत्व में परिवर्तनकारी दशक पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तेलंगाना को तबाही से विकास की ओर ले जाने में उनका (केसीआर का) अहम योगदान रहा। श्री रामाराव ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी बैठक के दौरान बुधवार को तेलंगाना भवन में वारंगल लोकसभा क्षेत्र के पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए इस आशय का दावा किया। उन्होंने तेलंगाना को तबाही से विकास की ओर ले जाने के लिए बीआरएस प्रमुख राव को श्रेय दिया। बैठक के दौरान श्री रामाराव ने ग्रामीण आर्थिक सहायता के लिए श्री केसीआर के अद्वितीय समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि श्री केसीआर का 99 प्रतिशत समय तेलंगाना के तेज विकास के लिए शासन को समर्पित था। उन्होंने पार्टी को मजबूत करने के निरंतर प्रयासों के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की और आगामी चुनावों से पहले जनता का समर्थन हासिल करने में पार्टी के विश्वास की पुष्टि की। श्री रामाराव ने वारंगल के महत्व पर जोर दिया, इसे जयशंकर सर का जन्मस्थान बताया और वारंगल में एक बार फिर गुलाबी झंडा फहराने का पार्टी का लक्ष्य व्यक्त किया। आठवीं संसदीय सीट की तैयारी बैठक में पार्टी को मजबूत करने के लिए सुझाव जुटाने, खामियों की समीक्षा करने और संसदीय चुनाव की तैयारी पर ध्यान केंद्रित किया गया। पार्टी सदस्यों से आगामी संसद चुनावों पर ध्यान केंद्रित करने और जीत की दिशा में काम करने का आग्रह करते हुए श्री रामाराव ने कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह को स्वीकार किया तथा उसी समर्पण के साथ कड़ी मेहनत को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता को कांग्रेस के वादों के बारे में याद



दिलाने का आग्रह किया और राजनीतिक कारणों से कल्याणकारी योजनाओं को रद्द करने के लिए पार्टी की आलोचना की। श्री रामाराव ने लाभकारी योजनाओं को रद्द करने पर असंतोष व्यक्त करते हुए कांग्रेस सरकार की नीतियों के बारे में भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने गरीबों की आवाज सुनने के महत्व पर जोर दिया और अपने वादों से पीछे हटने के प्रयास के लिए कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने गरीबों पर केंद्र सरकार की नीतियों के हानिकारक प्रभाव पर ध्यान देने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

## चार जातियों के सशक्तिकरण के लिए संकल्पित है प्रदेश सरकार : यादव

राष्ट्रीय खबर

**भोपाल**: मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिन चार जातियों, महिला, किसान, युवा और गरीब के उत्थान पर बल दिया है, उनके सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। डॉ यादव यहां महिला सशक्तिकरण एवं युवा ऊर्जा पर केंद्रित 'मकर संक्रांति उत्सव' को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' अंतर्गत पात्र 1.29 करोड़ महिलाओं को एक हजार 576 करोड़ रुपए की राशि का अंतरण एवं 56 लाख से अधिक हितग्राहियों को पेंशन एवं आर्थिक सहायता राशि का अंतरण किया गया। उन्होंने इस कार्यक्रम की शुरुआत कन्या पूजन के साथ की। समारोह में डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने महिला, किसान, युवा और गरीब, इन चार जातियों के उत्थान पर बल दिया है। मध्यप्रदेश सरकार इन सभी के सशक्तिकरण के लिए संकल्पित



है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति खुली किताब की तरह है। यह दुनिया और मनुष्यता को समझने का मौका देती है है। हमारे सभी व्रत, त्यौहार, पर्व और उत्सव, उत्साह और उमंग के साथ हमारे सभी गुणों को दुनिया के सामने एक अलग रूप में लाते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि संस्कृति के सभी पर्व मध्यप्रदेश में आनंद और उत्साह के साथ मनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा भारत एक ऐसा देश है, जहाँ नारियों को सदैव पूजा गया है।

## वर्ष 2027-28 में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था: सीतारमण

राष्ट्रीय खबर

**गांधीनगर** : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में सक्षम है और वित्त वर्ष 2027-28 तक भारतीय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पांच लाख करोड़ डॉलर को पार कर जाएगी। वित्त मंत्री ने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में विकसित गुजरात रोडमैप 2047 के लॉन्च के मौके पर कहा, ''भारत के लोगों ने कोविड के बाद की चुनौतियों का सामना किया और लचीलापन बनाया।'' वित्त मंत्री ने कहा कि 2014 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के सत्ता में आने के बाद केंद्र और राज्यों के बीच संबंध लेन-देन के बजाय साझेदारी के हो गए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र विकास को एक साझेदारी के रूप में देख रहा है जहां राज्यों की ताकत का लाभ उठाया जाता है। उन्होंने कहा, ''यह भागीदारी दृष्टिकोण हमें 2047 तक एक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य देता है और सरकार की महत्वाकांक्षी विकासशील भारत योजना के तहत भारत का लक्ष्य 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की विकसित अर्थव्यवस्था बनना है।'' वर्ष 2047 तक भारतीय अर्थव्यवस्था के 30 लाख करोड़ डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है।'' श्री सीतारमण ने कहा, ''2014 से मोदी सरकार को



दृष्टिकोण सहकारी और प्रतिस्पर्धी संघवाद के साथ-साथ सहयोगात्मक संघवाद का रहा है। विकसित भारत के विकास के लिए राज्य एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।''

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में दिखेगी रामोत्सव की छटा

राष्ट्रीय खबर

**गोरखपुर**:आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्रीरामोत्सव की छटा गुरुवार यानी 11 जनवरी से होने जा रहे गोरखपुर महोत्सव की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भी दिखेगी। मंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अधिकांश प्रस्तुतियां भगवान श्रीराम पर केंद्रित नजर आएंगी। महोत्सव का उद्घाटन कल गुरुवार को प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह करेंगे जबकि शनिवार को इसके औपचारिक समापन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे। गोरखपुर के सांसद और मशहूर सिने स्टार रविकिशन शुक्ल का कहना है कि गोरखपुर महोत्सव का आयोजन




भी इसी राममय समय में हो रहा है। ऐसे में चंपा देवी पार्क मैदान में हो रहा यह महोत्सव ज्ञान, मनोरंजन के साथ रामोत्सव के रंग में भी सराबोर होने जा रहा है। महोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के इतिहास पर केंद्रित प्रदर्शनी लगाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं।

**संग्राम** फिलिस्तीनी और इजरायली के अलावा हिजबुल्लाह के सदस्य भी मारे गये

# गाजा पट्टी और आस पास के इलाकों में युद्ध जारी

- युद्ध में 126 फिलिस्तीनी मारे जाने का दावा
- इजरायल ने कहा उसके नौ सैनिक मारे गये
- अनेक लोग हमले में विकलांग हो चुके हैं

राष्ट्रीय खबर

**गाजा**: गाजा पट्टी में 126 फिलिस्तीनी और नौ इजरायली सैनिक मारे गए हैं, जबकि चार हिजबुल्लाह सदस्य भी मारे गए हैं क्योंकि मध्य पूर्व में युद्ध के कारण मंगलवार को विदेशी राजनयिकों की यात्रा प्रभावित हुई। गाजा में हमास-नियंत्रित स्वास्थ्य प्राधिकरण ने कहा कि पिछले 24 घंटों के भीतर गाजा पट्टी में 241 लोग घायल भी हुए हैं। प्राधिकरण ने कहा कि युद्ध शुरू होने के बाद से मारे गए फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 23,210 हो गई है,



जबकि तीन महीने के हमले में 59,167 लोग घायल हुए हैं। आंकड़ों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है। फिलिस्तीनी क्षेत्रों के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि, रिक पीपरकोर्न ने संवाददाताओं से कहा, मैंने अपने जीवन में इतने सारे विकलांग लोग, यहां तक कि बच्चे भी, कभी नहीं देखे हैं। उन्होंने कहा कि सामान्य परिस्थितियों में अंगों को बचाया जा सकता है। इस्लामवादी हमास और अन्य चरमपंथी समूहों के आतंकवादियों ने 7 अक्टूबर को इजराइल में 1,200 से अधिक लोगों की हत्या कर दी और लगभग 240 लोगों का अपहरण कर लिया। तब से, यहूदी राज्य सीलबंद तटीय क्षेत्र पर भारी हवाई हमले कर रहा है और बड़े पैमाने पर जमीनी हमले भी कर रहा है।

## न्यूज फटाफट

**आईसीआरसी ने गाजा में कर्मचारियों की सुरक्षा का किया आग्रह**

**गाजा** : रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति (आईसीआरसी) ने गाजा पट्टी में लगातार इजरायली हमलों का सामना कर रहे कर्मचारियों की सुरक्षा और चिकित्सा सुविधाओं के लिए आग्रह किया है। आईसीआरसी ने एक बयान में कहा कि गाजा में पूरी चिकित्सा प्रणाली इजरायली हमलों से प्रभावित हुई है। इस हमले में चिकित्सा पेशेवर को मार दिया गया और कई लोगों को बंधक बना लिया गया। गाजा में आईसीआरसी उप-प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख विलियम स्कोम्बर्ग ने कहा कि एन्क्लेव में उपकरणों और आवश्यक आपूर्ति की कमी के कारण अस्पताल पूरी तरह से बंद हो गए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं और कर्मचारियों का सम्मान करने की आवश्यकता पर जोर दिया और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत उनकी रक्षा करने का आ''ान किया, ताकि जरुरतमंद लोगों को जीवन रक्षक उपचार प्रदान किया जा सके। गाजा स्थित सरकारी मीडिया कार्यालय के अनुसार पिछले साल सात अक्टूबर से एन्क्लेव पर इजरायली हमलों में 326 चिकित्सा कर्मी और 45 नागरिक सुरक्षा सदस्य मारे गए हैं।

**अमेरिकी बलों ने हाउती विद्रोहियों के ड्रोन को नष्ट किया**

**वाशिंगटन** : अमेरिका और उसके गठबंधन बलों ने यमन के दक्षिणी लाल सागर में हाउती विद्रोहियों की ओर से छोड़े गये ड्रोन और तीन मिसाइलों को नष्ट कर दिया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि नौ जनवरी को स्थानीय समयानुसार रात करीब 09:15 बजे ईरान समर्थित हाउती विद्रोहियों ने यमन के दक्षिणी लाल सागर में ईरानी डिज़ाइन यूएवी (ओडब्ल्यूए यूएवी) ड्रोन और एंटी-शिप क्रूज़ तथा एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। यह हमला उस वक्त किया गया था जब कई व्यापारिक जहाज पारगमन कर रहे थे। सेंटकॉम के अनुसार अमेरिकी और ब्रिटेन के यूएसएस ड्वाइट डी. आइजनहावर विमान वाहक और अमेरिकी एफ-18 लड़ाकू जेट के संयुक्त प्रयास से 18 ड्रोन और तीन मिसाइलों को नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया कि हाउती समूह ने 19 नवंबर से अब तक लाल सागर में वाणिज्यिक शिपिंग लेन पर 26 हमले किए हैं। अमेरिका और उसके सहयोगियों ने पिछले सप्ताह हाउती को चेतावनी दी थी कि यदि क्षेत्र में हमले जारी रहे तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

**मध्य सीरिया में सैन्य बस पर "आतंकवादी हमले" में 9 की मौत**

**दमिश्क** : सीरिया में सैनिकों को ले जा रही एक सैन्य बस मंगलवार को होम्स प्रांत के प्राचीन शहर पलमायरा के पास रेगिस्तान में एक विस्फोटक उपकरण की चपेट में आ गई, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने हमले के लिए ''आतंकवादियों'' को जिम्मेदार ठहराते हुए स्पष्ट किया कि मरने वालों में आठ सैनिक और एक नागरिक शामिल है। पहले की रिपोर्ट में ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर 'ूमन राइट्स ने कहा था कि बस को इस्लामिक स्टेट (आईएस) के आतंकवादियों ने निशाना बनाया है। इसमें कहा गया है कि होम्स प्रांत के सुदूर ग्रामीण इलाके में विशाल रेगिस्तानी क्षेत्र में टी-3 तेल स्टेशन के पास हमले में 14 सैनिक मारे गए और 19 अन्य घायल हो गए, घायलों को पलमायरा के तदमूर अस्पताल ले जाया गया। ऑब्जर्वेटरी ने कहा कि सीरिया के रेगिस्तान में सरकारी नियंत्रण वाले क्षेत्रों में 2024 की शुरुआत से आईएस के हमलों में वृद्धि देखी गई है। इससे पहले मंगलवार को खबर आई थी कि उत्तरी प्रांत रक्का के अथराया रेगिस्तान में आईएस के हमले में एक सीरियाई सैन्य अधिकारी और एक सरकार समर्थक लड़ाके की मौत हो गई। स्थानीय रेडियो चैनल शाम एफएम के अनुसार, 5 जनवरी को होम्स के पूर्व रेगिस्तान में आईएस के एक अन्य हमले में दो सीरियाई सैन्यकर्मी मारे गए। आईएस समूह ने सीरिया में अपना अधिकांश क्षेत्र खो दिया है, लेकिन उसके लड़ाकों ने देश के विशाल रेगिस्तानी क्षेत्र में हमले जारी रखे हैं।

**उत्तर ईरान में कारखाने में विस्फोट में 53 लोग घायल**

**तेहरान** : उत्तरी ईरान में मंगलवार को एक सौंदर्य प्रसाधन फैक्ट्री में विस्फोट और उसके परिणामस्वरूप आग लगने से 53 लोग घायल हो गए साथ ही फैक्ट्री की इमारत और उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए। अर्ध-आधिकारिक समाचार एजेंसी ' फ़ार्स' ने यह जानकारी दी। फ़ार्स ने काउंटी के अग्निशमन विभाग के प्रमुख होसैन अशौरी के हवाले से बताया कि कॉस्मेटिक स्प्रे भरने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले गैस सिलेंडर के विस्फोट से अल्बोर्ज़ प्रांत के फ़ार्डिस काउंटी में सिमिन दाश्त औद्योगिक पार्क में कारखाने में आग लग गई। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने प्रांतीय चिकित्सा आपातकालीन संगठन के प्रमुख अहमद महदवी के हवाले से कहा कि कुछ गंभीर घायलों सहित सभी घायल लोगों को अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। अशौरी के अनुसार, आग स्थानीय समयानुसार 15:00 बजे लगी और नौ दमकल गाड़ियों के साथ 25 अग्निशामकों ने उस पर काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि घटना में किसी की मौत नहीं हुई है।आठ लाख की आबादी वाला फ़ार्डिस काउंटी प्रांतीय राजधानी, करज के दक्षिण-पूर्व में स्थित है।

**ब्लिंकन ने इजरायली अधिकारियों के साथ गाजा संघर्ष पर की चर्चा**

**जेरूसलम** :अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने मंगलवार को तेल अवीव में इजरायली अधिकारियों के साथ इजरायल-हमास के बीच चल रहे संघर्ष पर चर्चा की और इजरायली पक्ष से गाजा में नागरिकों की रक्षा करने का आग्रह किया। पिछले साल अक्टूबर में इज़राइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से ब्लिंकन की यह इज़राइल की चौथी यात्रा है। फिलिस्तीनी क्षेत्र में मरने वालों की संख्या 23,000 से अधिक होने के कारण अंतर्राष्ट्रीय समुदाय गाजा में इजरायली हमलों के बारे में चिंतित है। इस गंभीर मानवीय संकट के बीच लगभग 20लाख लोग विस्थापित हुए हैं। ब्लिंकन के कार्यालय की ओर जारी एक बयान के अनुसार इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ अपनी बैठक में ब्लिंकन ने ''आगे नागरिक क्षति से बचने और गाजा में नागरिक बुनियादी ढांचे की रक्षा करने के महत्व'' पर जोर दिया। उन्होंने सात अक्टूबर जैसे हमले रोकने के इजरायल के अधिकार को भी दोहराया।

## आज का इतिहास

- 1787 : जर्मन में जन्मे ब्रिटिश खगोलशास्त्री विलियम हर्शल ने दो यूरेनियन चंद्रमाओं की खोज की, जिनका नाम बाद में उनके बेटे ओबेरॉन और टाइटेनिया ने रखा।
- 1787 : विलियम हर्शल ने तीतनिया और ओबर्नोन, यूरेनस के दो चंद्रमाओं का पता लगाया।
- 1805 :संयुक्त राज्य अमेरिका में मिशिगन राजधानी बनाई गई।
- 1830 :लाग्रेंज कॉलेज (अब उत्तरी अलबामा विश्वविद्यालय) ने ऑपरेशन शुरू किया, अलबामा में पहला सार्वजनिक रूप से चार्टर्ड कॉलेज बना।
- 1842 :मशहूर अमरीकी विचारक व दार्शनिक विलियम जेम्ज़ का न्यूयॉर्क में जन्म हुआ।
- 1849 :एलिजाबेथ ब्लैकवेल अमेरिका में चिकित्सा डिग्री की हासिल करने वाली पहली महिला बनीं।
- 1861 :अमेरिकी नागरिक युद्धः अलबामा संयुक्त राष्ट्र संघ से अलग हुआ।
- 1864 :चेरिंग क्रॉस स्टेशन लंदन में खोला गया।
- 1865 :वेस्ट वर्जीनिया के बेवर्ली की लड़ाई में संघीय सेना ने संघ पद पर हमला कर दिया।
- 1866 :इंग्लैंड में तूफान की चपेट में आकर 'स्टीमर लंदन' के डूबने से 220 लोगों की मौत हुई।
- 1867 :बेनिटो जुआरेज फिर मैक्सिकन राष्ट्रपति बनाये गए।
- 1879 :एंग्लो और ज़ुलु युद्ध का आरम्भ हुआ।
- 1879 :लॉर्ड चेम्सफ़ोर्ड के अधीन ब्रिटिश सेनाओं ने ब्रिटिश सरकार से प्राधिकरण के बिना ज़ुगुलैंड पर आक्रमण किया, जो एंग्लो-ज़ुलु युद्ध की शुरुआत कर रहा था।
- 1889 :फ्रांस के रसायनशास्त्री मिशल यूजीन शेवरल का निधन हुआ। उन्होंने एक प्रकार की मोमबत्ती का अविष्कार किया जिसे चूने की मोमबत्ती कहा जाता है।
- 1892 :हवाई ऐतिहासिक सोसायटी की स्थापना की गयी।
- 1986 :ब्रिस्बेन, ऑस्ट्रेलिया में गेटवे ब्रिज, उस समय दुनिया में सबसे लंबे समय तक चलने वाले कंक्रीट मुक्त-कैंटिलीवर पुल को खोला गया था।

## तुपुदाना इलाके में गोली चली

रांचीः राजधानी के तुपुदाना इलाके में जमीन विवाद में गोली चली है। गनीमत यह रही कि इस गोलीबारी में किसी को गोली नहीं लगी है। यह फायरिंग जमीन के लफड़े में कालू नाम के शख्स के घर पर हुई। उसका घर रांची के तुपुदाना इलाके में है। खबर मिलते ही तुपुदाना पुलिस तुरंत स्पॉट पर पहुंची।

अभियान

### सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ महाअभियान की सफलता के लिए

# जिला ब्लॉक एवं संकुल स्तर पर नोडल पदाधिकारी नियुक्त

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः**स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य में शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित अनूठी पहल 'सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ' के व्यापक एवं सकारात्मक परिणाम को देखते हुए दिनांक 11 जनवरी, 2024 को प्रातः सभी जिलों में स्कूल आते हुए बच्चों की सीटी बजाती हुई तस्वीर या वीडियो #रींइइंनंङ्ग को टैग करते हुए पोस्ट किया जाएगा। इस सोशल मीडिया महाअभियान में राज्य के प्रत्येक जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी, संकुल साधन सेवी, शिक्षक, छात्र छात्राये, अभिभावक आदि अनिवार्य रूप से भाग लेंगे। इस महाअभियान में समाज के प्रबुद्धजन, मुखिया, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, नागरिको एवं जनप्रतिनिधियों को भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इनके अलावा सरस्वती वाहिनी के सदस्य एवं माता समिति के सदस्य भी इसमें शामिल होंगे।

स्कूलों में पर्याप्त सीटी हो उपलब्ध

उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ सोशल मीडिया महाअभियान को देखते हुए स्कूलों को पर्याप्त सीटी रखने का निर्देश दिया गया है। जिन विद्यालयों ने अबतक सीटी का क्रय नहीं किया है, उन्हें तत्काल इसका क्रय कर लेने का निर्देश दिया गया है।

नोडल पदाधिकारी नियुक्त

सोशल मीडिया महाअभियान की सफलता के लिए जिला, ब्लॉक एवं संकुल स्तर पर नोडल पदाधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। जिलास्तर पर एडीपीओ, ब्लॉक स्तर पर बीपीओ और संकुल स्तर पर सीआरपी को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। इस कार्यक्रम को प्रयास, एसएमसी, रुआर और पीटीएम से भी जोड़ा जाएगा।

# नितेश लोहरा की मौत पर थाना और लालपुर चौक जाम



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** पुलिस हिरासत में मारे गये नितेश लोहरा की मौत के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों को सजा देने की मांग पर आज काफी देर तक लालपुर में हजारीबाग रोड पर अफरातफरी का माहौल रहा। उस युवक के परिजनों और परिचितों ने इस मौत पर पहले लालपुर थाना का घेराव किया। उसके बाद सभी लोग लालपुर चौक पर पहुंचे गये और वहां सड़क जाम कर दिया। बता दें कि गत छह जनवरी को उत्पाद विभाग द्वारा नितेश लोहरा को गिरफ्तार किया गया था। हिरासत में होने के दौरान ही उसकी मौत हो गयी। जिसकी वजह से अब विवाद बढ़ गया। हाजत में नितेश लोहार फांसी पर लटका मिला। उत्पाद विभाग का कहना है की लोहरा ने आत्महत्या कर ली। उत्पाद विभाग के हिरासत में था और उसके हाजत में फांसी की सामग्री कहां से उपलब्ध हुई, यह बड़ा सवाल बन गया है। परिजनों की शिकायत है कि उसकी हत्या विभाग द्वारा की गई है। इसकी जांच होनी चाहिए और दोषियों पर बड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उत्पाद विभाग का मनमानी जनता जानती है रसूखदार पर कार्रवाई नहीं होती है गरीब छोटे लोगों पर कार्रवाई होती है। गिरफ्तार और लोग थे लेकिन दारू बेचने वाले को छोड़ दिया गया। पैसे का लेनदेन करके लगता है। दारु पीने वाले नितेश लोहरा को पैसा ना देने पर मार दिया गया। मरने के बाद चुपचाप उसकी लाश को सदर अस्पताल पहुंचा दिया गया। जिस वक्त नितेश लोहरा को सदर अस्पताल लाया गया, वहां ड्यूटी डॉक्टर के तौर पर डॉक्टर लक्ष्मीकांत साय तैनात थे। परिजन इस बात को लेकर विरोध कर रहे थे कि उन्हें जो जानकारी मिली है और डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ जो बता रहे हैं, दोनों विरोधाभासी हैं। लालपुर चौक जाम होने की सूचना पर सिटी एसपी भी घटनास्थल पर पहुंचे। इस बीच उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने रविवार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये. इसके साथ ही नितेश की मौत की रिपोर्ट राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को भेज दिया गया।

# अपहरण मामला में दो आरोपी गिरफ्तार



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः**राजधानी रांची के बरियातू थाना पुलिस ने नाबालिग छात्रा के अपहरण का खुलासा कर लिया है। वहीं अपहृत छात्रा को कोलकाता से सकुशल बरामद किया है। वैन का ड्राइवर ही सुनियोजित तरीके से अपहरण की घटना को अंजाम दिया था। घटना में प्रयुक्त ऑटो में स्कूटी का नंबर लगा दिया था। घटना को अंजाम देने से पूर्व कई दिन तक रास्ते की रेकी की गई थी। गिरफ्तार आरोपियों में डोरंडा थाना क्षेत्र के बेलदार टोला निवासी वैन ड्राइवर मो माजिद रजा पिता-मो मुस्ताक रजा और नामकुम थाना क्षेत्र के मौलाना आजाद कॉलोनी रोड नंबर 13 निवासी मो अरबाज अंसारी पिता- मो मुमताज अंसारी का नाम शामिल है।आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त ऑटो (जेएच01ईएफ9494) और मोबाइल पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी माजिद ऑटो से छात्रा का अपहरण कर बुंडू ले गया था जहां उसे अपने परिचित के हवाले कर दिया था। ड्राइवर के परिचित ही अपहृत छात्रा को लेकर कोलकाता पहुंचे थे जहां उसे अपने पास कब्जे में रखे हुए था। फिलहाल गिरफ्तार अपहरणकर्ता से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है और इस कांड में शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। अपहृत छात्रा को बरामद कर रांची लाने के बाद मेडिकल जांच कराकर हटिया स्थित सेल्टर होम भेज दिया गया।बता दें कि बरियातू थाना क्षेत्र स्थित ईदगाह मैदान के समीप से 30 दिसंबर की सुबह छात्रा का अपहरण कर लिया गया था। अपहृत छात्रा की मां ने मामले को लेकर बरियातु थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। परिजनो ने स्कूल वैन ड्राइवर पर अपहरण की आशंका जतायी थी। पुलिस छानबीन के क्रम में ड्राइवर माजिद को थाना बुलाकर पूछताछ की थी। हालांकि माजिद ने अपहरण की घटना में संलिप्तता से इंकार कर दिया। हालांकि पुलिस जब दुबारा माजिद से कड़ाई से पूछताछ किया तो उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया। इसके बाद माजिद के निशानदेही पर अपहृत छात्रा को कोलकाता से बरामद किया गया।

# सेम्बो में बनेगा सीआरएफए का ग्रुप केंद्र, 16-17 को जमीन मालिकों को होगा मुआवजा भुगतान



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** सेम्बो मौजा, रांची में सीआरपीएफ का ग्रुप केंद्र स्थापित किये जाने की तैयारी है। इसके लिए जिला प्रशासन के स्तर से जमीन का अधिग्रहण भी पिछले दिनों किया गया है। अब जिला प्रशासन जमीन मालिकों, रैयतों को इसके लिए मुआवजा भुगतान भी करेगा। इसके लिए जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, रांची के स्तर से सूचना भी जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि 16 और 17 जनवरी को मुआवजा भुगतान के लिए शिविर का आयोजन होगा। पंचायत भवन, बालालोंग में 11.30 बजे से 4 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में सेम्बो मौजा के वैसे जमीन मालिकों को मुआवजा दिया जाएगा जिनकी जमीन ग्रुप केंद्र की स्थापना के लिए अधिगृहित की गई है। शिविर में तीन अमीन और एक लिपिक भी उपस्थित रहेंगे। संबंधित मौजा के भू- धारी मुआवजा भुगतान से संबंधित कागजातों (खतियान, डीड, अद्यतन लगान रसीद, परिचय पत्र की छाया प्रति के साथ शिविर में उपस्थित हों।

# डीएसपीएमयू में कोर्ट मार्शल का सफल मंचन



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः**डीएसपीएमयू डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के प्रेक्षागृह में नाटक कोर्ट मार्शल का सफल मंचन किया गया। जिसका निर्देशन राष्ट्रीय विद्यालय, नई दिल्ली के एलुमनी संजय लाल ने अपनी संस्था एक्स्पोजर के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति के पश्चात डीएसपीएमयू के कुलपति ने बताया कि इस प्रस्तुति में यह दिखाया गया कि आज भी समाज में ऊंच नीच भेदभाव और जातिवाद व्याप्त है और इसी मुद्दे के ऊपर इस नाटक के माध्यम से कडा प्रहार किया गया है।आजादी के इतने साल बीत जाने के बावजूद भी आज भी हम इस व्यवस्था में जीने को मजबूर है। रामचंद्र एक गरीब जवान है जो अनुसूचित जाति से आता है उसे कैप्टन वर्मा और कैप्टन बी डी कपूर हमेशा अपमानित और प्रताड़ित करते हैं। इसी प्रताड़ना से तंग आकर वह इन दोनों अफसरो पर गोली चल देता है। इस हादसे में कैप्टन वर्मा की मौत हो जाती है और कैप्टन कपूर गंभीर रूप से घायल हो जाता है। इसके पश्चात जवान रामचंद्र को गिरफ्तार कर लिया जाता है और फिर शुरू होता है कोर्ट मार्शल। इस ट्रायल के दौरान यह बात उभर कर आती है कि आखिर क्यों रामचंद्र कैप्टन कपूर और कैप्टन वर्मा के खिलाफ शमशीर उठा लेता है और वह इन दोनों अफसरों पर गोली चल देता है। यह जानते हुए की इस अपराध की वजह से उसे फांसी की भी सजा हो सकती है। ऐसी कौन सी मजबूरियां थी कि रामचंद्र ने इन दोनों अफसरो की हत्या करने पर मजबूर हो जाता है।नाटक के अंत में कैप्टन बी डी कपूर अपने आप को गोली मार कर आत्महत्या कर लेता है और रामचंद्र को प्रेसिडिंग ऑफीसर कर्नल सूरत सिंह द्वारा फांसी की सजा देने का निर्णय लिया जाता है।

### डीआरएम से की राजधानी एक्सप्रेस में बासी खाना मिलने की शिकायत

रांची: झारखंड पैसेंजर्स एसोसिएशन के प्रदेश सचिव एवं सदस्य रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति प्रेम कटारूका ने डीआरएम रांची जसमीत सिंह बिंद्रा से मुलाकात की। इस दौरान कटारूका ने रेल सेवा में सुधार और सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हटिया रेलवे स्टेशन पर साधारण टिकट काउन्टरों की संख्या बढ़ाने और प्रवेश द्वार के पास से हटाकर आरक्षण काउन्टर के हॉल में स्थापित करने की मांग की। जिससे यात्रियों को आर्थिक दोहन शोषण से राहत मिले।हटिया-हावड़ा सहित अन्य यात्री गाड़ियों के घंटों विलम्ब से चलने के कारणों का निवारण कर समय पर चलाने की मांग की।राजधानी एक्सप्रेस में यात्रियों को बासी व घटिया खाना दिए जाने के लिए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। रांची रेल मंडल अन्तर्गत सिंगल रेल लाईनों का दोहरीकरण कराने की मांग की है।

# पांच वर्ष में अफीम-डोडा जैसे मादक पदार्थ के 2386 मामले झारखंड में हुए दर्ज



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड पूरे देश में नशे के कारोबार का कॉरिडोर बना हुआ है। झारखंड से होकर अफीम-डोडा जैसे मादक पदार्थ देश के दूसरे हिस्सों खास कर पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश होते हुए दिल्ली-मुंबई तक पहुंच रहा है। अफीम की खेती और इसकी तस्करी को लेकर झारखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र हमेशा से बदनाम रहे हैं। रांची, खूंटी, चतरा, हजारीबाग, लातेहार जिले में सबसे अधिक अफीम की खेती के सबूत मिलते रहे हैं। हाल ही में पूरे राज्य में दर्ज एनडीपीएस एक्ट (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट) से जुड़े मामले की सीआईडी में समीक्षा की गई थी। पांच वर्ष तक के मामले में की गई समीक्षा में इस बात का पता चला है कि राजधानी रांची के लोअर बाजार, नामकुम, सुखदेवनगर समेत राज्य के दो दर्जन थानों में 20 से अधिक मामले दर्ज किये गये हैं। वहीं इन पांच वर्ष 2019 से 2023 तक राज्य में एनडीपीएस एक्ट के तहत 2386 मामले दर्ज किये गये। इनमें सबसे अधिक राजधानी रांची के लोअर बाजार थाना में 29, नामकुम थाना में 24, सुखदेवनगर थाना में 42, हजारीबाग जिले के सदर थाना में 21, कटकमसांडी थाना में 41, चौपारण थाना में 36, खूंटी जिले के खूंटी थाना में 35, सायको थाना में 36, अड़की थाना में 47, मुरहू थाना में 42, मारंगदाहा थाना में 62 चतरा जिले के सदर थाना में 118, कुंदा थाना में 84, लावालौंग थाना में 73, वशिष्ठनगर थाना में 61, राजपुर थाना में 34, प्रतापपुर थाना में 41, हंटरगंज थाना में 25, गिद्धौर थाना में 23 लातेहार जिले के बालूमाथ थाना में 28, जमशेदपुर जिले के मानगो थाना में 47, सीतारामडेरा थाना में 46, सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना में 61, गुमला जिले के गुमला थाना में 71 मामले बीते पांच वर्ष में दर्ज किये गये हैं।

